विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 72 ▸ अंक 210 ▸ पृष्ठ 12

रीवा, सोमवार 28 अप्रैल, 2025

वैशाख शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत् 2082

नगर ▸ मूल्य 5 रुपए


जीवन एक बड़ी सड़क है, जिसमें कई संकेत होते हैं। इसलिए जब आप खड्डों से गुजर रहे हों, तो अपने दिमाग को जटिल न बनाएं। नफरत, शरारत और ईर्ष्या से दूर रहें।

– बॉब मार्ले

# प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के डीए में पांच प्रतिशत का इजाफा

## अब 55 फीसदी हुआ महंगाई भत्ता, सीएम की घोषणा- पांच समान किस्तों में किया जाएगा एरियर का भुगतान


**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के कर्मचारियों के लिए रविवार का दिन तोहफा लेकर आया। सरकार ने उनका मंहगाई भत्ता 5 प्रतिशत बढ़ाते हुए 55 प्रतिशत कर दिया। यह घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के कार्यक्रम में की। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के सभी वर्गों के प्रमोशन भी जल्द किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी कर्मचारियों के लिए 2024 से 3 प्रतिशत और 1 जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत मंहगाई भत्ते की अतिरिक्त किस्त मंजूर की गई है। अब कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता केन्द्रीय कर्मचारियों के समान 55 प्रतिशत हो गया है। एरियर की राशि का भुगतान 5 समान किस्तों में जून 2025 से अक्टूबर 2025 तक कर दिया जाएगा। इस घोषणा से सरकार पर 175 करोड़ का अतिरिक्त भार आएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2016 से अधिकारी-कर्मचारियों को प्रमोशन नहीं मिल पा रहे है। इसके कई कारण हैं। हमने इन कारणों को दूर करने की दिशा में काम किया है और मंत्रिमण्डल की ओर से समिति बनाई है, जो अधिकारियों के सभी वर्गों से बात कर बीच का रास्ता निकालने की कोशिश में लगी हुई है। बाबा महाकाल के आशीर्वाद से जल्द ही मामले को सुलझा लिया जाएगा और हम इसकी केवल घोषणा ही नहीं करेंगे, उसे अमलीजामा भी पहनाएंगे।

### 7.50 लाख कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

केन्द्र की मोदी सरकार केन्द्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों की महंगाई राहत में 2 प्रतिशत की वृद्धि कर चुकी है, जिसके बाद जनवरी 2025 से डीए 53 से बढ़कर 55 प्रतिशत हो गया है। केन्द्र के इस कदम के बाद कई राज्यों की सरकारों ने भी अपने कर्मचारियों का डीए बढ़ा दिया। इनमें उत्तरप्रदेश राजस्थान, उड़ीसा, असम, हरियाणा, गुजरात शामिल हैं। अब केन्द्र सरकार के समान अपने कर्मचारियों को डीए देने वालों राज्यों की सूची में मध्यप्रदेश भी शामिल हो गया है। इस तरह अक्षय तृतीया से पहले राज्य के 7.50 लाख अधिकारी-कर्मचारियों को सरकार ने यह तोहफा दिया है। हालांकि अब तक इस संबंध में आदेश जारी नहीं हुआ है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि वित्त विभाग जल्द ही आदेश जारी कर देगा।




### पिछली बार नवम्बर में 4 प्रतिशत बढ़ा था डीए


पिछली साल सरकार ने नवंबर में 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया था, जिससे तब 46 से बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया था। नई दरें जनवरी 2024 से लागू की गई थीं, ऐसे में जुलाई 2024 और जनवरी 2025 की डीए की 2 किस्तें बाकी थीं। इसे देखते हुए सीएम ने दोनों किस्तों को मिलाकर 5 प्रतिशत डीए बढ़ाने की घोषणा की है। हाल ही में अधिकारियों का डीए जनवरी 2025 से 55 प्रतिशत किया था, बढ़ा हुआ एरियर मई में दिया जाएगा। कर्मचारियों का डीए 21 मार्च 2022 को 11 प्रतिशत बढ़ाकर 20 से 31 प्रतिशत किया था। उसी साल 22 अगस्त 2022 को 3 प्रतिशत की, फिर 27 जनवरी 2023 और 19 जुलाई 2023 को 4-4 प्रतिशत डीए बढ़ाया और यह 42 प्रतिशत तक पहुंचा। 14 मार्च 2024 और 28 अक्टूबर 2024 को फिर 4 प्रतिशत डीए बढ़ाया। तब यह 50 प्रतिशत हो गया था।

### 775 से 7500 रुपए तक बढ़ेगा वेतन

जानकारों की मानें तो 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ने के बाद कर्मचारियों के वेतन में 775 से लेकर 7500 रुपए तक का इजाफा होगा। इससे कार्यरत कर्मचारियों की तो मांग पूरी हो गई, लेकिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए इस घोषणा में शामिल नहीं किया गया, जिससे पेंशनरों में उदासी छाई हुई है। उनके संगठनों ने भी सीएम से पिछली तारीख से 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाए जाने की मांग की है। सरकार ने इस पर कोई निर्णय नहीं लिया है।

## ऑफ बीट

### टाइटैनिक सर्वाइवर का पत्र 3 करोड़ में नीलाम



*15 अप्रैल, 1912 की काली तारीख को याद करके आज भी रूह कांप जाती है। इस दिन विशालकाय टाइटैनिक जहाज डूबा था और उसमें सवार 1,496 लोगों की मौत हो गई थी। अब टाइटैनिक हादसे में बचने वाले एक व्यक्ति का पत्र नीलाम हुआ है, जिसकी कीमत तीन करोड़ से ज्यादा मिली। यह पत्र प्रथम श्रेणी के यात्री कर्नल आर्चीबाल्ड ग्रेसी का है, जिन्होनें इसमें टाइटैनिक की त्रासदी का वर्णन किया है। पत्र पर 10 अप्रैल, 1912 की तारीख लिखी हुई है, जिस दिन वह जहाज पर चढ़े थे। ग्रेसी ने पत्र टाइटैनिक के केबिन सी51 से लिखा था। यह पत्र 11 अप्रैल, 1912 को आयरलैंड के क्वीन्सटाउन में जहाज के रोके जाने पर पोस्ट किया गया था। इस पत्र की नीलामी का आयोजन रविवार को इंग्लैंड स्थित विल्टशायर के हेनरी एल्ड्रिज एंड सन नामक नीलामीघर ने किया गया। इसे एक अज्ञात व्यक्ति ने तय कीमत से पांच गुनी में खरीदा है।*

### आईपीएल में आज

गुजरात बनाम राजस्थान

समय : शाम 7.30 बजे से

प्रसारणः स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

परिणामः मुंबई ने लखनऊ को 54 रन से हराया।

## संक्षिप्त खबरें

### मुंबईः ईडी दफ्तर में आग लगी, कई दस्तावेज खाक



**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई में स्थित ईडी दफ्तर में रविवार तड़के भीषण आग लग गई। यह ऑफिस दक्षिण मुंबई के बेलार्ड एस्टेट इलाके में स्थित कैसर-ए-हिंद इमारत में है। फायर ब्रिगेड की दस से ज्यादा गाड़ियों ने सात घंटे में आग पर काबू पाया। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इसका आकलन किया जा रहा है कि इस अग्निकांड से कितना नुकसान हुआ। इसी दफ्तर में कई बड़े राजनेताओं और व्यापारियों के ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### सपा सांसद सुमन के काफिले पर हमला



**बुलंदशहर, जेएनएन।** राणा सांगा को गद्दार कहने वाले सपा सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले पर रविवार को हमला किया गया। सुमन 20 गाड़ियों के काफिले के साथ आगरा से बुलंदशहर जा रहे थे। अलीगढ़ के खेरेश्वर चौराहे पर क्षत्रिय समाज के कुछ युवा सड़क पर उतर आए और सांसद के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस पर काफिले की गाड़ियां तेजी से भागने लगीं। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

मंदसौरः आंतरी माता के दर्शन करने जा रहे लोगों के साथ भीषण हादसा

# बाइक को टक्कर मार कुएं में गिरी वैन, 12 की मौत

**जागरण, मंदसौर।** मंदसौर के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में बूढ़ा-टकरावत फंटे गांव में रविवार दोपहर एक सड़क हादसे में 12 लोगों की जान चली गई, वहीं चार घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। एक ईको वैन बाइक को टक्कर मारने के बाद बेकाबू होकर सड़क किनारे कुएं में जा गिरी, जिसमें बाइक सवार सहित 12 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के बाद प्रशासनिक अमले के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। तीन साल की बच्ची समेत चार घायलों का रेस्क्यू कर मंदसौर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसडीईआरएफ की टीम ने कुएं से शव निकाले। क्रेन की मदद से वैन को बाहर निकाला गया। हादसे की सूचना मिलते ही उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, कलेक्टर अदिति गर्ग, एसपी अभिषेक आनंद, एडिशनल एसपी गौतम सोलंकी और एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार हादसे में सबसे पहले आबाखेड़ी के रहने वाले बाइक सवार गोबर सिंह की मौत हुई। लोगों को बचाने के लिए कुएं में उतरे ग्रामीण मनोहर सिंह की भी जान चली गई।



एसडीईआरएफ की टीम ने क्रेन की मदद से वैन बाहर निकाली।

### शादी-समारोह के बाद सभी जा रहे थे मंदिर

हादसे में घायल महिला माया बाई ने बताया कि वे रतलाम जिले के गांव खोजनखेड़ा में एक शादी समारोह में आए थे। यहां से सभी वैन से नीमच जिले के मनासा तहसील में स्थित आंतरी माता मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। कार में चालक सहित 14 लोग सवार थे। इसी दौरान दोपहर करीब 1 बजे ग्राम काचरिया कदमाला में सामने से आ रही बाइक से वैन टकरा गई। इससे वैन असंतुलित होकर सड़क किनारे बने कुएं में जा गिरी।

### चीख पुकार सुनकर मदद के लिए पहुंचे लोग

कार जैसे ही कुएं में गिरी तो तेज आवाज हुई। आसपास के लोग चीख सुनकर कुएं की तरफ भागे। किसी ने पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने भी मदद करने की कोशिश की पर कुंआ काफी गहरा होने से वे कुछ नहीं कर सके। ऊपर से पानी में डूबी कार दिख रही थी। पुलिस टीम ने मौके पर क्रेन बुलवाई और खाट डालकर घायलों को निकालने की कोशिश की। पहले प्रयास में बच्चे समेत चार लोगों को निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

### बचाने गया मनोहर जहरीली गैस की चपेट में आया

घटनास्थल पर पहुंचे डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने बताया कि हादसे की चपेट में कुल 16 लोग आए हैं। सबसे पहले घायलों को निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। कुएं में जहरीली गैस के कारण, बचाने गए मनोहर सिंह की भी मौत हुई है। मुझे जैसे ही घटना के बारे में पता चला मैं सीधा यहां पहुंच गया। जिले के सारे अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं।

# अंतरिक्ष क्षेत्र का केंद्र बनेगा मप्रः मुख्यमंत्री

## एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में 20 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव, 75 हजार रोजगार होंगे सृजित

**विशेष संवाददाता भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश में पिछले 11 साल में अमूलचूल परिवर्तन आए हैं। देशभर की सूरत बदल चुकी है। मध्यप्रदेश सरकार भी पीएम मोदी के विजन और मिशन के साथ खड़ी है। हम मां अहिल्याबाई की नगरी को ग्रीन सिटी बनाएंगे, तो प्रदेश अंतरिक्ष क्षेत्र का केन्द्र बनेगा।

सीएम रविवार को इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में मध्यप्रदेश स्टेट ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर सीएम ने आईटी सेक्टर के लिए 4 नई पॉलिसियां भी जारी कीं। सीएम ने कहा कि हमने सरकार के गठन के बाद तत्काल सूबे में उद्योग और रोजगार की ओर ध्यान दिया। उद्योग मंदिर की तरह हैं जिससे लाखों लोगों को रोजगार मिलता है। प्रदेश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का प्रमुख केन्द्र बनेगा, इसके लिए राज्य को 1500 करोड़ का निवेश मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हम आज बदलते दौर का भारत देख रहे हैं, जहां कई क्षेत्रों में तीव्र प्रगति हो रही है। इंदौर ने उद्योगों के विकास का कीर्तिमान बनाया है, इंदौर आईटी क्षेत्र की राजधानी है। प्रदेश में पांच बड़े नगरों में इण्डस्ट्री पार्क प्रारंभ किए जा रहे हैं। कोरिया जैसे देश जिनसे भारत का पुराना सांस्कृतिक नाता है, वे भी प्रदेश में निवेश करेंगे। आज की कॉन्क्लेव में कोरिया और जापान से भी प्रतिनिधि आए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉन्क्लेव से लगभग 20 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिससे लगभग 75 हजार रोजगार सृजित होंगे। आज के टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में भूमि-पूजन एवं शिलान्यास भी हुए हैं जो इस बात का द्योतक हैं कि हम बस वादे नहीं करते, धरातल पर करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि भोपाल जिले के बैरसिया में मोबाइल, सेमीकंडक्टर डिवाइस पार्क बनाने वाले प्रतिष्ठान विश्व स्तरीय अधोसंरचना का लाभ प्राप्त करेंगे।

सीएम ने कहा- टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 प्रदेश की तकनीकी-परक औद्योगिक यात्रा का स्वर्णिम पड़ाव है। आज का दिन प्रदेश के टेक्नो-इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव-2025 इंदौर में निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा की।

# कांग्रेस का 'संविधान बचाओ अभियान' आज से फिर शुरू

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सोमवार को जयपुर के रामलीला मैदान में लोकतंत्र बचाओ रैली को संबोधित करेंगे। इसके बाद देशभर में अलग-अलग राज्यों में संविधान बचाओ रैलियों का आयोजन होगा। ऐसी ही एक रैली सोमवार को ग्वालियर में है। हालांकि, यह साफ नहीं है कि इस रैली को कांग्रेस का कौन-सा केंद्रीय नेता संबोधित करेगा। हां, इसमें मध्यप्रदेश के सभी नेता शामिल होंगे। उधर, जयपुर रैली में खड़गे के शामिल होने की पुष्टि राजस्थान कांग्रेस ने कर दी है।



बता दें कि जयपुर के रामलीला मैदान की पहचान ऐतिहासिक पहचान है। यह मैदान कांग्रेस के लिए भी काफी अहमियत रखता है। इसी मैदान में आपातकाल के बाद पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने रैली कर कांग्रेस (आई) पार्टी की घोषणा की थी। यह रैली एक जनवरी-1978 को हुई थी। यहां से कांग्रेस को नई ताकत मिली थी। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### जेएनयू छात्र संघ चुनाव

# एबीवीपी ने जीते 42 में से 23 काउंसलर पद


**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में छात्रसंघ चुनाव की मतगणना रविवार को हुई। समाचार लिखे जाने तक एबीवीपी ने इस वामपंथी गढ़ में 42 में से 23 काउंसलर सीटें जीत ली थीं। यह चुनाव 25 अप्रैल को हुआ था, जिसमें 7906 छात्रों में से करीब 70 प्रतिशत ने मतदान किया था। पिछले साल 2024 में यूनाइटेड लेफ्ट ने तीन सीटें और बापसा ने एक सीट जीती थीं। इस बार कुछ छात्र संगठनों ने मतगणना प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। चुनाव समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने बताया कि मतगणना पारदर्शी तरीके से हो रही है और अंतिम परिणाम 28 अप्रैल तक ■ शेष पृष्ठ 7 पर

**सेहत** | डायबिटीज, लिवर रोग के दोहरे खतरे पर जारी की नई गाइडलाइन

# मधुमेह-लिवर रोगों से बचना होगा आसान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में आजकल एक नई चुनौती तेजी से बढ़ रही है। एक साथ मधुमेह (टाइप 2) और लिवर से जुड़ी एक गंभीर बीमारी, जिसे अब 'मेटाबॉलिक असोसिएटेड स्टियाटोटिक लिवर डिजीज' (एमएएसएलडी) कहा जाता है। पहले इसे 'नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज' (एनएएफएलडी) कहा जाता था। इस दोहरी बीमारी की बढ़ती समस्या को देखते हुए देश के जाने-माने डॉक्टरों ने भारतीयों के लिए खास नई गाइडलाइन जारी की है। ये गाइडलाइन प्रतिष्ठित मेडिकल पत्रिका 'डायबिटीज एंड मेटाबॉलिक सिंड्रोमः क्लीनिकल रिसर्च एंड रिव्यूज' में छपी है।

फोर्टिस सीडीओसी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के अध्यक्ष डॉ. अनूप मिश्र इस रिपोर्ट के मुख्य लेखक हैं। उन्होंने बताया है कि ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### क्यों है यह बीमारी खतरनाक?

लिवर की बीमारी न केवल लिवर को खराब करती है, बल्कि दिल के रोग का भी बड़ा कारण बनती है और दिल की बीमारी भारत में मौत का सबसे बड़ा कारण है।

### खानपान में बदलाव

डॉक्टरों ने बताया है कि खाने में 50 से 60 फीसदी जटिल कार्बोहाइड्रेट (जैसे साबुत अनाज), 20 से 30 फीसदी वसा (अच्छी किस्म की) और 15 से 20 फीसदी प्रोटीन होना चाहिए।

### यह हैं नई सिफारिशें

- मधुमेह है, तो नियमित लिवर की जांच कराएं।
- वजन कम करना जरूरी है। वजन घटाने से लिवर ठीक होता है और मधुमेह काबू में।
- शरीर की लंबाई के मुकाबले पेट का घेरा कितना है, इसका ध्यान रखना चाहिए।
- लिवर की जांच के लिए बिना चीरफाड़ वाले टेस्ट जैसे 'एफआईबी-4 स्कोर' और 'लिवर जांच' कराई जा सकती है।

**इन चीजों से बचें:** घी, मक्खन, नारियल, ताड़ का तेल से बचना चाहिए। इसके अलावा, बार-बार गर्म किए हुए तेल, बहुत अधिक मीठा, मैदा, बिस्किट, नमकीन जैसी प्रोसेस्ड चीजें और रेड मीट या प्रोसेस्ड मीट से दूरी बरतें।

**क्या खाना फायदेमंद:** सब्जियां, दालें, मेवे, बीज, मछली और समुद्री खाने वाली चीजें, खासकर वे जिनमें ओमेगा-3 वसा अधिक होता है, जैसे सालमन मछली। दिन में तीन या उससे ज्यादा कप बिना चीनी वाला सामान्य कॉफी पीना भी फायदेमंद बताया गया है, क्योंकि इससे लिवर पर सूजन कम होती है।




म्युचुअल फ़ंड निवेश बाज़ार के जोखिमों के अधीन हैं, योजना से जुड़े सभी दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ें.

1050.2025A

# सतना में आईसीएआई का भव्य खेल महोत्सव जोश उत्साह और देशभक्ति का अनूठा संगम

## दो दिवसीय खेल उत्सव में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और परिवारों ने दिखाया दमखम

## पहलगाम शहीदों को श्रद्धांजलि के साथ शुरू हुआ आयोजन, भजनों ने बांधा समां



**जागरण, सतना।** डिस्ट्रिक्ट ब्रांच ऑफ सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल ऑफ द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने 26.27 अप्रैल को विट्स कैंपस सतना में एक शानदार दो दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया। यह आयोजन चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और उनके परिवारजनों के बीच जोशए उत्साह और एकजुटता का प्रतीक बना। मुख्य अतिथि विवेक कुमार दुबे सहायक आयुक्त जीएसटी, सतना और रोजर सेनानी ने दीप प्रज्वलन और फीता काटकर समारोह का शुभारंभ किया।

आयोजन की शुरुआत पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि के साथ हुई जिसने सभी के मन में देशभक्ति और संवेदनशीलता का भाव जागृत किया। श्री दुबे ने अपने संबोधन में खेलों को स्वास्थ्य,अनुशासन और टीम भावना का आधार बताया‌ए जबकि सतना ब्रांच के अध्यक्ष सीए विराम जैन ने सभी को पूरे मनोयोग से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। दो दिनों तक चले इस महोत्सव में बैडमिंटन टेबल टेनिस कैरम शतरंज क्रिकेट लूडो दौड़ और बोरा दौड़ जैसे खेलों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों की बोरा दौड़ और दौड़ प्रतियोगिताओं ने आयोजन में चार चांद लगाए। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के साथ.साथ महिलाओं और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया जिससे माहौल और भी जीवंत हो गया। समापन समारोह में श्रीमती साची जैन के ऊर्जावान संचालन और श्रीमती पूर्णिमा गुप्ता के भावपूर्ण भजन ने माहौल को यादगार बना दिया। राकेश तिवारी ने अपने प्रेरक शब्दों में आयोजन की सफलता और खेल भावना की सराहना की। विजेताओं और उपविजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गयाए जिसने सभी के चेहरों पर गर्व की चमक बिखेरी।

# 1 में से 31 में तक आयोजित होगा ग्रीष्मकालीन खेलकूद शिविर

**सतना।** शासन के निर्देशानुसार विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी के मार्गदर्शन एवं विकासखंड युवा समन्वयक ज्योति तिवारी के नेतृत्व में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 1 मई से 31 मई 2025 तक स्थान हनुमानगंज स्टेडियम रामपुर बघेलान में ग्रीष्मकालीन खेलकूद शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी जानकारी देते हुए ब्लॉक संबंधित ज्योति तिवारी ने बताया कि खेल कूद शिविर सुबह 5:30 बजे से 7: 30 बजे तक रहेगा। इस आयोजन के अंतर्गत दो खेल विधाओं का आयोजन किया जाना है जिसमें 8 वर्ष से 18 आयु वर्ष तक के बालक एवं बालिकाएं भाग ले सकते हैं। शिविर में भाग लेने हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड पासपोर्ट साइज़ फोटो जन्म प्रमाण पत्र इत्यादि दस्तावेज के साथ फॉर्म भरना अनिवार्य होगा एशिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अंत में प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे शिविर को संपन्न बनाने के लिए सीनियर खिलाड़ियों का सहयोग लिया जाएगा अतः विकासखंड युवा समन्वयक श्रीमती तिवारी द्वारा शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों से अनुरोध किया है कि वे अपने विद्यालय में ग्रीष्मकालीन शिविर की जानकारी बच्चों को दे कर शिविर में सम्मिलित कराने मे सहयोग प्रदान करें।

# 5 दिवसीय ऑनलाइन अल्प-विराम प्रशिक्षण आज से

**सतना।** राज्य आनंद संस्थान द्वारा 28 अप्रैल से 2 मई 2025 तक 5 दिवसीय ऑनलाइन अल्प-विराम प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इसके बाद 5 से 9 मई, 12 से 16 मई एवं 19 से 23 मई 2025 तक ऑनलाइन अल्प-विराम प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य आनंद संस्थान श्री आशीष कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में शासकीय एवं अशासकीय व्यक्ति पंजीयन कराकर भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी राज्य आनंद संस्थान की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

# सतना के वीरवान हुए इंदौर में सम्मानित, रचा इतिहास



**जागरण, सतना।** विश्व के अलग.अलग देशों में यूसीमास की आयोजित होने वाली राष्ट्रीयए अंतर्रराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के मध्यप्रदेश में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। होनहारों के इस महाकुंभ का आयोजन 26 अप्रैल को इंदौर के बास्केट बॉल स्टेडियम रेस.कोर्स रोड इंदौर में सम्पन्न हुआ। जहां समूचे मध्यप्रदेश के 10 संभागों केए 55 जिलों सेए 239 सेंटर से एकत्रित होने वाले 5700 बच्चो को 8 मिनट मेंए 200 जटिल अंकगणित सवालों को हल करने का लक्ष्य रहा जिसमें सतना शाम्भवी एबेकस एकेडमी के 151 छात्रों ने युद्ध स्तरीय रूप से पिछले 2 महीने कीए प्रतिदिन कई घंटों की कड़ी मेहनत के बाद कॉम्पटीशन में दमखम से भाग लिया। संस्था संचालक विक्रम स ने बताया कि कैलकुलेटर से भी कई गुना तेज खुद को साबित करने वालीए 8 मिनट कीए सेकंड भर से भी कम समय मे उत्तर लिखने वाली यह स्पर्धाए प्रश्नों को देखकर रफ्तार से हल करना अभिभावकों के लिए एक अविस्मरणीय पल रहा। इस प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण रविन्द्र नाट्य गृह में 27 अप्रैल को आयोजित किया गया जिसमें टॉप.5 में अनिमेष गौतम प्रथम रनरअप रहे। विवान तारवानी और विश्रुत देव सिंह ने सेकंड रनरअप पर स्थान हासिल किया। अथर्व द्विवेदी और स्वयं गर्ग 3तक रनरअप में जगह बनाई आराध्य शॉ और रेयांश शर्मा रनरअप पर आए सानिध्य सिंहए काव्या अग्रवाल, श्रेयांश भारद्वाज, अक्षत मिश्रा , रनरअप पर सुशोभित हुए।

# जिले के 1376 बूथों पर सुनी गई पीएम मोदी की मन की बात



**जागरण, सतना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम श् के 121वें एपिसोड के जरिए देश को संबोधित किया। पीएम श्री मोदी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के पीछे के आतंकवादियों और साजिश में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय मिलेगा। रेडियो कार्यक्रम मन की बात में पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारतीयों की एकजुटता देश की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा दुनिया देख रही है कि भारत इस हमले के खिलाफएक स्वर में बोल रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह एकता आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का सबसे बड़ा आधार है। उन्होंने कहा कि चाहे कोई किसी भी राज्य में रहता हो और कोई भी भाषा बोलता हो सभी को पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना है।इसी के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बातए भाजपा जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम में श्मन की बातश् के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित करते हुए महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार जन.जन तक पहुंच कर विकसित समृद्ध भारत निर्माण के लिए जागृत किया । मन की बात को लाइव बड़ीए स्क्रीन लगाकर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। पीएम मोदी जी ने सबसे अधिक ध्यान जम्मू कश्मीर में अभी हाल ही में हुए आतंकी हमले में मारे गए 28 बेकसूर लोगों की हत्या पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त की और कहा की बहुत जल्दी भारत आतंकवाद पर बहुत बड़ा प्रहार करेगा।

# कांग्रेस की संविधान बचाओ जिला स्तरीय महारैली मई माह से प्रारम्भ : दिलीप मिश्रा



**जागरण, सतना।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोठी के मंडलम कांग्रेस कमेटी बठिया की बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा के मुख्य अतिथि एवं पूर्व विधायक कल्पना वर्मा एवं जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गुरमेंद्र सिंह के विशेष उपस्थिति में व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नलिनेन्द्र मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने कहा की अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा तीन मई से 13 तारीख तक जिला स्तर में व 11मई से 17 तक विधानसभा स्तर में संविधान बचाओ महारैली का आयोजन किया जा रहा है व सारे जिले में जनसंम्परक अभियान आयोजित होगा श्री मिश्रा ने कहा कि सतना एयरपोर्ट का रनवे छोटा करने व बड़ा विमान ना उतरने के विरोध में कांग्रेस ने जनता जनार्दन की चौपाल के बीच पहुंचकर हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से समर्थन चाहा है व बड़ा विमान उतरने की मांग की है कांग्रेस अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा है कि जब तक बड़ा विमान नहीं उतरेगा यह हस्ताक्षर अभियान अनबरत जारी रहेगा कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नलिनेन्द्र मिश्रा ने किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को बदलना चाहती है लेकिन कांग्रेस पार्टी से किसी भी कीमत में बदलने नहीं देगी चाहे इसकी लड़ाई सड़कों पर उतरकर लड़नी पड़े श्रीमती वर्मा ने कहा कि घर.घर पहुंचकर बढ़ती हुई महंगाई एवं बेरोजगारी को जनता के बीच रखेंगे कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गुरमेंद्र सिंह सेवा दल के अध्यक्ष बरमेंद्र सिंह ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नलिनेद्र मिश्रा ब्लॉक संगठन मंत्री विनय सिंह गुड्डा जय कुमार मिश्रा मनजीत बेन डॉ अरशद अली नईम भाई अनिल प्रताप सिंह अनी डिंपल सिंह अजय द्विवेदी दादू भाई शर्मा हनुमान दिनदहिया मोनू कोल सुखेंद्र दहिया राजेश दहिया अजय चौधरी अश्वनी त्रिवेदी पुष्पराज कोल संदीप बेन चंद्र किशोर गौड़ ओम प्रकाश कोल बुद्ध सेन कोल आनंद सिंह राहुल कोल बूटी भाई कोल गुड़िया कोल मुन्ना सिंह बठिया सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# एमपी ट्रांसको ने कार्मिकों के गृह भाड़ा भत्ते को किया पुनरीक्षित

**जागरण, सतना।** एम पी ट्रांसको मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनीद्ध ने सतना समेत प्रदेश के अपने कार्मिकों के लिए गृह भाड़ा भत्ता ;भ्त्।द्ध के पुनरीक्षित आदेश जारी कर दिए हैं। एम पी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता धीरेंद्र सिंह ने बताया कि कंपनी ने मध्यप्रदेश शासनए वित्त विभाग के आदेश के अनुसार शासकीय सेवकों के लिए निर्धारित गृह भाड़ा भत्ते के प्रावधानों को आवश्यक संशोधनों सहित अपनाया है। पुनरीक्षित गृह भाड़ा भत्ता इस प्रकार देय रहेगा 7 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिकों को उनके मूल वेतन का 10 प्रतिशत गृह भाड़ा भत्ते के रूप में देय होगा। 3 लाख से अधिक लेकिन 7 लाख से कम जनसंख्या वाले नगरों में यह दर 7 प्रतिहश होगी। 3 लाख से कम जनसंख्या वाले नगरों में यह दर 5: निर्धारित की गई है।

**किन्हें नहीं मिलेगा गृह भाड़ा भत्ता :** जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि वे कार्मिक जो कंपनी आवास में रह रहे हैं या किराया रहित कंपनी आवास में निवासरत हैं या किराया रहित आवास के बदले कोई अन्य भत्ता प्राप्त कर रहे हैं उन्हें गृह भाड़ा भत्ता देय नहीं होगा। साथ ही संविदा तदर्थ स्थायी.कर्मी व दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी इस भत्ते की पात्रता नहीं होगी।

# जो अपराध करेगा उसे दण्ड मिलेगा: मुख्यमंत्री

**जागरण, सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सुशासन के लिए जाना जाता है, इसलिए यहां अपराध और अपराधी के लिए कोई जगह नहीं है। जो अपराध करेगा उसे दण्ड मिलेगा, हमारी सरकार ने प्रदेश की धरती पर किसी प्रकार के जिहाद या लव जिहाद की अनुमति नहीं दी है। जो हमारी धरती पर यह करता पाया जाएगा उसे छोड़ेंगे नहीं, वह राज्य के अंदर हो या राज्य से बाहर भागा हो, हमारी पुलिस उसे हर जगह से पकड़ कर लाएगी। यह हमारा संकल्प है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में यह बात कही।

# स्काउट गाइड जांच शिविर का हुआ आयोजन



**जागरण, सतना।** जिला शिक्षा अधिकारी टी पी सिंह के कुशल मार्ग दर्शन में संभाग स्तरीय तृतीय सोपान स्काउट गाइड जांच शिविर का आयोजन शिविर संचालक डी पी मिश्रा के कुशल नेतृत्व व प्रभेंन्द्र गौतम जिला सचिव के समानांतर सहयोग से कुशल संचालक मंडल के सदस्यों विश्वनाथ मिश्रा डी ओ सी सतना पी पी मिश्रा एल टी, संदीप मिश्रा ए एल टी, अभिषेक गौतम ए एल टी, श्रीमती संध्या पांडेय एच डब्ल्यू बी के द्वारा निर्धारित विषय वस्तुओं का उपस्थित स्काउट्स गाइडस् का बारीकी से परीक्षण किया जा रहा है। आगामी समय में इन्हें राज्यपाल पुरस्कार में सम्मिलित किया जाएगा क्वार्टर मास्टर के रूप में नागेंद्र कुमार द्विवेदी सहायक सचिव जिला संघ सतना अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं ।

# तीन दिवसीय टेक्नोवेशन का आगाज

**जागरण, सतना।** श्री रामाकृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन करही सतना के तत्वाधान में इंजीनियरिंग, फार्मेसी एवं मैनेजमेंट ईकाई द्वारा तीन दिवसीय टेक्नोवेशन 2के25 ए मेगा टेक्निकल एंड कल्चरल इवेंट का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। उक्त प्रतियोगिता में इंजीनियरिंग फार्मेसी एवं मैनेजमेंट ईकाई के सभी विद्यार्थी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। टेक्निकल विंग डायरेक्टर अग्निवेश अग्निहोत्री ने बताया कि टेक्नोवेशन का आयोजन हम हर साल बड़े स्तर पर करते हैं जो बच्चों की प्रतिभा को निखारने का श्रेष्ठ अवसर है। टेक्नोवेशन का भव्य शुभारंभ 28 अप्रैल को होगा जिसका मुख्य आकर्षण फ्लैग होस्टिंग मार्च पास्ट और सांस्कृतिक नृत्य रहेंगे। इसके बाद प्रथम दिवस गेमिंगो का है जिसमें विभिन्न प्रकार के फन गेम्स जैसे चटकारा फॉलो द डायरेक्शन कैच द बॉलए स्लो साइकिलए पिट्ठूए आदि होंगे। जिसका संचालन श्री रामाकृष्णा कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा किया जाएगा। द्वितीय दिवस 29 अप्रैल का दिन टेक्निन्या और फूड फेस्ट लजीज के लिए होगा जिसका आयोजन श्री रामाकृष्णा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग साइंस एंड मैनेजमेंट करेगा। टेक्निन्या में इंजीनियरिंग फार्मेसी और मैनेजमेंट के विद्यार्थी अपनी कल्पनाओं को मॉडल के रूप में प्रदर्शित करेंगे तथा फूड फेस्ट लजीज देश के कोने कोने से विभिन्न प्रकार के व्यंजन सभी को आकर्षित करेंगे। टेक्नोवेशन के तीसरा दिन 30 अप्रैल क्लचरल फेस्ट के नाम होगा जिसे खास लेकर आयेंगे श्री रामाकृष्णा कॉलेज ऑफ पॉलीटेक्निक एंड मैनेजमेंट और इंजीनियरिंग फर्स्ट ईयर की टीम। जिसमें सोलो डांसए ग्रुप डांसए सोलो सिंगिंगए ग्रुप सिंगिंग और सबसे खास बॉलीवुड थीम फैशन शो आयोजित होगा। 30 अप्रैल का दिन एसआरकेजीआई ;टेक्निकल विंगद्ध करही के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके पश्चात इसी शाम टेक्नोवेशन के सभी विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। यह तीन दिवसीय टेक्नोवेशन का आयोजन एसआरकेजीआई टेक्निकल विंग करही में किया जाएगा जिसके लिए सभी तैयारियां कराई जा चुकी है। इस अवसर पर संस्था प्रमुख शम्मी पुरी , डायरेक्टर शाश्वत पुरी, एकेडमिक डायरेक्टर टेक्निकल विंग शुभी खरे डीन इंजीनियरिंग दीपेश निगम, डीन फर्स्ट ईयर अभय मिश्रा डीन फार्मेसी डॉ अमित पांडे ने सभी प्राध्यापकों और विद्यार्थियों से इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की और उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।

# पूर्व राज्य मंत्री की स्मृति में प्याऊ का हुआ शुभारम्भ




**जागरण, सतना।** पूर्व राज्यमंत्री स्व हर्षनारायण सिंह की स्मृति में रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह ने हाइवे के किनारे प्याऊ का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि इस तपती भीषण गर्मी में राहगीरों को दूर.दूर तक पानी नजर नहीं आता जिसकी जरूरत इस समय सबसे ज्यादा होती है इस लिए उन्होंने नेशनल हाईवे के किनारे विधायक निवास के सामने निशुल्क मिनरल वाटर प्याऊ की व्यवस्था का शुभारंभ किया है और ठंडा मिनरल वाटर की व्यवस्था की है जिसमें मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी नगर विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष कमलेश कचेर सीएमओ श्रीमती निधी राजपूत सरपंच प्रतिनिधि संपत सिंह , संदीप गुप्ता शैलेन्द्र निगम पुष्पराज कुशवाहा शिवमोहन सिंह लाला संतोष सिंह बघेल पार्षद अशोक सिंह पार्षद अब्दुल इश्हाक पार्षद शिवांक त्रिपाठी उमेश कुमार विश्वकर्मा सुदर्शन कोल राम प्रसाद कोल पुष्पेंद्र सिंह शफीरुद्दीन सिद्दीकी राजेश सिंह राजू अजीत सिंह संदीप वर्मा राम रसीले कोल कुबेर ताम्रकार रामविश्वास कुशवाहा अजय सिंह इजराइल सौदागर जन सेवक लक्ष्मण के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित रही जिसमें विधायक श्री सिंह ने अपने हाथों लोगों को पानी पिलाकर प्याऊ का शुभारंभ किया।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने जताया आभार

**सतना।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता विनय कनौजिया एवं जिलाध्यक्ष केशव प्रताप सिंह ने बताया की दिनाँक 26 अप्रैल को प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के निर्देश पर एक प्रतिनिधि मंडल विभिन्न मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को दिया और उनसे बताया की अभी मध्यप्रदेश के कर्मचारियों को 50 प्रतिशत डीए मिल रहा है जो की केंद्रीय कर्मचारियों से 5 प्रतिशत कम है तब माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा हम बहुत जल्द 55 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देने वाले हैं। जो आज घोषणा कर ही दिये। स्थानांतरण नीति और पदोन्नति के आदेश भी बहुत जल्द होने वाले हैं। संघ के प्रांतीय प्रवक्ता विनय कनौजिया ने बताया की 27 अप्रैल 2025 को अधिकारी कर्मचारी सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश के सभी शासकीय कर्मचारियों को 1 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत और 1 जनवरी 2025 से 2: महंगाई भत्ते की अतिरिक्त किस्त स्वीकृत करने की घोषणा की। इसका एरियर्स पांच किस्तों जून 2025 से अक्टूबर 2025 में दिया जाएगा।

# जेएनसीटी के छात्रों ने गेट परीक्षा में लहराया परचम




**जागरण, रीवा।** जवाहरलाल नेहरू कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी (जेएनसीटी) रीवा के माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने गेट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कॉलेज के छात्र प्रद्युम्न सिंह सेंगर ने गेट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 56 हासिल कर एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। वहीं माइनिंग इंजीनियरिंग के ही छात्र हेमंत सिंह ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 629 प्राप्त की है।

कॉलेज प्रबंधन ने दोनों प्रतिभाशाली छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। संस्था के चेयरमेन डॉ एस एस तिवारी ने कहा छात्रों की यह उपलब्धि हमारे संस्थान की शिक्षण गुणवत्ता और छात्रों के परिश्रम का प्रमाण है। हम गर्व महसूस करते हैं कि हमारे छात्र राष्ट्रीय स्तर पर संस्थान का नाम ऊंचा कर रहे हैं। जेएनसीटी भविष्य में भी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा। अपनी सफलता पर प्रद्युम्न सिंह सेंगर ने कहा कि यह उपलब्धि मेरे शिक्षकों के मार्गदर्शन, माता-पिता के आशीर्वाद और सतत अभ्यास का परिणाम है। हेमंत सिंह ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि गेट परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करना मेरा सपना था। कॉलेज द्वारा मिली शिक्षा और सहयोग ने मुझे इस मुकाम तक पहुँचने में अहम भूमिका निभाई है। मैं जेएनसीटी रीवा का आभार व्यक्त करता हूं। छात्रों की इस सफलता से पूरे कॉलेज में खुशी का माहौल है और अन्य छात्रों को भी इससे प्रेरणा मिली है। छात्रों की सफलता पर प्राचार्य प्रोफेसर मिहिर पांडेय, डीन अनुभव पांडेय, रजिस्ट्रार जे एस परिहार, माइनिंग विभागाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी ने छात्रों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आतंकवाद एवं उनके संरक्षकों को जड़ से नष्ट करना जरूरी

**जागरण, रीवा।** अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस संघर्ष परिषद एवं सरपंच महा परिषद अध्यक्ष पं. राजकुमार सिंह तिवारी ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देकर संकल्प लेते हुए कहा कि मैं अपनी आखरी सांस तक आतंकवाद के खिलाफ संघर्षरत रहूंगा। परिषद व मेरे द्वारा शहीद हुए व उनसे लड़ने वाले वीर सैनानी, नागरिकों की विधिक एवं हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। विश्व में सुख, शांति हेतु आतंकवाद एवं उनके संरक्षकों को जड़ से नष्ट करना जरूरी है। दुनिया के अधिकतर देश आतंकवाद से ग्रस्त हैं। हम सभी को आतंकवाद को समूल नष्ट करने एकजुट होकर प्रयास करना पड़ेगा तभी विश्व में सुख, शांति स्थापित होगी। इस अवसर पर अधिवक्ता रामरतन सिंह तिवारी, राजेन्द्र त्रिपाठी, दुर्गेश निगम, शालू अंसारी, आकांक्षा सिंह, अमिताभ चतुर्वेदी, अजीत, अनिल द्विवेदी, सुरेन्द्र तिवारी, गंगा तिवारी, राजेश, रघुवंश पटेल, अर्पण राज, सतीश, तरुण, मुकेश, धीरेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

# सरकारी स्कूलों में प्रवेश लेने वाले बच्चों की परखी जाएगी दक्षता, दो दिन चलेगा सर्वे

**रीवा।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार विद्या प्रवेश सर्वे करने जा रही है। मप्र के 21 जिलों में यह सर्वे होगा। रीवा भी इसमें शामिल है। रीवा में सर्वे के लिए दो स्कूलों का चयन किया गया है। इन स्कूलों में प्रवेश लेने वाले बच्चों से उनकी दक्षता और क्षमता को परखा जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार रीवा में 28 और 29 को यह सर्वे किया जाएगा। इसके लिए रीवा की दो स्कूलों का चयन किया गया है। 28 अप्रैल को मॉडल बेसिक स्कूल और 29 अप्रैल को पीके स्कूल में यह सर्वे होगा। इस सर्वे के लिए विशेष तौर पर सर्वे टूल्स और सामग्री तैयार की गई है। दोनों ही स्कूलों के 8-8 छात्र इस सर्वे में शामिल होंगे। यह सर्वे उन छात्रों पर किया जाएगा जिन्होंने हाल ही में प्रवेश लिया है। इस सर्वे के पीछे सरकार की मंशा नवप्रवेशी छात्रों के ज्ञान को परखना है। स्कूल आने के पहले छात्र कितना कुछ जानते हैं, यह जानकारी जुटाना है।

# केन्द्रीय पुस्तकालय किया जा रहा समय से पूर्व बंद

## विद्यार्थियों ने की थी जनसुनवाई में भी शिकायत, लेकिन नहीं हुआ कोई सुधार



**जागरण, रीवा।** शासन के नियमानुसार केन्द्रीय पुस्तकालय को प्रतिदिन 12 घंटे खोले जाने के निर्देश हैं, अभी तक जय स्तंभ चौराहे के समीप श्री वैंकट विद्या सदन में संचालित केन्द्रीय पुस्तकालय 12 घंटे ही खोला जा रहा था, लेकिन पिछले कुछ समय से पुस्तकालय शाम 6 बजे ही बंद कर दिया जाता है, जबकि सुबह लगभग 8 बजे के बाद ही पुस्तकालय खुल पाता है। जिससे पुस्तकालय आने वाले विद्यार्थी ठीक से पढ़ाई नहीं कर पा रहे। पहले से ही पिछले एक वर्ष से पुस्तकालय में पुस्तकें नहीं आ रहीं, प्रभारी सहित कर्मचरियों का अभाव है, अब समय से पूर्व पुस्तमकालय बंद कर दिए जाने से अधिकांश विद्यार्थी पुस्तकालय में पढ़ाई करने से वंचित रह जाते हैं।

**कई लोगों को मिलता है शाम का समय :** पुस्तकालय आने वाले छात्रों ने बताया कि उन्होंने इसकी शिकायत गत मंगलवार को जनसुनवाई में भी की थी, लेकिन अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ। पुस्तकालय में पदस्थ जिम्मेदार शाम 6 बजते ही यहां पढ़ने आए लोगों को जाने के लिए कह देते हैं और 6 सवा 6 बजे पुस्तकालय में ताला लगाकर चले हैं। पुस्तकालय में आने वाले कई लोग ऐसे भी हैं जिन्हें शाम के वक्त ही पुस्तकालय आने का समय मिलता है, मनमानी तरीके से पुस्तकालय बंद कर दिए जाने से पुस्तकालय आने वाले विद्यार्थी पढ़ नहीं पाते। शुक्रवार शाम 6 बजे यहां से विद्यार्थियों को चलता कर ताला लगा दिया गया।

# समाधान एक दिन योजना में तत्काल मिल रहा है लाभ

**रीवा।** प्रशासन को अधिक कारगर बनाने तथा आमजनता को तय समय सीमा में वांछित सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए समाधान एक दिन योजना लागू की गयी है। सुशासन के तहत इस योजना में आमजनता द्वारा निर्धारित सेवाओं के लिए आवेदन करने पर उसी दिन मांगी गयी सेवाएं उपलब्ध करायी जाती हैं। लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से इसका क्रियान्वयन किया जा रहा है।

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 28 अप्रैल 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.29 अस्त : आज
05.30 उदय : कल

शहर का तापमान
40.0 0 अधिकत
21.0 0 न्यूनतम



# 243 किसानों से 835.83 टन गेंहूं की हुई खरीदी

जागरण उपार्जन

## उपार्जन केंद्रों में अभी फसल लेकर नहीं आ रहे किसान

### अव्यवस्थाओं के बीच चल रही है गेंहूं की खरीदी



जागरण, सीधी

जिले में 43 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से किसानों से गेंहूं खरीदी का कार्य शुरू है। मौजूदा स्थिति में 243 किसानों से 835.83 टन गेंहूं की खरीदी हो चुकी है। शादी-व्याह में किसानों की व्यस्तता तथा कुछ किसानों की गहाई का कार्य पीछे होने के कारण अभी उपार्जन केंद्रों में ज्यादा संख्या में किसान नहीं पहुंच रहे हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि रबी सीजन में खरीदी के लिए पंजीकृत किसानों की संख्या 13 हजार 500 है। जबकि पिछले वर्ष 18064 किसानों द्वारा उपार्जन के लिए पंजीयन कराया गया था। गेंहूं की बिक्री के लिए करीब 700 किसानों द्वारा स्लॉट की बुकिंग कराई गई है। शासन द्वारा स्लॉट बुकिंग के लिए अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दी गई है। सीधी जिले में गेंहूं की खरीदी के लिए डेढ़ लाख टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मौजूदा स्थिति में लक्ष्य के अनुसार गेंहूं की खरीदी हो पाना संभव नहीं दिख रहा है। समर्थन मूल्य में गेंहूं की खरीदी शुरू होने के बाद से किसानों की रुचि पंजीयन को लेकर कम दिख रही थी फिर भी जिन किसानों के यहां गेंहूं की अच्छी फसल थी उनके द्वारा पंजीयन प्राथमिकता से कराया गया। आरंभ में खरीदी शुरू होने के बाद केवल मझौली ब्लॉक के दो केंद्रों में ही गेंहूं की खरीदी शुरू हुई थी। बाद में धीरे-धीरे अन्य उपार्जन केंद्रों में किसान स्लॉट बुकिंग के पश्चात अपने गेंहूं को लेकर संबंधित उपार्जन केंद्र में पहुंचना शुरू हुए। आरंभ में यह कहा जा रहा था कि गेंहूं की कटाई एवं गहाई का कार्य सीधी जिले में काफी पीछे है। वहीं वैवाहिक कार्यक्रमों में व्यस्तता के चलते किसान गेंहूं की बिक्री के लिए उपार्जन केंद्रों में नहीं पहुंच रहे हैं। वर्तमान में मौसम का मिजाज बदलने से जो किसान गहाई का कार्य नहीं कर पाए थे उनके समक्ष दो दिनों से समस्याएं खड़ी हो गई हैं। फिर भी यह माना जा रहा है कि शासन द्वारा गेंहूं की खरीदी के लिए फिलहाल 5 मई 2025 की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। जिसका बढ़ना भी निश्चित है। सीधी जिले में इस वर्ष भी गेंहूं की बंपर पैदावार हुई है। इस वजह से यह माना जा रहा है कि गेंहूं की बिक्री के लिए किसान जल्द ही ज्यादा संख्या में उपार्जन केंद्रों में पहुंचना शुरू हो जाएंगे। जो किसान आरंभ में शादी-व्याह के कार्यक्रमों में व्यस्त थे वह अब खाली हो रहे हैं। ऐसे किसान भी जल्द ही उपार्जन केंद्रों में गेंहूं की बिक्री के लिए पहुंचेंगे। उधर चर्चा के दौरान विभागीय अधिकारियों का कहना था कि गेंहूं की खरीदी का काम सीधी जिले में धीरे-धीरे तेज हो रहा है। अंतिम तिथि तक पंजीकृत अधिकांश किसान गेंहूं की बिक्री के लिए अपने उपार्जन केंद्रों में पहुंचेंगे। इस वजह से उपार्जन केंद्रों में सभी व्यवस्थाओं को बनाया गया है। किसान भी अपनी सुविधा के अनुसार गेंहूं की फसल लेकर उपार्जन केंद्रों में पहुंच रहे हैं। कुछ उपार्जन केंद्रों में अव्यवस्थाएं देखी जा रही हैं। जो किसान यहां अपनी गेंहूं की फसल लेकर पहुंच रहे हैं उनको आवश्यक सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। आरंभ में गेंहूं की जांच एवं तौल में ही काफी भटकना पड़ता है। इस प्रक्रिया से गुजरने के बाद किसानों से गेंहूं की खरीदी की जाती है।

### पिछले वर्ष की अपेक्षा घट गए 4564 पंजीकृत किसान

सीधी जिले में गेंहूं की खरीदी के लिए पिछले वर्ष पंजीकृत किसानों की संख्या 18064 थी। इस वर्ष गेंहूं की बिक्री के लिए 13500 किसानों द्वारा ही पंजीयन कराया गया है। इस तरह पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 4564 पंजीकृत किसानों की संख्या कम हो गई। वहीं शासन द्वारा सीधी जिले में इस वर्ष गेंहूं की खरीदी के लिए डेढ़ लाख टन खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पंजीकृत किसानों की संख्या घट जाने के बाद से विभागीय अधिकारी भी इस बात को लेकर अनिश्चितता में हैं कि लक्ष्य के अनुसार गेंहूं की खरीदी हो पाएगी या नहीं। यह अवश्य है कि सीधी जिले में इस वर्ष भी जिन किसानों द्वारा बोनी की गई थी उनके यहां गेंहूं की बंपर पैदावार हुई है। इसी वजह से विभागीय अधिकारी इस उम्मीद में हैं कि अभी भले ही उपार्जन केंद्रों में कम संख्या में किसान गेंहूं की बिक्री के लिए पहुंच रहे हैं लेकिन जल्द ही उपार्जन केंद्रों में गेंहूं की बिक्री के लिए किसानों की संख्या बढ़ेगी। उपार्जन केंद्रों में शुरू में भले ही खरीदी की रफ्तार कमजोर रही हो लेकिन अब धीरे-धीरे उसमें वृद्धि भी परिलक्षित हो रही है। उपार्जन केंद्रों के कुछ प्रभारियों का कहना था कि किसानों की संख्या बढ़ रही है। शादी-व्याह के सीजन में काफी किसान व्यस्त थे। अब फुर्सत हो रहे हैं। इसके अलावा काफी ऐसे किसान भी हैं जिनकी फसलें अभी गहाई के दौर में फंसी हुई हैं।

## जोगदहा अभ्यारण्य में मृत मिला मगरमच्छ



जागरण, सीधी। सोन नदी के जोगदहा घड़ियाल अभ्यारण्य में मृत मगरमच्छ के मिलने के बाद से विभागीय हल्के में जहां हड़कंप मचा हुआ है वहीं लोग इसे लापरवाही बता रहे हैं। दरअसल शनिवार की सुबह करीब 4 फिट लंबा एक मगरमच्छ के मृत मिलने के बाद से आरंभ में मामले को दबाने का प्रयास किया गया लेकिन मीडिया को भनक मिलने के बाद से जिले के विभागीय अधिकारियों को सूचना दी गई। जिसके बाद एक टीम संजय टाईगर रिजर्व के सीसीएफ के निर्देश पर जांच के लिए मौके पर पहुंची। वहीं क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जोगदहा घड़ियाल अभ्यारण्य क्षेत्र प्रतिबंधित क्षेत्र है फिर भी जोगदहा अभ्यारण्य में पदस्थ कर्मचारियों की सांठ-गांठ से यहां मछली मारने के लिए ब्लॉस्टिंग का काम भी होता है। इसी वजह से मगरमच्छ की मौत हुई है। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि कई बार बड़े मगरमच्छ भी छोटे मगरमच्छ को अपना शिकार बनाने के लिए आक्रामक हो जाते हैं। बहरहाल विभाग द्वारा मगरमच्छ की मौत के मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

## खलिहान में लगी आग फसल हुई जलकर राख



जागरण, सीधी। तहसील मझौली अंतर्गत ग्राम ताला में अशोक तिवारी पिता वृंदावन तिवारी के खलिहान में आग लगने से पूरी फसल जलकर राख हो गई है। प्रभावित किसान की माने तो घटना 26 अप्रैल की दरमियानी रात की है जहां उनके घर के पास ही खलिहान में गेहूं की फसल रखी थी जिसमें अज्ञात कारणों से आग लग गई और जब आग की लपट आसमान छूने लगी तब किसान ने देखा लेकिन आग में काबू पाने की कोई गुंजाइश नहीं रही और पूरी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक खलिहान में आग लगने की यह तीसरी घटना है, इसके पहले इसी मोहल्ला में चिंतामणि तिवारी के खलिहान में एक सप्ताह के अंदर दो बार अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाई गई लेकिन संयोग रहा की आग लगने की तत्काल जानकारी हो गई जिस पर तुरंत काबू पा लिया गया और फसल की ज्यादा नुकसानी नहीं हुई है इसलिए घटना ज्यादा चर्चा में नहीं आई है।

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने सुनी मन की बात



जागरण, सीधी। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अगुवाई में जिले के 1036 बूथो पर विश्व का सबसे लोकप्रिय प्रसारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम सुना गया। इसी तारतम्य में भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने नगर मंडल के बूथ क्रमांक 229 मधुरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 121 वें संस्करण को स्थानीय नागरिकों के साथ सुने। साथ में जिला उपाध्यक्ष अनिल पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने सीएम का जताया आभार

जागरण, सीधी। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मप्र के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल, हरीश मिश्र जिलाध्यक्ष सीधी एवं विजय तिवारी प्रांतीय उपाध्यक्ष ने कर्मचारी हितैषी सरकार एवं कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा राज्य के सभी शासकीय कर्मचारियों को 5 प्रतिशत वृद्धि करते हुए 55 प्रतिशत मंहगाई भत्ता किए जाने की स्वीकृति का आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मप्र की ओर से हृदय से आभार व्यक्त किया है। प्रांतीय उपाध्यक्ष विजय तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा मंहगाई भत्ता बढ़ाने की घोषणा के तत्काल बाद प्रांताध्यक्ष भरत पटेल ने भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने के साथ-साथ प्रदेश के सभी अध्यापक शिक्षक संवर्ग के साथियों को मंहगाई भत्ता में वृद्धि की बधाई देते हुए शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र की सभी शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अपनी महती भूमिका निर्वहन करने की बात कहा है।

## प्रियेश तिवारी का जीएसटी इंस्पेक्टर पद पर चयन



जागरण, सेमरिया। सेमरिया क्षेत्र के बढ़ौरा मिर्चवार निवासी प्रियेश तिवारी का जीएसटी इंस्पेक्टर पद पर चयन हुआ है। जिससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। प्रियेश तिवारी के पिता उमानंद तिवारी और माता संजू तिवारी हैं। प्रियेश तिवारी की शिक्षा की शुरुआत सीधी से हुई थी, जहां उन्होंने कक्षा 10 और 12वीं में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए थे। उनकी पढ़ाई के प्रति लगन और मेहनत ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। प्रियेश तिवारी के जीएसटी इंस्पेक्टर पद पर चयन की जानकारी सेमरिया क्षेत्र में फैल गई। जिससे क्षेत्र के लोगों में हर्ष और बधाई का माहौल है। जिला पंचायत सदस्य सरस्वती बहेलिया, उमेश तिवारी, देवेंद्र मिश्रा, राजा भैया, दिनेश गुप्ता, विधिपूजन द्विवेदी, संदीप शर्मा, पिंकू शुक्ला, महात्मा गांधी स्कूल सेमरिया के संचालक श्रीकांत तिवारी, साक्षी हायर सेकेंडरी के संचालक संजय मिश्रा, आयुष इंडियन पब्लिक स्कूल देवगढ़ के संचालक शैलेश तिवारी, उपेन्द्र मिश्र पत्रकार सेमरिया ने भी प्रियेश तिवारी को बधाई दी है। बढ़ौरा मिर्चवार और सेमरिया के ग्रामीणों ने भी प्रियेश तिवारी को इस सफलता पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। प्रियेश तिवारी की इस उपलब्धि से क्षेत्र के लोगों में एक नई उम्मीद और उत्साह का संचार हुआ है।

## डॉ. अम्बेडकर के जन्म जयंती पर व्याख्यान माला आयोजित

जागरण, सीधी। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला सीधी के तत्वावधान में संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी के सभागार में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 134 वीं जन्म जयंती के अवसर पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विशिष्ट अतिथि के रूप में साशी निकाय सदस्य कृष्णकांत द्विवेदी, इंजी. आशीष मिश्रा, डॉ. मनोज सिंह और संजय गाँधी महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. रावेन्द्र बहादुर सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. राजेश मिश्रा ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में बाबा साहब के कृतित्व एवं संघर्षों पर तथ्यात्मक प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहब के विचारों को इस देश के संविधान के निर्माण में किये गये उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्तमान में बाबा साहब के कीर्ति पताखा को चतुर्दिक फैलाने का कार्य हम सब कर रहें है। इसका उद्देश्य है कि भावी पीढ़ी उनके जीवन से प्रेरणा ले और हमारे समरस समाज की जड़ें मजबूत हो। जिला समन्वयक शिवदत्त उर्मलिया ने विषय प्रवर्तन करते हुए व्याख्यान माला की भूमिका और जन अभियान के दृष्टिकोणों की चर्चा की। व्यख्यान माला में सभी वक्ताओं ने सामाजिक समरसता एवं अम्बेडकर के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला।


# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## एक्सीडेंट में घायल व्यक्ति को सांसद ने पहुंचाया अस्पताल



जागरण, सीधी। लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद ख्याति प्राप्त चिकित्सक डॉ. राजेश मिश्रा सिहावल विधानसभा से विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर लौट रहे थे। तभी हटवा खास के पास जोरौधा निवासी गोविंद प्रजापति जिनकी उम्र लगभग 70 वर्ष के आसपास होगी एक्सीडेंट से घायल होकर सड़क के किनारे असहनीय दर्द से कराह रहे थे। इसी दौरान सांसद डॉ. मिश्रा एकत्रित भीड़ को देखते ही अपनी गाड़ी खड़ी करवरकर घटना की जानकारी ली। जिसमें पता चला कि गोविंद प्रजापति नाम के वृद्ध व्यक्ति का एक्सीडेंट हो गया है। सांसद डॉ. राजेश मिश्रा तुरंत उनके इलाज के लिए जुट गए। आसपास से मलहम पट्टी मंगाकर घायल प्रजापति का प्राथमिक उपचार कर तत्काल जिला चिकित्सालय के लिए वाहन मंगा कर तुरंत जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु रवाना किया। जिसके कारण गोविंद प्रजापति के परिजन एवं आसपास के लोग सांसद डॉ. मिश्रा की संवेदनशीलता के कायल हुए और उनकी खुले दिल से प्रशंसा करते हुए दिखे। एक व्यक्ति ने कहा कि सांसद डॉ. राजेश मिश्रा घायल हुए व्यक्ति के लिए किसी देवदूत से कम नहीं है। क्योंकि सांसद डॉ. मिश्रा के आने के पश्चात इन्हें जहां एक और प्राथमिक उपचार तुरंत मिला वहीं चिकित्सा के लिए भी तुरंत वाहन उपलब्ध हुआ और जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। इस दौरान दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कवि सम्मेलन आज, राहुल होंगे मुख्य अतिथि



जागरण, सीधी। तितिरा शुक्लानए रामपुर नैकिन में 28 अप्रैल को सायं 7:30 बजे से बघेली कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि चुरहट विधायक एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया होंगे। कवि सम्मेलन के आयोजक सुनील शुक्ला परिवार है। जिन्होंने अपने दिवंगत पिता स्व. राजा प्रसाद शुक्ल के पुण्य स्मृति में कवि सम्मेलन का आयोजन किया है। आमंत्रित कवियों में रामनरेश तिवारी निष्ठुर, सुदामा शरद, शिव शंकर मिश्रा सरस, सोमेश्वर सिंह सोम, सूर्यमणि शुक्ला, हेमराज त्रिपाठी हंस, शिवपाल तिवारी, कुमारी स्नेहा त्रिपाठी खनक, राम लखन सिंह महगना, राजकरण शुक्ला राज, धीरेंद्र त्रिपाठी तथा भास्कर मिश्रा भारत काव्य पाठ करेंगे। आयोजन समिति द्वारा कवि सम्मेलन की व्यापक तैयारी की गई है। क्षेत्रीय नागरिकों से आयोजन में पहुंचकर कवि सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

## मन की बात कार्यक्रम से मिलती है ऊर्जा: डॉ. मिश्रा



जागरण, सीधी। लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सीधी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सीधी विधानसभा के सेमरिया मण्डल के ग्राम पढ़खुरी नंबर 2 के बूथ क्र. 57 आजाद नगर, कोलान बस्ती में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों के साथ सुनी। मन की बात कार्यक्रम सुनने के पश्चात सांसद डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय प्रसारण है। इससे देश की गौरव गाथा और नए भारत की गतिविधियों की जानकारी मिलती है। जिससे प्रत्येक देशवासियों के मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। प्रत्येक भारतीय को यह प्रसारण आवश्यक रूप से सुनना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिला महमंत्री अशोक पटेल, मंडल अध्यक्ष राजेश द्विवेदी, मोतीलाल पटेल, संतोष पाण्डेय, मनोज परिहार, पूर्व सरपंच रामकुमार कोल सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## मध्यस्थता जागरुकता शिविर का किया गया आयोजन

जागरण, सीधी। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष प्रयाग लाल दिनकर की अध्यक्षता में दिनांक 26 अप्रैल 2025 को एडीआर सेंटर भवन में मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने उपस्थित न्यायाधीगण एवं अधिवक्तागण को मध्यस्थता के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण करने पर जोर दिया। उक्त शिविर में विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत यतीन्द्र कुमार गुरू, बृजेन्द्र सिंह अध्यक्ष अधिवक्ता संघ, सुश्री उर्मिला यादव प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश, लक्ष्मण डोडवे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुश्री सुनीता रावत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेंणी, सोनू जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सुश्री सरिता चौधरी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, अभिषेक साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी, अधिवक्तागण सूर्यकांत पाण्डेय, यज्ञप्रताप सिंह, राजेन्द्र सिंह परिहार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI
Admission open for session 2025-26 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
| --- | --- | --- |
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

Address:- Infront of Ramagovind palace
Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi
Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068

# निष्कासित भाजपा जिला उपाध्यक्ष की अग्रिम जमानत खारिज

## विशेष न्यायाधीश सीधी ने दिया निर्णय

### कलेक्टर न्यायालय में जिला बदर की कार्रवाई विचाराधीन



जागरण, सीधी

पार्टी से निष्कासित भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह पर सिटी कोतवाली थाना में छेड़खानी मामले में एफआईआर दर्ज होते ही उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। एफआईआर दर्ज की भनक लगते ही आरोपी अंडर ग्राउंड है। अग्रिम जमानत के लिए आरोपी द्वारा जिला न्यायालय सीधी में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी यतीन्द्र गुरु के न्यायालय में आवेदन अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत की गई थी वह भी 26 अप्रैल को खारिज हो गई। शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता सुखेन्द्र द्विवेदी एवं आपत्तिकर्ता की ओर से अधिवक्ता अरविंद शुक्ला ने पैरवी की। दलीलों को सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश ने कहा कि आरोपी के विरुद्ध पुलिस में पूर्व से 8 मामले पंजीबद्ध है, जिसकी विवेचना में उसके द्वारा पुलिस का सहयोग नहीं किया जा रहा है। ऐसे में उसको अग्रिम जमानत नहीं दिया जा सकता। मीडिया से चर्चा के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद शुक्ला ने बताया कि आरोपी सुरेश सिंह के विरुद्ध कोतवाली पुलिस थाना में इसके पूर्व से ही 8 मामले पंजीबद्ध है लेकिन वे पुलिस की विवेचना में कोई सहयोग सालों से नहीं कर रहे है जबकि पुलिस द्वारा धारा 41 के तहत नोटिस भी जारी की गई है। भाजपा में पदाधिकारी रहने के कारण पुलिस भी इन पर दबाव बना पाने में लाचार रही। जिला न्यायालय से आवेदन खारिज होने के बाद अब आरोपी अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट में प्रस्तुत कर सकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि आरोपी इतना दबंग था कि प्रेस कार्यालय के अंदर छेड़खानी करने में कोई खौफ महसूस नहीं किया। उसका यह कार्यालय के सीसीटीवी कैमरे में कैद है और फुटेज पुलिस के पास भी है। पीड़िता द्वारा कोतवाली थाना सीधी में 21 अप्रैल 2025 को आवेदन देकर आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई थी। एफआईआर दर्ज होने की खबर लगते ही आरोपी सुरेश सिंह का मोबाइल स्विच आफ हो गया और फरार है। कोतवाली पुलिस द्वारा इस मामले में आरोपी सुरेश सिंह निवासी अमरवाह के विरुद्ध धारा 74, 75, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

## वाटरशेड यात्रा अभियान के तहत टमसार मे हुआ कार्यक्रम



जागरण, सीधी। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय भूमि संसाधन विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई वाटरशेड विकास योजना के तहत कुसमी ब्लॉक के टमसार मे वाटरशेड यात्रा अभियान का भव्य समारोह कार्यक्रम जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह के मुख्य अतिथि टमसार सरपंच मकरंद सिंह उइके की अध्यक्षता जनपद सदस्य जमुनी देवी, सरपंच फूलबाई सिंह ठाढ़ीपाथर, सरपंच मेडरा कुंवर देव सिंह, सरपंच खोखरा पार्वती सिंह, सरपंच गुड़वाधार रामबाई सिंह के विशिष्ट अतिथि जिला परियोजना अधिकारी वाटरशेड सीधी दीपक अहिरवार, स्वच्छ भारत मिशन परियोजना अधिकारी सुचिता सिंह, इंजी. विवेक तिवारी, चित्रार्थ सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष ईश्वरदीन सिंह, डॉ. रामाधार साहू की उपस्थिती मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मे पानी रोको अभियान मे रैली निकालकर ग्रामवासियो को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह ने कहा की जल है तो जीवन है यह हमारे जीवन का आधार है। टमसार सरपंच मकरन्द सिंह उइके ने कहा की जल ही जीवन है पानी को बचाना आप सबका सहभागिता है और जिम्मेवारी है पानी को संचित करें पानी को रोकने का प्रयास करें जिस तरह धन को बैंक मे संचित करते हैं उसी तरह जल को भी संचित करें। वाटरशेड के माध्यम से आगे बढ़िए। जनपद सदस्य जमुनी देवी ने कहा की आज प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री महिलाओं को बहनो को धनी बनाएंगे इसके लिए वाडरशेड, आजीविका मिशन उदाहरण है। वहीं वाटरशेड परियोजना अधिकारी दीपक अहिरवार ने कहा की यह योजना 2021-22 मे लागू हुई थी। 2023 से काम स्टार्ट किया कुसमी के 5 पंचायतो मे बहुत सारे कार्य हुए आजीविका मिशन को ऋण दिया। उत्पादन प्रणाली के लिए काम किया वाटरशेड के माध्यम से अब तक कुल 29 कार्य हो चुके हैं, जिनमे 34 लाख की लागत से कृषक सेवा केन्द्र बना है। 27 खेत तालाब 11 अमृत सरोवर के कार्य हो चुके हैं। 5 खेत तालाब और 5 अमृत सरोबर का भूमिपूजन हो चुका है। जल्द ही कार्य प्रारम्भ होंगे। कार्यक्रम के अंत मे वाटरशेड के द्वारा आयोजित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं जल संरक्षण को लेकर शपथ दिलाई गई।

# जिले में अंधड़ और बूंदाबांदी से अन्नदाताओं की बढ़ी चिंता

जागरण मौसम

## दो दिनों से बदला हुआ है मौसम का मिजाज

### फसलों की कटाई एवं गहाई पर भारी असर



जागरण, सीधी

मौसम का मिजाज दो दिनों से पूरी तरह से बदल चुका है। पहले दिन तो दोपहर में हल्की बूंदाबांदी का दौर भी कई स्थानों में चला। जिसके चलते किसान अपनी फसलों को लेकर काफी चिंतित नजर आ रहे हैं। बादल छा जाने के बाद अंधेरे की स्थिति निर्मित हो जाती है। मौसम विभाग की ओर से भी लगातार तेज आंधी एवं बारिश की चेतावनी का अलर्ट जारी हो रहा है। किसान बदलते मौसम के कारण अपने सभी कार्य छोंडकर पहले गेंहूं की कटाई एवं गहाई का काम में जुट गए हैं। मौसम को देखते हुए किसान यह प्रयास कर रहे हैं कि फसलों की कटाई एवं गहाई का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो जाए और फसल सुरक्षित रूप से उनके घर पहुंच जाए। कुछ किसान राई, अरहर सहित गेंहूं की फसल काट चुके हैं लेकिन गेंहूं की फसल की थ्रेसिंग नहीं करवा पाए हैं। ऐसे में फसल खलिहान में ही पड़ी है। फसल को समेटने में किसान दिन-रात जुटे हुए हैं। चर्चा के दौरान समीपी क्षेत्रों के कुछ किसानों का कहना था कि इस समय यदि बारिश होती है तो किसानों की मेहनत पर पानी फिर जाएगा। जिले में कई स्थानों पर धूल भरी आंधी के साथ बूंदाबांदी भी आज हुई। मौसम विभाग के मुताबिक सीधी समेत कई जिलों में तेज अंधड़, बूंदाबांदी एवं हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। कई स्थानों में बूंदाबांदी भी हुई। अगले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज बदलते रहने की संभावना जताई गई है। इस वजह से किसानों की चिंताएं बढ़ी हुई हैं। चर्चा के दौरान कुछ किसानों का कहना था कि सीधी जिले में 75 फीसदी किसानों की फसलें घर पहुंच चुकी हैं। 25 फीसदी ऐसे किसान हैं जिनके फसलों की बोनी का कार्य देर से हुआ था। इस वजह से उनके यहां फसलों की कटाई एवं गहाई का कार्य भी पीछे बना हुआ है। दो दिनों से मौसम का मिजाज जिस तरह से बदला हुआ है उसके चलते काफी क्षति होने की संभावना बनी हुई है। तेज अंधड़ से आम एवं महुआ की फसल को सबसे ज्यादा क्षति हो रही है। आम एवं महुआ की फसल काफी अच्छी थी लेकिन दो दिनों से तेज अंधड़ का दौर चल रहा है। इस वजह से आम की फसल को काफी नुकसान हो चुका है। जो कुछ बचे हुए हैं वह भी धीरे-धीरे गिर रहे हैं। आम की पैदावार भी इस वर्ष काफी अच्छी थी लेकिन मौसम की मार के चलते यह फसल भी कम हो रही है।

### खेत और खलिहान में फसल, बढ़ रही आफत

जिले में मौसम का मिजाज बदलने से किसानों की आफत बढ़ गई है। किसानों के अनुसार कुछ जगहें में अभी फसल की कटाई और गहाई चल रही है। ऐसे में अगर अंधड़ एवं बारिश होती है तो काफी क्षति होगी। बताया जा रहा है कि कुछ जगहें में फसलों की कटाई चालू है उसमें गेंहूं के फसल की कटाई सबसे तेजी से हो रही है। अब अगर तेज अंधड़ एवं बारिश होती है तो फसल को क्षति पहुंचेगी। मौसम के बदलते मिजाज के चलते किसान भी इस प्रयास में हैं कि जल्द से जल्द फसलों की कटाई एवं गहाई का कार्य हो जाए। वैवाहिक कार्यक्रमों की शुरुआत भी होने से कुछ किसानों के फसलों की गहाई में विलंब है। मौसम के बदल रहे मिजाज के चलते किसान काफी सांसत में फंसे हुए हैं। कुछ किसानों का कहना था कि जिस तरह से फसलों की कटाई के समय मौसम लगातार बदल रहा है उसके चलते किसी अनहोनी की संभावना निर्मित हो रही है।

# अवैध क्लीनिकों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

## तीन क्लीनिक सील, दस्तावेज न मिलने पर होगी एफआईआर




जागरण, छतरपुर

स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने रविवार को जिला मुख्यालय पर संचालित तीन अवैध क्लीनिकों के खिलाफ छापामार कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ), एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम शामिल रही। अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों को सील कर दिया गया है, और दस्तावेज न प्रस्तुत करने पर एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी दी गई है।

सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता ने बताया कि कार्रवाई के दौरान क्रिश्चियन हॉस्पिटल के पास संचालित सिंह क्लीनिक के पास वैध दस्तावेज नहीं मिले, जिसके चलते क्लीनिक को तत्काल सील कर दिया गया। इसके अलावा, संकट मोचन मार्ग पर स्थित डॉ. शकील के क्लीनिक और आरोग्यम क्लीनिक पर भी छापामारी की गई है। इन क्लीनिक संचालकों से वैध डिग्री और अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है। डॉ. गुप्ता ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय में दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए, तो संबंधित संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। फिलहाल, तीनों क्लीनिकों को सील कर दिया गया है।

वहीं एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अवैध क्लीनिकों के खिलाफ यह अभियान चलाया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में संचालित क्लीनिकों के दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। इसके साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं, जिनमें एसडीएम, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) और अन्य स्टाफ शामिल हैं। ये टीमें अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध क्लीनिकों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि अवैध क्लीनिकों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगी।

## गर्मी के साथ-साथ बढ़ रहीं आगजनीं की घटनाएं

**छतरपुर।** जिले में अलग-अलग इलाकों में आगजनी की घटनाएं सामने आईं, जिनमें काफी नुकसान हुआ है। कहीं फायर ब्रिगेड के देर से पहुंचने की शिकायत रही तो कहीं ग्रामीणों ने खुद मोर्चा संभालकर आग बुझाई। सिविल लाइन थाना क्षेत्र, बमीठा, सटई और छतरपुर शहर में आगजनी के कारण काफी अफरातफरी का माहौल रहा। हालांकि, किसी भी घटना में जनहानि नहीं हुई है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के चंद्रपुर रेलवे स्टेशन के पास फोर लाइन ब्रिज के बगल में शनिवार की दोपहर में आग भड़क गई। यह आग उद्योग विभाग की जमीन के पास फैक्ट्रियों तक पहुंचने लगी थी। आग दोपहर करीब 2 बजे लगी, लेकिन फायर ब्रिगेड देरी से पहुंची। यहां आग में भूसे के कई ढेर जलकर खाक हो गए। बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ा के खेतों में भीषण आग लग गई थी। फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बाद भी समय पर मदद नहीं मिल सकी। आग में भूसा, लकड़ी और पेड़ जलकर खाक हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने खुद पानी और अन्य साधनों से आग पर काबू पाया।

### अमरोनिया गांव के खेतों में लगी आग, देवगांव-देवरा मार्ग रहा बंद

सटई थाना क्षेत्र के अमरोनिया गांव के खेतों में भीषण आग लग गई। आग की लपटों के चलते देवगांव-देवरा मार्ग बंद हो गया। आग के कारण राहगीरों को सड़क से निकलने में दिक्कत हुई। यहां भी लोगों को आग बुझाने के प्रयास स्थानीय स्तर पर करने पड़े।

# व्यापारियों ने प्रतिष्ठान बंद कर आतंकवाद के खिलाफ दिखाई एकजुटता, दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि



## पहलगाम नरसंहार पर व्यापारियों ने जताया आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर।** हाल ही में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में शनिवार को छतरपुर शहर पूरी तरह से बंद रहा। सुबह से ही चौक बाजार, बजरिया, पुरानी तहसील रोड सहित शहर का प्रमुख बाजार पूरी तरह बंद रहा। व्यापारी संगठनों ने एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ गहरी नाराजगी जताई और सरकार से हमले के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

व्यापारी ने बताया कि हिंदू समाज के लोगों पर हुए इस नृशंस हमले ने हर दिल को आहत किया है। सभी व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रखे और घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कृत्य समाज में भय का वातावरण फैलाते हैं, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार से मांग की गई कि दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लग सके। एक अन्य व्यापारी ने कहा कि सभी व्यापारियों ने छतरपुर बंद को पूर्ण समर्थन देते हुए बाजार बंद रखा है। ऐसी घटनाएं देश की अखंडता पर आघात करती हैं, इसलिए इस पर सख्त से सख्त कदम उठाए जाएं। दोपहर के वक्त चौक बाजार पर व्यापारी संगठनों ने एक सभा का आयोजन किया, जिसमें दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा के दौरान व्यापारियों ने एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। वहीं शाम के समय एडीएम मिलिंद नागदेवे, चौक बाजार पर मौजूद व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल के समक्ष पहुंचे, जहां उन्हें ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कठोर कानून लागू करने और दोषियों को सजा दिलाने की मांग की गई।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ एनसीसी कैंप का समापन



**कटनी।** 32 एमपी बटालियन एन सी सी कटनी द्वारा लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद सिंह के कुशल नेतृत्व में दिनांक 18 अप्रैल 2025 से सिल्कोबाइट कटनी डिग्री कॉलेज के दीक्षा भूमि परिसर में आयोजित किए जा रहे एन सी सी कैंप का आज दिनांक 26 अप्रैल 2025 को समापन हो गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजी हुई इस शाम में कटनी जिले के माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जितेंद्र कुमार शर्मा, माननीय मुख्य न्यायाधीश असिस्टेंट जे पी चढार , माननीय सचिव महोदय सुमित शर्मा, सिलिकोबाइट कटनी डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर शिक्षाविद श्री पारस जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के विभिन्न संस्थानों से आए एन सी सी कैडेट्स ने भारतीय संस्कृति का संरक्षण करती हुई अपनी प्रस्तुतियों से भारतीय परंपरा एवं सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करने सफल प्रयास किया। अपनी इन प्रस्तुतियों के माध्यम से वे उपस्थित जन मानस के पटल में अपनी छाप छोड़ने में सफल रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के बाद कैंप के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं जैसे शूटिंग, ड्रिल आदि में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कैडेट्स को जिला प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार शर्मा एवं कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से क्रमशः स्वर्ण एवं रजत पदक प्रदान किया गया। इस अवसर पर सभी ए एन ओ,सभी पी आई स्टाफ एवं मीडिया के बंधु उपस्थित रहे।

# छतरपुर में नदी-तालाबों का निरीक्षण अतिक्रमणकारियों को नोटिस



**छतरपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए प्रशासनिक कार्रवाई तेज कर दी गई है। इसी क्रम में कलेक्टर के निर्देश पर रविवार को एसडीएम अखिल राठौर और तहसीलदार संदीप तिवारी ने सिघाड़ी नदी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नदी का सीमांकन कराया गया और सफाई कार्य भी करवाया गया।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नदी क्षेत्र में अतिक्रमण पाया गया, जिसके चलते अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। मौके पर राजस्व निरीक्षक (आरआई), पटवारी, अन्य प्रशासनिक अधिकारी तथा पुलिस बल भी मौजूद रहा। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जल स्त्रोतों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जल्द ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी की जाएगी। प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि वे जल स्त्रोतों के संरक्षण में सहयोग करें और अवैध अतिक्रमण की जानकारी प्रशासन को दें।

# केंद्र के समान बढ़ी महंगाई भत्ते का अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघ ने किया स्वागत

**कटनी।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अपने अधिनस्थ्य कार्यरत अधिकारीयों- कर्मचारियों को केंद्रीय कर्मचारीयों के समतुल्य 55प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता स्वीकृत किये जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए, संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारीयों द्वारा प्रदेश के मुख्य मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया गया है. विगत जुलाई 2024से महंगाई भत्ते में शासन स्तर से कोई बढोत्तरी न होने से प्रदेश का अधिकारी कर्मचारी काफ़ी हताशव परेशान था तथा बढ़ती हुई महंगाई सेउन्हें दो-दो हाथ करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था,यही कारण है, कि संयुक्त मोर्चा कर्मचारी संघ निरंतर शासन पर महंगाई भत्ता बढ़ाने हेतु दबाब बनाये हुए थे. विगत कुछ दिन पूर्व संगठन द्वारा कर्मचारियों के आर्थिक हित से जुड़े इस मांग को मनवाने हेतु जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक जोरदार प्रदर्शन भी किया गया था. परिणाम स्वरूप मोहन सरकार द्वारा कर्मचारियों की पीड़ा को समझ कर उन्हें 1जुलाई 24 से लंबित 3%और1जनवरी 2025से लंबित 2%महंगाई भत्ते की किस्त देकर महंगाई भत्ते को केंद्र के बराबर करके कर्मचारियों की नाराजगी दूर करने का सफल प्रयास किया गया .लंबित 5%महंगाई भत्ते की किश्त के घोषणा की खबर लगते ही कर्मचारियों में हर्ष का वातावरण स्पष्ट देखने को मिला. कर्मचारी गण एक दूसरे को बधाई देते देखे गये.इस हेतु मध्यप्रदेश अधिकारी - कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ के जिला पदाधिकारीयों में संस्थापक सरमन तिवारी,जिलाध्यक्ष आर. के. बत्रा,सचिव हरप्रीत सिंह ग्रोवर, महामंत्री सुनील मिश्रा,और प्रवक्ता कुंवर मार्तण्ड सिंह राजपूत ने प्रदेश के मुखिया को ईमेल करके उन्हें धन्यवाद प्रेषित करते हुए, अधिकारीयों -कर्मचारियों की अन्य शेष लंबित मांगों की पूर्ति भी यथा शीघ्र करने का अनुरोध किया गया।

# छतरपुर जिले में वरदाने की भारी कमी, किसानों की उपज अटकी

**हरपालपुर।** छतरपुर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए बनाए गए उपार्जन केंद्रों पर वरदाने की भारी कमी के चलते किसान परेशान हो रहे हैं। स्थिति यह है कि बीते दिनों हरपालपुर रेलवे स्टेशन के रैंक पॉइंट पर पश्चिम बंगाल से आई 3500 गठानों की रैंक को सागर और दमोह जिले भेज दिया गया, जबकि छतरपुर जिले को इससे वरदाना नहीं मिल पाया। जानकारी के मुताबिक, प्रदेश में गेहूं, चना, मसूर और सरसों की खरीदी चल रही है। अच्छे दाम मिलने के कारण किसान बड़ी संख्या में फसल लेकर खरीदी केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन बारदाने की कमी और भुगतान में देरी से समस्याएं बढ़ गई हैं। नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक राजेश सकलिया ने बताया कि यह रैंक सागर जिले के लिए आई थी। छतरपुर जिले में अभी केवल 800 गठानों का स्टॉक मौजूद है, जिससे अधिकतम दो लाख क्विंटल गेहूं की खरीदी हो सकती है। सोमवार को एक और रैंक आने की संभावना है। हालांकि जमीनी हकीकत अधिकारियों के दावों के विपरीत नजर आ रही है। जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों जैसे हरपालपुर मंडी, अलीपुरा और लवकुशनगर में वरदाने की कमी के चलते तीन दिनों से किसानों की उपज खरीदी नहीं हो पा रही है। यदि जल्द व्यवस्था नहीं की गई तो सोमवार तक स्थिति और गंभीर हो सकती है। किसानों का कहना है कि उपज तैयार होकर खरीदी केंद्रों पर पहुंच चुकी है।

# अद्भुत विवाह समारोह में विधायक के साथ अनेकों हस्तियों का आगमन



**कटनी।** विजयराघवगढ़ कैमोर शर्मा परिवार के वैवाहिक आयोजन मे अनोखी बाते सामने आई बेटे की शादी को लेकर जमकर उत्साहित माता पिता ने किए आयोजन। दुल्हे अविशेख दुल्हन शिवानी की खुशी मे दादा धनीराम शर्मा पिता अनिल शर्मा चाचा अजय पप्पू शर्मा ने नगर व आसपास के सभी परिचित मित्रों शुभचिंतको के साथ साथ रिश्तेदारों को आमंत्रित कर दुल्हे को आशिर्वाद ग्रहण कराया तिलक आयोजन मे छेत्री विधायक संजय सत्येंद्र पाठक भी सामिल हुए विधायक की उपस्थिति से माता पिता हर्षीत मन के साथ भव्य स्वागत कर आशिर्वाद ग्रहण किया अविशेख शिवानी का शुभ विवाह दिल्ली मे विश्वास स्वरूपम के साथ सम्पन्न होगा 27 अप्रैल को कैमोर निज निवास से शर्मा परिवार सभी बरातियों को लेकर दिल्ली के लिए रवाना होगे। तीन दिवसीय आयोजन मे सर्व प्रथम 20 अप्रैल को रात्री तिलक समारोह आयोजित हुआ तथा 25 अप्रैल को हल्दी के साथ गर्वानाईट आयोजन मे सभी महिला पुरुष विभिन्न प्रकार के व्यजन का आनंद लेते हुए गर्वानाईट मे झुमते नाचते नजर आए। इस वैवाहिक कार्यक्रम मे खासतौर पर बच्चों के लिए खास व्यवस्था की गयी थी खेद कुद के अलावा भोजन भी बच्चों के अनुसार ही रखा गया था तथा 26 को संगीत के साथ डिजे नाईट का आयोजन बेहद विशाल स्वरूप के साथ सम्पन्न हुआ रंग विरंगी लाईट के बिच अतिथियों की फैन्सी पोसाग अलग ही तस्वीर दिखा रही थी। दादा धनीराम शर्मा पिता अनिल शर्मा व चाचा अजय पप्पू शर्मा अपने अपने जुगुल जोडे के साथ संगीत की धुन का आनंद प्राप्त कर रहे थे। बताया जा रहा है कि कैमोर मे अभी तक ?सा विवाह उत्सव नही देखा गया तीन दिवसीय खुशीयो के बीच अतिथियों को भी इस खुशी का हिस्सा बनाया गया।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बच्चों को किया गया नशा मुक्ति के लिए जागरुक

**कटनी।** जितेंद्र कुमार शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में सचिव सुमित शर्मा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी एवं हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी की उपस्थिति में नशा की रोकथाम के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन वा जागरूकता शिविर का आयोजन किड्स केयर उच्चतम माध्यमिक विद्यालय तिलक कॉलेज के पास कटनी में किया गया संस्थापक डॉक्टर डी के खरे और ममता खरे कात्यानी खरे जी के द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया सुमित शर्मा जी के द्वारा भविष्य में कैसे बच्चे आगे बढ़े नई-नई जानकारियां दी नशा से कैसे बचे नशा कितना हानिकारक है बच्चों को बताया विधिक सहायता सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन के द्वारा नशा से अपने आप को कैसे सुरक्षित रखकर पढ़ाई कर कर आगे बढ़े बच्चों को मोटिवेट किया साथी निशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी श्रीमती प्रीति सेन के द्वारा नालसा एवं सालसा की जानकारी दी।

FOR CHANGE OF NAME
WIFE OF SERVING SOLDIERS
CHANDRA REKHA MISHRA

I, (Existing Name of spouse as per change of Next of Kin Record/Service document) spouse of Jugal Kishor Tiwari (name of the husband), resident of sarahanja post birwahi panna (M.P.) Pin code 488333 (Address) have change my name from Chandra Rekha Mishra (existing name of spouse as per change of Next of Kin Record/Service document) to Chandra Rekha Tiwari (proposed/adopted new name) vide Affidavit dated 09.04.2025 (Date of the Affidavit in DD/MM/YYYY for-mat) before District Chhatar-pur (M.P.) (name and place of the Court).

RN- 82066

नाम सुधार सूचना

मैं शास्त्री रविशंकर चतुर्वेदी ग्राम हिनौती पो. हिनौती तह. सिरमौर, जिला–रीवा (म.प्र.) का निवासी हूं। मैं कथन करता हूं कि मेरे आर्मी दस्तावेज में मेरे पुत्र का नाम दुष्यंत कुमार चतुर्वेदी अंकित है जो गलत है। जबकि मेरे पुत्र के अन्य दस्तावेजों अंकसूची एवं जन्म प्रमाण पत्र में प्रचलित नाम दुष्यंत चतुर्वेदी (Dushyant Chaturvedi) दर्ज है। जो पूर्णतया सत्य है। अतः मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम दुष्यंत कुमार चतुर्वेदी की जगह दुष्यंत चतुर्वेदी (Dushyant Chaturvedi) दर्ज किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN- 80580 शास्त्री रविशंकर चतुर्वेदी




ट्यूशन हेतु शिक्षक की आवश्यकता है

कक्षा 10वीं सीबीएसई (गणित) अंग्रेजी माध्यम।
पता:- बुलेट एजेंसी के सामने मेन रोड रतहरा रीवा,
मो. न. 9993217514, 8839450252 (आरएन. जीएम सर 02/05)

लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवसाय मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी(म0प्र0)

सम्राट चौराहा के पास, ई-मेल eephedsid@nic.in फोन नम्बर 07822-292508

निविदा सू0क0 01/नि.प्र./व.ले.लि./का0य0/लो0स्वा0यां0वि0/25-26 सीधी दिनांक 23.04.2025

निम्न कार्यो हेतु निविदा का ऑनलाईन बेबसाइड http//mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आनलााईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08.05.2025 सायं 5:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 13.05.2025 को 11:00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति उपरोक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

Name of work- Providing a complete utility vehicle for handpump maintanance (per thousand number of handpump) विकासखण्ड सीधी, सिहावल,चुरहट,रामपुरनैकिन, कुसमी के ग्रामों में स्थापित निम्नानुसार स्थापित हैण्डपम्पों का संधारण कार्य की निविदा ।

| S. N. | Tender ID | Block and HP No | Mo of Hand Pump | PAC(Rs. in Lakh) | E-EMD in Rs | Cost of Tender | NO.Of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE_PHED_418566_1 | सीधी पूर्वी भाग-1 | 1226 | 13.11 | 26220 | 2000 | III Call |
| 2 | EE_PHED_418567_1 | सिहावल सोननदी के दक्षिणी भाग विधानसभा क्षेत्र सीधी | 1357 | 14.52 | 29040 | 2000 | III Call |
| 3 | EE_PHED_418568_1 | रामपुर नैकिन सोननदी का दक्षिणी भाग- 2 | 1004 | 11.35 | 22700 | 2000 | III Call |
| 4 | EE_PHED_418569_1 | कुसमी ग्रुप-ए | 1130 | 12.09 | 24180 | 2000 | III Call |
| 5 | EE_PHED_418571_1 | कुसमी ग्रुप-बी | 1100 | 11.77 | 23540 | 2000 | III Call |

G-12070/25

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकीय विभाग
खण्ड सीधी (म0प्र0)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी रीवा खण्ड रीवा (म0प्र0)

निविदा सू0क्रं0 02/2025-26/लेखा/का0यं0/लो0स्वा0यॉं0/2025 रीवा, दि0 23.04.2025

ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना

(1) निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑन लाइन निविदायें एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकीय विभाग, भोपाल की नलकूपों के खनन एवं अन्य कार्य से संबंधित दिनांक 01.09.2023 से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों जिनके पास स्वयं के स्वामित्व की ड्रिलिंग मशीन उपलब्ध हो, निविदा ऑन लाइन टेण्डर प्रकिया के तहत आमंत्रित की जाती है।

ऑन लाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक 25.04.2025 डाक्यूमेन्ट डाउन लोड/टेण्डर फार्म कय प्रारम्भ तिथि 25.04.2025 टेण्डर फार्म क्रय की अंतिम तिथि 09.05.2025 बिड सबमिशन प्रारम्भ का दिनांक 25.04.2025 एवं बिड सबमिशन का अंतिम तिथि 09.05.2025 को सायं 5.30 बजे तक निर्धारित हैं। Manadatory 'A' & Financial bid Open का दिनांक 13.05.2025 को अपरान्ह 3.30 बजे निर्धारित है।

(2) उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेवसाइट (http//www.mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।
(3) निविदाऍं, निर्धारित तिथि दिनांक 13.05.2025 को खोली जावेंगी।
(4) कार्य का विवरण :-

रीवा जिले के खण्ड रीवा के अन्तर्गत विभिन्न विकासखण्ड़ों में फास्ट ड्रिलिंग मशीन से 125/115 मि.मी. व्यास के 90 मीटर गहरे सफल नलकूपों के खनन संबंधित सम्पूर्ण कार्य।

| ई- टेण्डर नं0 | विकास खण्ड का नाम | समूह में नलकूपों की संख्या | कार्य की अनु0 लागत (रू0 लाख में) | प्रतिभूति राशि रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल छोड़कर) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2025_PHED_418556_1 | रीवा (A) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_418558_1 | रीवा (B) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_418560_1 | रीवा (C) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_418561_1 | गंगेव (A) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_418562_1 | गंगेव (B) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_418564_1 | गंगेव (C) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_418565_1 | सिरमौर (A) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_418570_1 | सिरमौर (B) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_418573_1 | सिरमौर (C) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_418574_1 | जवा (A) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_418576_1 | जवा (B) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_418578_1 | जवा (C) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_418580_1 | रायपुर (A) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_418582_1 | रायपुर (B) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |
| 2025_PHED_418583_1 | रायपुर (C) | 10 | 7.10 | 14200.00 | 1 माह | 2000.00 |

निविदा सूचना से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से ली जा सकती है। विस्तृत निविदा विभागीय वेवसाइट (http//www.mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।

G-12041/25

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी खण्ड,
रीवा (म0प्र0)

# ज्ञान दीप स्कूल की एलुमनाई मीट 2025 का हुआ भव्य आयोजन



## देश विदेश में सीधा प्रसारण देख रोमांचित हुए जान दीप स्कूल के पूर्व छात्र

**जागरण मंडला।** ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल मंडला के पूर्व छात्रों का सम्मेलन आयोजित किया गया। एल्युमिनाई मीट 2025 में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से ज्ञानदीप के पूर्व छात्र मंडला पहुंचे थे। कार्यक्रम को भव्य व यादगार बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। सबसे पहले इस एल्युमिनाई मीट में शामिल होने वाले सभी पूर्व छात्र नगर पालिका परिसर में एकत्र हुए और उसके बाद ढोल और धमाकों के साथ थिरकते हुए सभी ज्ञानदीप स्कूल पहुंचे। ज्ञानदीप स्कूल के प्रवेश द्वार में वर्तमान छात्राओं द्वारा तिलक लगाकर और पुष्प बरसाकर उनका स्वागत / अभिनंदन किया गया। स्कूल में प्रवेश करते ही पूर्व छात्र अतीत की सुनहरी यादों में खोए नजर आए। मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत एडीएम अरविंद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान संस्था के उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, सचिव डॉक्टर संजय तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य संजय मिश्रा व लक्ष्मीनारायण पटेल भी उपस्थित थे।

दीप प्रज्वलन बाद ज्ञानदीप स्कूल की छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण करते हुए कॉलेज एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के सचिव डॉक्टर संजय तिवारी ने स्कूल प्रबंधन की तरफ से सभी पूर्व छात्रों का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि यह बहुत ही खुशी का पल है कि देश के विभिन्न हिस्सों से पूर्व छात्र इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए यहां पहुंचे हैं। दिल्ली, नोएडा, पूना, रायपुर, दुर्ग, दमोह, भोपाल, जबलपुर, बैतूल, नागपुर, बैंगलोर आदि जगहों से यहां पहुंचे। स्कूल से पढ़कर पूर्व छात्र भारतीय सेना, प्रशासनिक सेवा, पुलिस सेवा, न्यायिक सेवा, अधिवक्ता और विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहे। मंडला जिले के प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं में स्कूल के पूर्व छात्र शामिल है। उसकी ऑटोमोबाइल्स, ट्रैक्टर, कंफेक्शनरी, टाइल्स, माइनिंग, होटल इंडस्ट्री, स्कूल इंडस्ट्री सहित विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में दक्षता रखते हुए जिले की अर्थव्यवस्था में 25त्न योगदान दे रहे हैं। इस आयोजन को मूर्त रूप देने के लिए उन्होंने मंडला कलेक्टर व संस्था के अध्यक्ष डॉ सोमेश मिश्रा का खास तौर से जिक्र करते हुए कहा कि उनकी पहल पर ही यह कार्यक्रम यहां आयोजित हुआ है। उन्होंने पूर्व छात्रों का आवाहन किया कि वह इस स्कूल के उत्थान में हर तरह का अपना योगदान दें। संजय तिवारी ने कहा कि इस बार तो यह मीट ओपन मैदान में हुई है लेकिन अगला सम्मेलन कॉन्फ्रेंस हॉल में होगा।

संस्था की वरिष्ठतम शिक्षिका तपोशी सिंह ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि आज वह सभी छात्र यहां मौजूद हैं जो पिछले 30 - 35 साल पहले यह अध्यनरत थे। आज कई ऐसे कई छात्र नज़र आ रहे है जिनको हमने पढ़ाया और उनके साथ-साथ उनके बच्चों को पढ़ने का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने कहा कि संस्था के पूर्व छात्र आज भी उतने ही आदर से मिलते हैं जैसे बचपन में मिलते थे। उन्होंने अपना एक संस्मरण सांझा किया जब वो स्कूल की ट्रिप लेकर इंदौर गई थी और उन्हें कोई परेशानी का सामना करना पड़ा तब उन्होंने इंदौर में पदस्थ एडिशनल एसपी व ज्ञान दीप के पूर्व छात्र अंकित शुक्ला के संपर्क किया और उन्होंने तत्काल समस्या का समाधान कराया। जब वे यह संस्मरण सुना रही थी तब अंकित भी सम्मलेन में मौजूद थे। स्कूल के छात्राओं द्वारा शानदार छत्तीसगढ़ी और पंजाबी नृत्य प्रस्तुत किया गया। पूर्व छात्रों की तरफ से दीपक गुप्ता और ताजिम अल्वी ने अपने स्कूल के दिनों के संस्मरणों को कविता के जरिए प्रस्तुत कर माहौल बना दिया।

इस दौरान स्कूल की अनेक पूर्व छात्राओं ने अपने संस्मरण साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे आज एक सफल जीवन व्यतीत करने में स्कूल के दिनों में टीचर्स द्वारा दी गई सीख कमा आई। ऐसे ही संस्मरण मंडला के स्थापित अधिवक्ताओं और व्यवसायी ने भी व्यक्त किया, जो स्कूल के पास आउट होकर अपने क्षेत्र में काफी नाम कमा रहे हैं। पूर्व छात्रों की तरफ से संस्था को एक मोमेंट गिफ्ट किया गया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य रफीक खान ने किया कार्यक्रम का संचालन वैशाली सिंह ने किया। मंचीय कार्यक्रम के बाद सभी पूर्व छात्रों ने अपने-अपने क्लासरूमों का भ्रमण किया और यादगार तस्वीरें ली। स्कूल परिसर से सभी पूर्व छात्र माहिष्मती घाट के लिए कारों के काफिले के साथ रवाना हुए और संध्या आरती में शामिल हुए। कार्यक्रम का दूसरा चरण होटल किंगफिशर में हुआ जहां समस्त पूर्व छात्र एकत्रित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर हुई और फिर शुरू हुआ डांस और मस्ती का सिलसिला। कई लोगों ने अपनी प्रतिभा के हुनर दिखाते हुए एक से बढ़कर एक नग्मे प्रस्तुत कर माहौल को यादगार बना दिया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में सभी पूर्व छात्रों को स्मृति-चिह्न भेंट कर अगले साल फिर मिलने का वादा करते हुए विदा किया गया।

### अमेरिका में बैठकर देखा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

ज्ञान दीप स्कूल की एल्युमिनाई मीट 2025 का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल किया गया। इस प्रसारण को देश-विदेश में मौजूद ज्ञानदीप के पूर्व छात्रों ने देखा और इसके सहभागी बने। शैली व विपिन पटेल ने अमेरिका के ग्रीनवुड इंडियाना से इस कार्यक्रम को देखा और इसकी एक यादगार तस्वीर भी साझा की। बड़ोदरा गुजरात में मौजूद नीति गुरु ने बताया कि यूट्यूब पर इस कार्यक्रम को उन्होंने अपने परिवार व कॉलोनी वासियों के साथ लाइव देखा और बाकायदा एक छोटा समारोह भी आयोजित किया। इंडियन आर्मी में कर्नल और खामगांव महाराष्ट्र में पदस्थ ओमेश शुक्ला व जम्मू में पदस्थ कर्नल विक्रम सिंह सहित अनेक पूर्व छात्रों ने इसे लाइव देखा और इसकी सराहना की।

# नगर में 16 जगह खोले गए प्याऊ विधायक ने बस स्टैंड में किया उद्घाटन



**जागरण ब्यौहारी।** नगर परिषद के अंतर्गत बस स्टैंड लोढ़ा धार मंदिर के सामने प्याऊ का उद्घाटन किया जिससे बस स्टैंड में यात्रियों एवं नगर जनों को ठंडा पानी उपलब्ध हो सकेगा। कार्यक्रम का संचालन समीम खान ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप विधायक शरद कोल, सौम्या आनंद एस डी एम,चंद्र कली पटेल उपाध्यक्ष,सनी द्विवेदी नायब तहसीलदार ,शत्रुघ्न पटेल,शरद गौतम सी एम ओ, वीरेंद्र चतुर्वेदी, गोवर्धन उपाध्याय,सूदामा गुप्ता,विद्या मिश्रा,राम यश सोनी,पिंटू शुक्ला,राजू खान पार्षद एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# नवोदय विद्यालय की छात्रा शौर्या साहू इसरो के युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम के लिए चयनित

**जागरण डिंडोरी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ढ्ढस्क्रह्र), अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार द्वारा अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के बारे में बुनियादी ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम के लिए मध्य प्रदेश से पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव, जिला-डिंडोरी में कक्षा दसवीं में अध्यनरत छात्रा कु. शौर्या साहू का चयन किया गया है। कु. शौर्या साहू ढ्ढस्क्रह्र बेंगलुरू के %सतीश धवन स्पेस सेंटर%, श्रीहरिकोटा (इसरो केंद्र) में मई माह में आयोजित होने वाले यंग साइंटिस्ट प्रोग्राममें भाग लेंगी। विदित होवे की श्रीहरिकोटा से ही चंद्रमा और मंगल ग्रह पर सेटेलाइट भेजने के लिए रॉकेटो का प्रक्षेपण किया जाता है।

नवोदय विद्यालय डिंडौरी की चेयरपर्सन कलेक्टर नेहा मारव्या के निर्देशन एवं संस्था के प्राचार्य डॉ. हर्ष प्रताप सिंह तथा विज्ञान शिक्षक आयुष लहरिया (टीजीटी) के कुशल मार्गदर्शन में कु. शौर्या ने यह उपलब्धि प्राप्त कर विद्यालय को गौरवांवित किया है। नवोदय विद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों के द्वारा कु.शौर्या की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं प्रेषित कर प्रसन्नता व्यक्त की गई है।

## क्रेशर मशीन में फंसकर नाबालिग मजदूर की दर्दनाक मौत

**जागरण डिंडोरी।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के लुकामपुर गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां भवानी स्टोन क्रेशर में काम कर रहे 15 साल 9 महीने के नाबालिग बालक की मजदूरी के दौरान मौत हो गई। मृतक लकी स्टोन क्रेशर मशीन में पत्थर भरने का कार्य कर रहा था, इसी दौरान वह असावधानीवश मशीन की चपेट में आ गया। क्रेशर मशीन के पट्टे में फंसने के कारण लकी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डिंडोरी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि नाबालिगों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है। अब पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आखिर इतनी कम उम्र के बालक से खतरनाक कार्य कैसे कराया जा रहा था। घटना के बाद से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## सीईओ ने देवरीकला में निर्माणाधीन पीएम जनमन आवास का निरीक्षण किया

जागरण मंडला,सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने शनिवार को ग्राम पंचायत देवरीकला प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत बन रहे घरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री कूमट ने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवास का निर्माण निर्धारित समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता मानकों के अनुसार पूरा हो। उन्होंने लाभार्थियों से भी बातचीत की और उन्हें आवास निर्माण में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

# गांधी का रामराज्य आंतकवादियों के सर्वनाश से ही संभव



**गोविन्दगढ़।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविन्दगढ़ परिवार की एक आपात बैठक आहूत की गई। बैठक में पहलागाम में आतंकवादियों के द्वारा किए गए भीषण नरसंहार में निरपराध, निहत्थे 27 बन्धुओं की दिवंगत आत्माओं को शोक श्रद्धांजलि दी गई एवं उनकी आत्मा को सद्गति प्राप्त करने तथा उनके परिवारजनों को गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने व घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भगवान से प्रार्थना की गई। साथ ही यह कहा गया कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का रामराज्य आतंकवादियों के समूल नाश से ही होना संभव है। देश की रक्षा के लिए समस्त राष्ट्रीय विद्यालयों में एन.सी.सी. द्वारा सैनिक शिक्षा भी दी जाए ताकि सभी छात्र व देश के युवक युद्ध कौशल में पूर्णतः निपुण होकर देश के काम आ सकें। बैठक में अध्यक्ष सदिव गुप्त, व्यवस्थपक जगदीश गुप्त एडवोकेट कोषाध्यक्ष, केशव प्रसाद सोंधिया, सम्म्मानी सदस्य श्रवण कुमार सिंह तिवारी, विद्यालय के प्राचार्य रावेन्द्र कुमार खरे आचार्य मदनलाल सोधिया, रामरहीश पाण्डेय, शंकर लाल कुशवाहा, सत्येन्द्र पाण्डेय, सुरेश सोधिया, दिनेश सोधिया राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, विनायक मिश्रा, मोहित सोधिया, आशीष कुमार द्विवेदी, आचार्या सविता तिवारी, प्रणीण पाण्डेय, शशिकला रजक, एवं छात्र अमन गुप्ता, हर्ष गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, सपना गुप्ता, श्रीतिका मिश्रा, कनक गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सरपंच-सचिव की मनमानी, 80 मीटर में समेट दी 100 मीटर की सड़क, सांठगांठ कर सरकारी राशि का किया जा रहा बंदरबाट

**जागरण डिंडोरी।** जनपद पंचायत डिंडौरी के ग्राम पंचायत कनाईसांगवा में सीसी रोड निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। बता दें कि ग्राम पंचायत के द्वारा आगनबाड़ी भवन से शनि मंदिर तक पांचवें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत ?4.32 लाख की राशि से सड़क निर्माण कराया जा रहा है, जिसकी लंबाई 100 मीटर प्रस्तावित थी।

लेकिन ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों के द्वारा नियमों को ताक पर रखकर केवल 80 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया गया। शेष 20 मीटर की जगह उपलब्ध न होने के बावजूद पंचायत ने बिना आवश्यकता के साइड में दुबारा सड़क बनाई जा रही है, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग का गंभीर आरोप सरपंच और सचिव पर लगाया जा रहा है। जबकि शेष सड़क को आवश्यकता वाले अन्य स्थानों पर सड़क निर्माण कराया जा सकता था, परंतु सरपंच और सचिव ने मनमाने ढंग से निर्माण कार्य कराया है। वहीं संबंधित उपयंत्री भी मामले में कोई रुचि नहीं ले रहे, कहना गलत नहीं होगा कि मिलीभगत कर सरकार की राशि का बंदरबाट किया जा है।

### सूचना पटल में बिना जानकारी अंकित करे लाखों रुपए का निर्माण

ग्राम पंचायत कनाईसांगवा में लाखों रू. की लागत से सीसी सड़क का निर्माण कार्य काराया जा रहा है। जहां जिम्मेदारों के द्वारा निर्माण स्थल में सूचना पटल में जानकारी लिखना उचित ही नहीं समझा। जबकि कोई भी निर्माण कार्य प्रारंभ कराने से पहले निर्माण स्थल में सूचना पटल पर संबंधित निर्माण कार्य की जानकारी लिखने का आदेश कलेक्टर नेहा मारव्या सिंह के द्वारा जारी कर अनिवार्य कर दिया गया है। किंतु जिम्मेदारों के द्वारा आदेश और दिशा-निर्देशों की पूरी तरह से धज्जियां उड़ाई जा रही रहे है। निर्माण स्थल में सूचना पटल नहीं होने के कारण ग्राम के आमजनों समेत अन्य लोंगो को उक्त सीसी रोड की लागत एवं मद समेत अन्य जानकारी नहीं मिल पा रही है। अखिर क्या कारण के उपयंत्री समेत ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों के द्वारा जानकारी छुपाया जा रहा है।



### इनका कहना है

जांच टीम बनाकर सड़क की जांच कराई जाएगी,जो भी गड़बड़ी होगी,उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मनमानी तरीके से काम कराया जा रहा है तो रिकवरी होगी।

**निखिलेश कटारे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डिंडौरी**

# जामू को विधायक ने दी 356 लाख के सड़क की सौगात, अब नहीं खाने पड़ेंगे हिचकोले

## 2013 तक सबसे पिछड़ा विधानसभा क्षेत्र था सिरमौर : विधायक

**सिरमौर, नि.प्र.।** सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह द्वारा जनपद पंचायत सिरमौर अंतर्गत ग्राम पंचायत जामू में रु. 356.39 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन कर ग्राम वासियों को सौगात दिया है । ग्राम पंचायत में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह, विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष रवीना साकेत, सीमा त्रिपाठी जनपद सदस्य, सरपंच उमा सिंह एवं अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर कुशवाहा रहे।



इस अवसर पर सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा सिरमौर में 2013 में जब हम पहली बार चुनाव लड़े थे तब हमने देखा था कि सिरमौर रीवा जिले में सबसे पिछड़ा क्षेत्र है । यहां पर रोडो में गड्ढे हैं। सड़कों की हालत पगडंडी जैसी है । तराई अंचल में लोग लालटेन और मोमबत्ती लेकर जीवन यापन कर रहे थे । हमने प्रण किया था कि हम यहां की व्यवस्थाएं बदलेंगे । हमने अपने पहले ही कार्यकाल में रोड़ों का जाल बिछाने का काम किया है।

श्री सिंह ने कहा की ग्राम पाली में राम गरीब गौतम के घर से ग्राम जामु महाना नदी तक 356.39 लाख की लागत से सड़क का निर्माण किया जा रहा है । जिससे इस क्षेत्र का विकास होगा । विधायक श्री सिंह ने कहा की सेमरिया क्षेत्र के शाहपुर से होते हुए बैकुंठपुर से सिरमौर मार्ग में जोड़ने सड़क का निर्माण 70 करोड़ की लागत से जल्द ही शुरू होगा । जिसके लिए बजट स्वीकृत हो गया है । इस अवसर पर उमा सिंह सरपंच द्वारा ग्राम पंचायत के विकास में संचालित योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी । साथ निर्मित होने वाली सड़कों का नाम शहीद मेजर कमलेश पाठक एवम समाजसेवी संभू प्रसाद साहू के नाम किए जाने की मांग रखी ।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में मंडल महामंत्री नरेंद्र सिंह बेटा, पुष्पेंद्र सिंह कल्लन कोषाध्यक्ष, प्रतिनिधि विजय सोनी, बृजेश सिंह , उमा सिंह , सुदीप सिंह, भाजपा मंडल के पदाधिकारी जनपद सदस्य , सरपंच, पंच एवं स्थानीय जन उपस्थित रहे ।

# इंजी. संजय गुप्ता की द्वितीय पुण्य तिथि 3 मई को गुढ़ में

## दिव्य सुंदरकांड, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सहित कई कार्यक्रम होंगे आयोजित

## मुख्य अतिथि होंगे गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह



**गुढ़ (नि.प्र)।** इंजी.संजय गुप्ता के स्मृति में स्थापित श्री संजय गुप्ता स्मृति सेवा संस्थान गुढ़ द्वारा उनकी द्वितीय पुण्य तिथि 03 मई 2025 दिन शनिवार को श्री भागवत पैलेश वार्ड नं 14 गुढ़वा नगर परिषद गुढ़ में मनाई जाएगी। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक माननीय नागेंद्र सिंह सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में शामिल होंगे। उक्त अवसर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य एवं निःशुल्क दावा वितरण शिविर लगाया जाएगा। दोपहर 1:30 से 4:30 तक दिव्य सुंदरकांड का संगीतमय पाठ तदोपरांत सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पुस्तक का वितरण एवं श्री हनुमान चालीसा का सात बार पाठ विधायक की उपस्थिति में किया जाएगा। उसके बाद प्रसादी का वितरण और संस्थान द्वारा संचालित निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक श्री सिंह के द्वारा किया जाएगा। उक्त कार्यक्रमों में शामिल होने हेतु क्षेत्रीय नागरिकों से निवेदन भारतीय जनता पार्टी मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि गुढ़ एड. अनंत कुमार गुप्ता गुढ़ ने की है।

# सूचकांक रिपोर्ट में उलट हैं खुशहाली और बदहाली के पैमाने

● डॉ. सुरजीत सिंह ●

विश्व खुशहाली 2025 की रिपोर्ट में 147 देशों के सूचकांक में भारत को 118वें स्थान पर रखा गया है। सूचकांक में पाकिस्तान 109वें एवं नेपाल 92वें स्थान पर है। सभी भारतीय एक सिरे से इस रिपोर्ट को अस्वीकार करते हैं, क्योंकि हिंसा-आतंकवाद, गरीबी और महंगाई से परेशान पाकिस्तानी, मुद्रास्फीति से त्रस्त नेपाली और पिछले तीन वर्षों से युद्ध झेल रहे यूक्रेनी नागरिकों को भी खुशहाली सूचकांक में भारतीयों से ज्यादा खुश दिखाया गया है। यह भी आश्चर्य का विषय है कि इस्राइल आठवें स्थान पर है, जो अब भी युद्ध से गुजर रहा है। संघर्ष और गृहयुद्ध से जूझ रहे फलस्तीन को भी 99वीं रैंक दी गई है।

प्रथमदृष्टया यह रिपोर्ट अपने आप में ही संदिग्ध प्रतीत होती है, क्योंकि भारत ने बीते दशक में 105 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है। भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत में गरीबी के स्तर में कमी आने के साथ-साथ शहरी और ग्रामीण आर्थिक असमानता में भी कमी आई है। विश्व खुशहाली सूचकांक में



आश्चर्य की बात है कि एक सूचकांक फिनलैंड को दुनिया का सबसे प्रसन्न देश, तो दूसरा उसे सबसे ज्यादा अवसादग्रस्त देशों में शामिल करता है।

फिनलैंड को सबसे ज्यादा खुश देश बताया गया है और वह लगातार आठ साल से पहले स्थान पर है। लेकिन फिनलैंड के आंकड़े कुछ और ही कहानी बयां करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, फिनलैंड में 16 से 20 प्रतिशत लोग मनोविकारों से जूझ रहे हैं। सात प्रतिशत से अधिक लोग अवसाद में जी रहे हैं, जो अवसादग्रस्त देशों की सूची में नौवें नंबर पर है, जबकि भारत 81वें नंबर पर है। फिनलैंड में तलाक लेने की दर 61 प्रतिशत है, जबकि इसके विपरित भारत में लगभग दो प्रतिशत लोग ही तलाक लेते हैं।

विश्व खुशहाली सूचकांक रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशंस नेटवर्क द्वारा प्रकाशित की जाती है, जो गैलप वर्ल्ड पोल से प्राप्त डाटा पर आधारित होती है, जिसे छह पैमानों-प्रति व्यक्ति जीडीपी, स्वस्थ जीवन प्रत्याशा, सामाजिक समर्थन, स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार के स्तर के आधार पर मापा जाता है। रिपोर्ट प्रति व्यक्ति जीडीपी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और भ्रष्टाचार के संबंध में भारत की रैंकिंग में सुधार की बात तो करती है, लेकिन जिस अनुपात में भारतीय अर्थव्यवस्था में परिवर्तन हुआ है, उस अनुपात से कम अहमियत देना रिपोर्ट बनाने वालों के पक्षपात को अधिक दिखाता है।

यह रिपोर्ट कम सामाजिक समर्थन, धन के असंतुलित वितरण एवं मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं ?पर चिंता व्यक्त करने के साथ-साथ कम सूचकांक भी प्रदान करती है। रिपोर्ट बनाने वाले भारतीय संस्कृति को शायद ठीक से समझ नहीं पाए हैं। पश्चिमी देशों में लोग अकेलेपन का सामना करते हैं, जबकि भारत में परिवार व्यवस्था लोगों को भावनात्मक रूप से मजबूत बनाती है। हर महीने कोई न कोई त्योहार लोगों को सामाजिक जुड़ाव के साथ खुशी भी देता है। अंतर यह है कि पश्चिमी देशों में व्यक्तिगत आजादी और आर्थिक संपन्नता को मुख्य आधार माना जाता है, जबकि भारत में संतोष और सामूहिकता अधिक महत्वपूर्ण मानी जाती है। अहम प्रश्न यह है कि खुशहाली सूचकांक मापदंडों में भारत की स्थिति अच्छी होने के बावजूद वह रिपोर्ट की रैंकिंग में पीछे क्यों है? इसका प्रमुख कारण सैंपल लेने की दोषपूर्ण प्रक्रिया है। विश्व खुशहाली सूचकांक रिपोर्ट मात्र 1,000 लोगों के सर्वे पर आधारित है। भारत जैसे देश, जिसकी आबादी 140 करोड़ से भी ज्यादा है, वहां महज 1,000 लोग खुशी का पैमाना कैसे तय कर सकते हैं? अब सवाल यह भी है कि भारत के लिए जिन 1,000 लोगों का सैंपल लिया गया, उसमें यह जानना भी महत्वपूर्ण होता है कि उनका धर्म, संस्कृति और जीवनशैली का तरीका क्या है? शहरी जनसंख्या पर किया गया सर्वेक्षण गांव में रहने वाले किसानों, आदिवासी और मध्यम वर्ग परिवारों की खुशी को कैसे तय कर सकता है?

विश्व खुशहाली सूचकांक की केवल शोध व्यूह रचना ही दोषपूर्ण नहीं है, बल्कि यह भारत की प्रगति को कम आंकने से ज्यादा बदनाम करने की कोशिश अधिक है। उल्लेखनीय है कि इस रिपोर्ट को तैयार करने वाली संस्था को फंडिंग बिल गेट्स फाउंडेशन, रॉकफेलर फाउंडेशन द्वारा की जाती है। ये वही लोग हैं, जिन पर भारत के खिलाफ गलत नैरेटिव और एजेंडा चलाने के आरोप लगते रहे हैं। विश्व खुशहाली सूचकांक बनाने वाली संस्था को न केवल अपने पक्षपातपूर्ण रवैये में परिवर्तन लाना होगा, बल्कि सांस्कृतिक और जनसंख्यात्मक अंतर मापदंडों को उचित रूप से भारित भी करना होगा। यदि विश्व खुशी रिपोर्ट को अधिक वैश्विक, निष्पक्ष और वैज्ञानिक बनाना है, तो इसे केवल पश्चिमी मानकों पर आधारित नहीं रखना चाहिए, बल्कि अलग-अलग देशों की प्राथमिकताओं को भी ध्यान में रखना चाहिए। इस तरह की व्यापक दृष्टि अपनाने से इस रिपोर्ट की प्रामाणिकता और स्वीकार्यता बढ़ सकती है।

# किसी ने रॉबर्ट पर बायोपिक बनाने के बारे मे क्यों नहीं सोचा?

व्यवसायी और उद्यमी के रूप में पहचान रखने वाले रॉबर्ट वाड्रा ने ईडी द्वारा बुलाए जाने पर अपनी निराशा व्यक्त की है, कि वह इसी मामले में पहले ही 15 बार पेश हो चुके हैं। 56 साल की उम्र में रॉबर्ट वाड्रा को बच्चे लोग 'हंक' कहते हैं। एक जिम जंकी जो फिट टीज़ में अपनी मसल्स को दिखाता है। वह एक शानदार फ्रेडी मर्करी मूंछें रखता है। बस मन में एक सवाल आया कि, किसी भी बॉलीवुड दिग्गज ने देश के 'दामाद' रॉबर्ट वाड्रा पर एक प्रेरित बायोपिक बनाने के बारे में क्यों नहीं सोचा?



● शोभा डे ●

व्यक्तिगत रूप से कहूं तो मुझे उनका जीवन सबसे आकर्षक लगता है। ईडी द्वारा बुलाए जाने पर रॉबर्ट का कहना है कि वह किसी से डरते नहीं हैं और वह कोई इजी टारगेट भी नहीं हैं। वास्तव में, वह और उनके साले राहुल गांधी, टफ टारगेट हैं, और कठिन होते रहेंगे। ईडी के पूछताछकर्ता ... आप लोग सुन रहे हो? यदि आप त्वरित परिणाम चाहते हैं तो खेल को आगे बढ़ाने का समय है। मैं मदद नहीं कर सकती लेकिन असली राबर्ट के बारे में सोच सकती हूं ।

याद आते हैं दिवंगत अभिनेता अजीत, जिन्हें 'लॉयन' के नाम सेजाना जाता था। कई अन्य बॉलीवुड उम्मीदवारों की तरह, हामिद अली खान के रूप में जन्मे हामिद बॉम्बे में बिना पैसे के पहुंचे, उन्हें रो 3 में एक जूनियर कलाकार के रूप में मौका मिला, बाद में उनकी क्लार्क गेबल मूंछों और समृद्ध बैरिटोन की वजह से उन्हें रो 1 में भेज दिया गया। उन्होंने अपने कई मजाकिया वन-लाइनर्स खुद लिखे - वही जिन्होंने लाखों चुटकुले पैदा किए। ....सारा शहर मुझे लायन के नाम से जानता है, उन्होंने कालीचरण में गुर्राहट के साथ कहा। और इस तरह 'लायन' का जन्म हुआ। फिर मोना डार्लिंग आईं और लिली, डोंट बी सिली! हे भगवान, हम कितना हँसे थे - और अभी भी लिली और बास (बॉस) के बारे में कोइला चुटकुलों पर हँसते हैं। मैगी केचप की टैगलाइन याद है? बॉस, सॉस पास करो?

इन दिनों जबकि कांग्रेस समर्थक जोश से नारा लगाते हैं- जब जब मोदी डरता है, ईडी को आगे करता है। गांधी परिवार के आलोचक उस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं जब ईडी दिल्ली की एक अदालत में दायर आरोपपत्र को सार्वजनिक करेगी। जिसमें सोनिया गांधी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष (और रॉबर्ट वाड्रा की सास) और राहुल गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता, को एजेएल-यंग इंडियन-नेशनल हेराल्ड मामले की जांच में आरोपी के रूप में नामित किया गया है।

इस बीच, मेहुल चोकसी का अजीब मामला सामने आ रहा है, ठीक वैसे ही जैसे कानून प्रवर्तन एजेंसियाँ भगोड़े हीरा व्यापारी की भारत में वापसी पर एक पार्टी आयोजित करने वाली थीं, जहाँ उसे भारत में आरोपों का सामना करना था। दुर्भाग्य से, बेल्जियम की न्याय मंत्री एनेलिस वर्लिंडेन ने भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध का मूल्यांकन करने की योजना की घोषणा करके घर पर जश्न के माहौल को फीका कर दिया है। फिलहाल, चोकसी एंटवर्प में एक जेल में बंद है। अगर माननीय महिला तय करती हैं कि भारत का अनुरोध दोषपूर्ण है... तो, मेहुल और उनका परिवार उदारतापूर्वक अपने शुभचिंतकों को शानदार, मखमली, शानदार गोडिवा बेल्जियन चॉकलेट के डिब्बे वितरित कर सकते हैं। हीरा व्यापारी पर पंजाब नेशनल बैंक और अन्य बैंकों से 2 बिलियन डॉलर की धोखाधड़ी करने का आरोप है। 2018 से उसके खिलाफ सीबीआई ने छह मामले दर्ज किए हैं। यहाँ एक और बॉलीवुड स्क्रिप्ट है। एंटीगुआ में हनी-ट्रैप और अपहरण के बाद, हमारी अनाड़ी, लड़खड़ाती एजेंसियों से स्पीडबोट (2021) में मेहुल का नाटकीय ढंग से भागना, एक विचित्र कीस्टोन कॉप्स कैपर की तरह पढ़ता है। एक सेक्स वर्कर के रूप में प्रस्तुत एक महिला खुफिया एजेंट के साथ कथित मुलाकात के बाद वह आदमी एंटीगुआ से डोमिनिका कैसे पहुंचा, यह हाई-ऑक्टेन थ्रिलर का विषय बना हुआ है। वह इंटरपोल से अपने खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस हटाने में भी सफल रहा! यह तो कमाल है! स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए (वह अपने वकील के अनुसार कई किलो हल्का दिखाई देता है और कैंसर से पीड़ित है), मेहुल सचमुच समय खरीद रहा है। यूरोप और इंग्लैंड में भगोड़े की जिंदगी जी रहे ये सभी बेचारे (संजय भंडारी की तरह) फिलहाल सुरक्षित हैं। वे हर बार मानवाधिकारों के उल्लंघन और हमारी गंदी, भीड़भाड़ वाली जेलों के अंदर की दयनीय स्थितियों का हवाला देकर जीत जाते हैं।

पश्चिमी शैली का शौचालय, फिर भी अंतरराष्ट्रीय परीक्षण में विफल हो जाएगा जो कैदियों के लिए बुनियादी सुविधाओं पर जोर देता है। फिलहाल, मेहुल चोकसी और उनके भतीजे नीरव मोदी अपने गोद लिए हुए आवासों में आधुनिक शौचालय की सुविधाओं का आत्मविश्वास से लाभ उठा सकते हैं। तब तक, हम भाषा की राजनीति पर बहस करना जारी रख सकते हैं। ऐसे बकवास! चलो... अचानक उर्दू एक 'भारतीय' भाषा नहीं है? फिर, यह कौन सी भाषा है? यह किसकी भाषा है? राजनीति से प्रेरित शरारती लोगों से पूछने की कोशिश करें और वे कहेंगे कि उर्दू 'गद्दार ज़बान' (दुश्मन की भाषा) है। समृद्ध भाषा के प्रेमी बताते हैं कि उर्दू उतनी ही भारतीय है जितनी संस्कृत। भगवान का शुक्र है कि सुप्रीम कोर्ट ने जोर देकर कहा है- भाषा धर्म नहीं है। भाषा संस्कृति है। हमें अपनी विविधता का सम्मान करना चाहिए और इसमें हमारी कई भाषाओं का आनंद लेना चाहिए। मुझे पहले तो विवाद समझ में नहीं आया। लेकिन, क्या एक नगरपालिका भवन मराठी साइनेज के नीचे उर्दू अनुवाद लगाकर राजभाषा की स्थिति का उल्लंघन कर रहा था? अदालत ने बताया कि मराठी और हिंदी की तरह उर्दू भी एक इंडो-आर्यन भाषा है। पीठ ने कहा, उर्दू गंगा-जमुनी तहजीब का बेहतरीन नमूना है। हुर्रे! क्या हम इसे यहीं छोड़ सकते हैं? अविचल और शांति से?

भारत में आपका स्वागत है, श्री और श्रीमती वेंस। आप और आपके परिवार का स्वागत है! अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने अपनी पत्नी उषा और बेटों इवान, विवेक, बेटी मीराबेल के साथ एक छोटी छुट्टी का आनंद लिया। , हम जे.डी. वेंस को उनके आई मेकअप के लिए देसी काजल से परिचित करा सकते हैं। जे.डी. पर नज़र रखने वालों के अनुसार, उन्हें ब्रांडेड आईलाइनर और मस्कारा ज़्यादा पसंद है। भारतीय काजल सदियों से यही काम कर रहा है। जैसे तंदूरी चिकन का स्वाद केएफसी से कहीं बेहतर होता है, वैसे ही हमारे काजल में भी विदेशी आईलाइनर की तुलना में ज़्यादा टिकाव होता है। इस बीच, प्रिय जे.डी., उषा और बच्चों के साथ कजरा रे के हुक स्टेप का अभ्यास करें।

# क्या आर्यों को समलैंगिक व्यवहार के बारे में पता था?

● देवदत्त पटनायक ●

आर्य इंडो-यूरोपियन थे जिन्होंने पूर्व की ओर यात्रा की और पामीर पहाड़ों में इफेड्रा युक्त सोम पौधों की खोज की, जिसका सेवन उन्होंने ऑक्सस नदी बेसिन में रहने के दौरान जटिल अनुष्ठानों में किया। यहाँ से, एक समूह भारत की ओर चला गया, और दूसरा ईरान (आर्यन से लिया गया नाम) की ओर चला गया।

भारत की ओर चले गए समूह ने स्थानीय महिलाओं से विवाह किया, और उनके बच्चों ने ऋग्वेद की रचना की। ऋग्वेद में, मुख्य देवता इंद्र हैं। ऋग्वेद में पाए जाने वाले अधिकांश भजन इस देवता की स्तुति में हैं। उन्हें सोम अर्पित किया जाता है, और बदले में, वे उन लोगों को सौभाग्य प्रदान करते हैं जो उनकी पूजा करते हैं।

यजुर्वेद में इंद्र के आह्वान में सूत्र सुब्रह्मण्य (सर्वोत्तम सूत्र) और ऋग्वेद 1.51.13 में उन्हें एक वीर्यवान बैल-घोड़े (वृषण-अश्व) की पत्नी (मेना) कहा गया है। यह वाक्यांश लुभावना है, लेकिन इसमें स्पष्टता का अभाव है। यह स्पष्ट रूप से एक अति-पुरुष प्राणी के प्रति इंद्र के यौन वर्चस्व या अधीनता का संकेत देता है। यह उनकी क्षमता का


यजुर्वेद की एक कहानी में इंद्र एक बार तीसरे लिंग बन गए, पुरुषों के लिए पुरुष और महिलाओं के लिए महिलाएं। इन्हें शाब्दिक रूप से पढ़ने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन रूपकों के रूप में उनका उपयोग इंगित करता है कि आर्य समान-लिंग गतिविधि से परिचित थे।

पूरक है, जिसका वर्णन सुब्रह्मण्य में भी किया गया है, एक पवित्र पत्नी, अहिल्या को उसके पति, गौतम से दूर करने के लिए। जो अपनी मर्दानगी से महिलाओं को आकर्षित करता है, वह अपने से भी अधिक मर्दाना व्यक्ति की ओर भी आकर्षित होता है। वह मेधातिथि द्वारा बलि दिया गया मेढ़ा (नर भेड़) भी है, जो अपनी दुखी पत्नी सास्वती की खुशी के लिए महिला-समान पुरुष असंग की मर्दानगी को बहाल करने के लिए बलिदान किया गया था। ब्राह्मणों की एक कहानी में, जब दुनिया तीन भागों में विभाजित हो गई, तो पुरुष आकाश के साथ ऊपर चले गए, महिलाएं पृथ्वी के साथ नीचे रहीं, बीच में तीसरा लिंग था, न यह और न वह। इंद्र एक बार तीसरे लिंग बन गए, पुरुषों के लिए पुरुष और महिलाओं के लिए महिलाएं। रूपकों के रूप में उनका उपयोग इंगित करता है कि आर्य समान-लिंग गतिविधि से परिचित थे।

यह दूर की बात नहीं है क्योंकि वे मवेशी चराने वाले थे। उनके पास बकरियाँ, भेड़ें, गायें और भैंसें थीं। ये सभी जानवर कुछ परिस्थितियों में समान-लिंग व्यवहार प्रदर्शित करने के लिए जाने जाते हैं। पुरुषों के बीच भी ऐसा ही होता है, खासकर अगर उन्हें प्रजनन करने वाली महिलाओं से दूर रखा जाता है। तो शायद इंद्र की महिलाओं (स्पष्ट रूप से) और पुरुषों (आश्चर्यजनक रूप से) दोनों के साथ यौन गतिविधियों की कहानी सामाजिक पदानुक्रम स्थापित करने के लिए समलैंगिक व्यवहार के किसी रूप के ज्ञान को इंगित करती है।

एक और तर्क यह है कि समान लिंग की प्रवृत्ति वाले जानवर जो स्थायी समान लिंग संबंध बनाते हैं, वे अपने जीन पूल से ज़्यादा अपने समुदाय के लिए काम करते हैं। लगभग 5-10 प्रतिशत पशु प्रजातियाँ समान लिंग व्यवहार प्रदर्शित करती हैं। तो प्रकृति स्पष्ट रूप से इसे सक्षम बनाती है।

ऋग्वेद में वर्णित सूत्रों में उल्लेखित इंद्र, पुरुष और महिला दोनों की तरह है, वह पुरुषों और महिलाओं के लिए सोचता है, न केवल अपने परिवार या रिश्तेदारों के बारे में, बल्कि पूरे समुदाय के बारे में भी। शायद यही बात उसे नेता बनने के योग्य बनाती है। बेशक, यह अटकलें हैं, लेकिन कुछ ऐसा है जिस पर विचार किया जाना चाहिए।



# या तो बोल्ड सीन करें या फिर फिल्म छोड़ दें...

80 और 90 के दशक में बॉलीवुड की स्क्रीन पर राज करने वालीं एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित अपने अभिनय और डांस से लोगों के दिलों पर छा गई थीं। उस दौर में उनकी हर फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता था। उनकी गिनती टॉप की अभिनेत्रियों में होती थी लेकिन एक बार एक फिल्म के दौरान उन्हें ऐसी मुश्किल स्थिति का सामना करना पड़ा जहां उन्हें दो टूक कह दिया गया- या तो सीन करो या फिल्म छोड़ दो।

ये मामला है साल 1989 का जब फिल्म 'शिनाख्त' बनाई जा रही थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और माधुरी दीक्षित मुख्य भूमिकाओं में थे और इसका निर्देशन कर रहे थे टीनू आनंद। टीनू आनंद पहले भी अमिताभ के साथ कालिया और शहंशाह जैसी फिल्में बना चुके थे।

टीनू आनंद ने खुद इस किस्से को रेडियो पर साझा किया। उन्होंने बताया कि फिल्म में एक ऐसा सीन था जिसमें अमिताभ बच्चन जंजीरों में बंधे होते हैं और माधुरी दीक्षित को उन्हें बचाने के लिए सामने आना पड़ता है। इस सीन के दौरान माधुरी को एक बेहद बोल्ड शॉट देना था जिसमें उन्हें अपना ब्लाउज हटाना था और केवल ब्रा में दिखना था।

टीनू आनंद ने बताया, मैंने फिल्म साइन करने से पहले ही माधुरी को यह सीन पूरी तरह समझा दिया था। मैंने साफ कहा था कि यह सीन कहानी के लिए बेहद जरूरी है। लेकिन जब शूटिंग का दिन आया तो माधुरी दीक्षित ने यह सीन करने से मना कर दिया। टीनू आनंद ने बताया, मैंने पूछा कि अब क्या हुआ? उन्होंने कहा कि वो अब यह सीन नहीं करना चाहतीं। मैंने साफ कह दिया- अगर ऐसा है तो पैकअप करो और फिल्म छोड़ दो। इस पूरे मामले में जब अमिताभ बच्चन ने भी बीच-बचाव करने की कोशिश की तब भी टीनू अपनी बात पर अड़े रहे। उन्होंने कहा, अगर उन्हें आपत्ति थी तो फिल्म साइन करने से पहले बोलना था। अब फिल्म शुरू हो चुकी है मैं इसे अधूरा नहीं छोड़ सकता।



80 और 90 के दशक में बॉलीवुड की स्क्रीन पर राज करने वालीं एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित को एक सीन के दौरान ब्लाउज हटाकर एक बेहद बोल्ड शॉट देना था, जिसके लिए उनसे कह दिया गया कि या तो ये बोल्ड सीन करें या फिर फिल्म छोड़ दें.....

इस कड़ी बातचीत के बाद माधुरी के पर्सनल असिस्टेंट ने टीनू आनंद से संपर्क किया और बताया कि माधुरी सीन करने के लिए राजी हो गई हैं। इसके बाद यह सीन शूट किया गया और फिल्म आगे बढ़ी।

इस घटना से ये साफ होता है कि एक बड़ी एक्ट्रेस का सफर भी संघर्षों और असहज स्थितियों से भरा हो सकता है। माधुरी दीक्षित ने न सिर्फ अपने हुनर से बल्कि अपने प्रोफेशनल रवैये से भी इंडस्ट्री में अपना अलग मुकाम बनाया।

- किस्सा टीवी

# नए रंगों के साथ लौट रहा बोरिंग फोन का दौर

● पूनम बिष्ट ●

जी हां, पश्चिमी देशों में बाकायदा इन्हें प्रमोट भी किया जा रहा है। अमेरिका में इस साल 28 लाख फीचर फोन तो यूरोप में बीस लाख ऐसे फोन बिकने की उम्मीद है। हाल में नोकिया कंपनी का अपने पुराने फीचर फोन 3210 के नए वर्जन को लॉन्च करना इसी का सबूत है। हां, फीचर फोन अब बेहतर कैमरा के साथ और 4 जी कनेक्टिविटी के साथ आ रहे हैं। तो सवाल यह है कि गुजरे दौर की चीज आखिर कैसे कमबैक कर रही है। तो जवाब यह है.....।

आज के युवा सोशल मीडिया फीड से इतने उकता गए हैं कि वो डिजिटल डिटॉक्स यानी डिजिटल डिवाइस के इस्तेमाल से ब्रेक लेना पसंद कर रहे हैं। फीचर फोन उन्हें ऐसा ही ब्रेक दिलाते हैं। कोविड के लंबे दौर में युवा आबादी कई तरह की मानसिक चुनौतियों से रूबरू हुई जिसने उन्हें मेंटल हेल्थ के बारे में सोचने पर मजबूर किया। एचएमडी कंपनी के टॉप अफसर एडम फर्ग्युसन का कहना है, हमारे पास आ रहा डेटा बताता है कि 16 से 34 साल की उम्र तक की पीढ़ी सोशल मीडिया से दूरी बनाना चाहती है। दिन में सिर्फ एक घंटे के लिए ही सही, वह नोटिफिकेशंस से दूर जाना चाहती है। न्यूजीलैंड बेस्ड स्टार्टअप कंपनी बोरिंग फोन शियोमी के ऐसे कस्टमाइज्ड फोन बेचती है जिसमें इंटरनेट ब्राउजर, सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेम्स इंस्टॉल नहीं होते। इस कंपनी के को-फाउंडर एलेक्स डेविडसन का कहना है कि हमारी इस तरह की डिवाइस में उन पैरेंट्स ने बहुत रुचि दिखाई जिनके बच्चे उस उम्र के हैं जो उनसे स्मार्टफोन मांगते हैं। पर पैरेंट्स अपने बच्चे को इंटरनेट से लोड हुआ फोन देने में फिक्र महसूस कर रहे हैं। वह बताते हैं, पैरेंट्स के अलावा हमारे कस्टमाइज फोन में 35 से ऊपर की उम्र के लोग भी रुचि ले रहे। ये ऐसे लोग हैं जो अपने फोन पर चिपके रहने की खुद की आदत से परेशान हैं।






हर घड़ी स्मार्टफोन की नोटिफिकेशंस या फॉरवर्ड मेसेज चेक करने वाली पीढ़ी के लिए आज फीचर फोन किसी डम फोन जैसे हैं। पर क्या आप जानते हैं कि चलन से बाहर हो चुके ये फोन लोगों के बीच फिर से अपनी जगह बना रहे हैं।

कम उम्र में ही स्मार्टफोन इस्तेमाल करने से स्वभाव पर क्या असर होता है यह टेलिग्राफ डॉट यूके से बातचीत में जो कैंपियन नाम की एक महिला ने बताया। उन्होंने बताया कि मैंने अपने दस साल के बेटे को फीचर फोन दिया तो वह नाराज नहीं हुआ क्योंकि वह अपनी क्लास में देख रहा था कि स्मार्टफोन इस्तेमाल करने वाले उसके क्लासमेट्स का बर्ताव और भाषा सोशल मीडिया की वजह से कितनी खराब हो चुकी हैं। हां यह जरूर है कि स्मार्टफोन इस्तेमाल करने वाले को फीचर फोन थकाऊ लग सकता है पर जिंदगी में डिजिटल डिटॉक्स चाह रहे लोगों की जिंदगी में क्या पता यही बोरिंग फोन खुशियों के रंग भर दें।

## संक्षिप्त खबरें

### युवा करेंगे विकसित भारत की संकल्पना पूरी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** भारतवर्ष की युवा प्रतिभाओं के शोध एवं नवाचार के आधार पर विकसित भारत की संकल्पना पूरी होगी। समृद्धि का मार्ग शिक्षा से आता है, हमारा यह पूरा प्रयास है कि प्रदेश के विज्ञान एवं तकनीकी के क्षेत्र में नवाचार के साथ अपने प्रोजेक्ट्स के माध्यम से प्रदेश एवं देश के विकास में सहयोग करने वाले युवा वैज्ञानिकों को उचित प्लेटफार्म एवं सम्मान मिले, जिससे प्रदेश में विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करने के लिए एक इको सिस्टम तैयार हो। सृजन कार्यक्रम इसी दिशा में आगे बढ़ने की एक पहल है। उक्त विचार तकनीकी शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नॉलेज रिसोर्स सेंटर में सृजन के लिए आए मॉडल एवं प्रोजेक्ट को चयन करने वाली ज्यूरी को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री ने सभी च्यूरी सदस्यों को शिक्षाविद डॉ. धर्मपाल का प्रेरणादायी साहित्य एवं पुष्प देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विवि के कुलपति प्रो. राजीव त्रिपाठी एवं कुलसचिव प्रो. मोहन सेन सहित सृजन की आयोजन समिति के सदस्य, ज्यूरीमेम्बर एवं प्रोफेसर मौजूद थे। कई श्रेणियों में 50 से अधिक पुरस्कार युवा वैज्ञानिकों को प्रदान किये जाएंगे। आरजीपीवी में उन्ही प्रविष्टियों के चयन को अंतिम रूप देने के लिए ज्यूरी विश्वविद्यालय पहुंची थी।

### सत्ता के घमंड में पुलिस का मनोबल नहीं तोड़ें: जीतू

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार द्वारा पुलिस अधिकारियों को सांसदों और विधायकों को अनिवार्य रूप से सलामी देने संबंधी आदेश को लोकतंत्र पर हमला और वर्दी का अपमान करार दिया है।



राज्य की कानून व्यवस्था रसातल में पहुंच चुकी हो, पुलिस खुद अपराधियों के निशाने पर हो, ऐसे समय में सरकार पुलिस को न्याय दिलाने की बजाय सत्ता के प्रतीकों के सामने झुकने का फरमान सुना रही है। पटवारी ने कहा कि रेत, शराब, भू-माफिया और ट्रांसपोर्ट सिंडिकेट पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। 6 महीने में पुलिस पर हमलों की दर्जनों घटनाएं, थानों पर हमले, जवानों को पीटना, राजनीतिक संरक्षण में अपराधियों को बचाना, लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने पुलिस की साख पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं, बच्चों और दलितों के खिलाफ अपराध में मप्र टॉप पर है। पुलिस का मनोबल पहले ही कमजोर है। वह एक ओर अपराधियों से लड़ रही है, तो दूसरी तरफ भाजपा नेताओं के दबाव से! अब यह आदेश उन्हें और भी कमजोर, झुका हुआ और भयभीत बना सकता है। पुलिस की निडर और निष्पक्ष कार्यप्रणाली में सत्ता दल के नेताओं का दखल बढ़ सकता है।

# नाराज भाजपा नेतृत्व ने विधायकों से कहा- अब बर्दाश्त नहीं

## बयानबाजी या अन्य कृत्यों से पार्टी की छवि पर आंच आई तो अब बख्शा नहीं जाएगा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** अपने कार्यों से पार्टी की किरकिरी कराने वाले विधायकों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और पार्टी के पदाधिकारी को प्रदेश नेतृत्व ने दो टूक कह दिया है कि अब ऐसा नहीं चलेगा। यदि उनकी बयानबाजी या कृत्यों से पार्टी की छवि पर आंच आई तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। गौरतलब है कि मंच से सरकार के मंत्री और पुलिस अधीक्षक को घेरने वाले पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी और थाने जाकर स्वयं को गिरफ्तार करने की बात करने वाले मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल, देवास महापौर गीता अग्रवाल, सागर महापौर संगीता तिवारी, बीना नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार को प्रदेश भाजपा नेतृत्व ने शनिवार को भोपाल तलब किया था। जानकारों की मानें तो नेतृत्व ने चेतावनी देते हुए विधायकों से कह दिया है कि वह सार्वजनिक रूप से ऐसी बयानबाजी न करें जिससे पार्टी और सरकार की छवि खराब हो नहीं तो उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। पार्टी ने सतना के पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा को दल से निष्कासित भी कर दिया है। इधर इस मामले में पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि संपर्क व संवाद पार्टी की विशिष्ट कार्यपद्धति है। हमारे संगठन में अनुशासनहीनता का कोई स्थान नहीं है, अगर कोई कार्यकर्ता, पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि ऐसा प्रयास करते है, तो उस पर तत्काल कार्यवाही होगी ।शर्मा ने कहा कि लव जिहाद करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई होगी जो नजीर बनेगी।



प्रीतम लोधी



सतीश शर्मा



प्रदीप पटेल



गीता अग्रवाल



संगीता तिवारी

### सीएम ने भी ली क्लास

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश भाजपा प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह व संगठन महामंत्री हितानंद भी मौजूद रहे। सीएम ने विधायक पटेल व दूसरे नेताओं से संवाद कर कहा कोई बात है तो उनके संज्ञान में लाना चाहिए था। सार्वजनिक बयानबाजी उचित नहीं है। जनता के हितों को लेकर सोचना चाहिए न कि सरकार और पार्टी को कटघरे में खड़ा करना चाहिए।

### प्रीतम-संगीता नहीं पहुंचे

भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को पार्टी विधायक प्रदीप पटेल तो पहुंचे लेकिन पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी नहीं पहुंचे। शर्मा ने बताया कि लोधी राजस्थान में हैं जल्द आएंगे। इसी तरह बीना की नगरपालिका अध्यक्ष लता सकवार और देवास की महापौर गीता अग्रवाल ने भी अपना पक्ष नेतृत्व के सामने रखा है पर सागर की महापौर संगीता तिवारी नहीं पहुंची हैं। जानकारों की मानें तो उन्हें पार्टी नोटिस जारी कर रही है।

### पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा को पार्टी से निकाला गया

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है। शनिवार को भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि सतना जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा द्वारा अशोभनीय कृत्य किया गया है, जिससे पार्टी की छवि धूमिल हुई है। यह कृत्य असहनीय है। ऐसे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा द्वारा सतीश शर्मा को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया जाता है। बता दें कि शहर के कोलगवां थाना इलाके की एक महिला ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा पर छेड़खानी के साथ मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। गुरुवार को थाने में की गई शिकायत के अनुसार महिला द्वारा छेड़खानी का विरोध करने पर पूर्व जिलाध्यक्ष ने उसे व उसके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी है। इस मामले से पहले भी सतीश शर्मा द्वारा पार्टी की ही एक महिला कार्यकर्ता से की गई आपत्तिजनक वॉट्सएप चैटिंग भी सोशल मीडिया में वायरल हो चुकी थी।


### एक-एक पाकिस्तानी को ढूंढ़ा जाएगा : शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश में रह रहे लगभग 220 पाकिस्तानी नागरिकों को ढूंढ़-ढूंढ कर निकाला जा रहा है। कुछ अवैध तौर पर रह रहे हैं, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। देश की 140 करोड़ जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के साथ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कश्मीर में आतंकवाद के प्रश्रयदाताओं को करारा जवाब दिया जाएगा। भारत आतंकवाद के ताबूत पर अंतिम कील ठोकेगा। शर्मा ने कहा कि देश में नक्सलवाद समाप्त हो गया है, अब कश्मीर में प्रायोजित आतंकवाद भी पूरी तरह से समाप्त होगा। केंद्र सरकार करारा जवाब देने के लिए हर तरह से तैयार है। एक सवाल पर विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भोपाल में लव जिहाद करने वाली गैंग को लेकर सरकार ने संज्ञान में लिया है। इस घटना की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है।

## पांच मई से शुरू हो जाएगी प्रवेश की प्रक्रिया, 21 तक किया जा सकेगा त्रुटि सुधार

# यूडाइज डाटा के आधार पर दिए जाएंगे आरटीई की दो लाख सीटों पर प्रवेश

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सूबे के 27 हजार निजी स्कूलों की करीब दो लाख सीटों पर मुफ्त प्रवेश देने पांच मई से प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। आरटीई के तहत प्रवेश स्कूलों के यूडाइज (सेंट्रल गवर्नमेंट का पोर्टल) में दर्ज संख्या के आधार पर होंगे। राज्य शिक्षा केंद्र ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। निःशुल्क अनिवार्य एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों की पहली या प्रारंभिक कक्षा की पच्चीस फीसदी सीटों पर प्रवेश दिया जाता है। इनकी फीस सरकार द्वारा दी जाती है। प्रदेश के करीब 27 हजार निजी स्कूलों की करीब दो लाख सीटों पर आरटीई के तहत प्रवेश का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पांच मई से पोर्टल खोला जाएगा। पोर्टल पर आनलाइन आवेदन और त्रुटि सुधार के लिए सात मई से 21 मई तक का समय रहेगा। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद आवेदक सात से 23 मई तक पावती डाउनलोड और मूल दस्तावेजों का शासकीय जनशिक्षा केंद्रों पर सत्यापन करा सकेंगे। 29 मई को पारदर्शी रेंडम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी आयोजित करते हुए आवेदकों को स्कूल का आवंटन किया जाएगा। चयनित आवेदकों को एसएमएस से भी सूचित किया जाएगा। लॉटरी में चयनित आवेदक 2 से 10 जून के बीच आवंटन पत्र डाउनलोड कर स्कूल में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। प्रवेश लेते समय ही संबंधित निजी स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से एडमिशन रिपोर्ट भी दर्ज की जाएगी। इसके बाद रिक्त सीटों के प्रवेश के लिए दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।




### यूडाइज से आएगा स्कूलों की मान्यता पर संकट

राज्य शिक्षा केंद्र ने इस वर्ष हर कक्षा के यूडाइज डाटा के आधार पर आरटीई के तहत प्रवेश के निर्देश जारी किए हैं। इसी डाटा के आधार पर स्कूल की प्रारंभिक कक्षा की पच्चीस फीसदी सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। लेकिन सागर पब्लिक स्कूल, सेंट पाल, रेड रोज जैसे कई नामचीन स्कूलों ने यूडाइज पर बच्चों की सही संख्या दर्ज नहीं की है। इसके कारण इन स्कूलों में आरटीई के तहत गरीब व वंचित वर्ग के बच्चों के प्रवेश कम होते हैं। राजधानी में साढ़े 6 सौ स्कूल ऐसे हैं, जिन्होंने यूडाइज डाटा सही अपलोड नहीं किया है। राज्य शिक्षा केंद्र के आदेशानुसार यूडाइज डाटा अपलोड नहीं करने पर मान्यता समाप्त की जा सकती है। इसका जिम्मा जिला परियोजना समन्वयकों का है। राच्य शिक्षा केंद्र ने इस बार भी पत्र जारी किया है कि यूडाइज डाटा अपलोड नहीं करने वाले स्कूलों के खिलाफ मान्यता समाप्ति की कार्यवाही की जाए।

### आरटीई के तहत आरक्षित बच्चों को मिलेगा प्रवेश

आरटीई के तहत अनुसूचित जाति, अनूसूचित जनजाति, वनभूमि के पट्टाधारी परिवार, विमुक्त जाति, निःशक्त बच्चे (मेडिकल बोर्ड से जारी प्रमाण पत्र अनुसार), एचआईवी ग्रस्त बच्चे, गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवार के बच्चे, अनाथ बच्चे (राच्य शासन द्वारा अनाथ बच्चों को भी कमजोर वर्ग में शामिल किया गया है)। कोविड-19 से माता-पिता/अभिभावक की मृत्यु के कारण अनाथ बच्चो की शिक्षा, आर्थिक सहायता तथा खाद्य सुरक्षा के लिये मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल कल्याण योजना के हितग्राही बच्चे इसमें शामिल रहेंगे। कोविड-19 से मृत्यु का अभिप्राय यह है कि किसी भी मृत्यु से है, जो 1 मार्च 2021 से 30 जून 2021 तक की अवधि में हुई है। बाल हितग्राही के मामले में संरक्षक का चिन्हांकन योजना के अंतर्गत कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा।

**उम्र का रहेगा बंधन**

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए उम्र सीमा भी निर्धारित की गई है। 31 जुलाई 2025 की स्थिति में नर्सरी के लिए न्यूनतम आयु तीन वर्ष और अधिकतम 4 वर्ष 6 माह, केजी वन के लिए न्यूनतम आयु 4 वर्ष और अधिकतम आयु 5 वर्ष 6 माह, केजी टू के लिए न्यूनतम आयु पांच वर्ष और अधिकतम आयु 6 वर्ष 6 माह रहेगी। पहली क्लास में प्रवेश के लिए 30 सितंबर 2025 की स्थिति में न्यूनतम आयु छह वर्ष और अधिकतम 7 वर्ष 6 माह रहेगी।

# अवैध परिवहन रोकने एआई पर आधारित चेक गेट होंगे स्थापित

## जियो टैगिंग कर खदानों का किया जा चुका है सीमांकन

**विसं, भोपाल।** प्रदेश में अब अवैध खनन एवं परिवहन पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल किया जाएगा। सीएम डॉ.मोहन यादव के निर्देश के बाद एआई पर आधारित मानव-रहित 41 चेक-गेट स्थापित किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार इस प्रणाली के अंतर्गत प्रदेश की समस्त स्वीकृत 7502 खदानों की जियो टैगिंग कर खदान क्षेत्र का सीमांकन किया जा चुका है। सैटेलाइट इमेज एवं रिमोट सेंसिंग टेक्नोलॉजी की सहायता से प्रदेश में हो रहे अवैध उत्खनन एवं भंडारण पर निगरानी रखी जायेगी। इस संबंध मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रणाली खदान क्षेत्र के बाहर हो रहे अवैध उत्खनन का पता लगाने में सक्षम होगी। इसके अंतर्गत एक निश्चित समय अंतराल पर सतत रूप से प्राप्त सैटेलाइट इमेजेस का विश्लेषण कर सिस्टम द्वारा राच्य एवं जिला प्रशासन को अलर्ट भेजे जायेंगे। क्षेत्रीय अमले द्वारा मोबाइल ऐप से परीक्षण एवं निरीक्षण कर पोर्टल अथवा मोबाइल ऐप पर रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण पंजीबद्ध किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पढ़ने पर खदान या उसके बाहर ड्रोन सर्वे कर वॉल्युमेट्रिक एनालिसिस से वास्तविक उत्खनित मात्रा का पता लगाकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कर अर्थदण्ड अधिरोपित करने की परियोजना भी प्रक्रियाधीन है। प्रदेश में 41 ऐसे स्थल चिन्हांकित किये गये हैं, जहां से खनिज परिवहन करने वाले वाहनों का सर्वाधिक आगमन होता है। उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में भोपाल के आस-पास 4 स्थानों पर ई-चेक गेट स्थापित किये गये हैं। निगरानी के लिये राच्य स्तर पर भोपाल में कमांड एवं कंट्रोल सेंटर और जिला स्तर पर भोपाल एवं रायसेन में जिला स्तरीय कमांड सेंटर स्थापित किया गया है। ई-चेकगेट में वरीफोकल कैमरा, आर.एफ.आई.डी. रीडर, ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रीडर की सहायता से खनिज परिवहन में संलग्न वाहन की जांच के प्रावधान हैं।

### आज आरजीपीवी कुलसचिव का घेराव करेंगे कर्मचारी

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच आरजीपीवी कर्मचारी समिति के बैनर तले सोमवार को आरजीपीवी के स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी मांग के समर्थन में कुल सचिव का घेराव करेंगे और ज्ञापन सौंपेंगे। कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि आरजीपीवी प्रशासन स्थाईकर्मी एवं दैनिक वेतन भोगी की न्यायो उचित मांग को संज्ञान में नहीं ले रहा है। भूख हड़ताल धरना प्रदर्शन ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम आयोजित करने के बावजूद प्रशासन ने मांग मंजूर नहीं की। कर्मचारी एक सूत्रीय मांग कर रहे हैं कि आरजीपीवी के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को स्थाईकर्मी योजना का लाभ दिया जाए सभी कर्मचारी पात्रता रखते हैं।

# जनप्रतिनिधियों को सम्मान की व्यवस्था पूर्व से है, इसे प्रभावी बनाएं : मुख्यमंत्री

## पुलिस मुख्यालय पहुंचकर सीएम ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार की शाम पुलिस मुख्यालय पहुंचकर कानून व्यवस्था की स्थिति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मध्यप्रदेश में एक अच्छा निर्णय लेते हुए निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। यह निर्देश पूर्व सरकारों में प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किए गए जिनका जाने-अनजाने समुचित पालन नहीं हो रहा था, अब पुनः निर्देश जारी कर उचित व्यवस्था लागू करने को कहा गया है। जनप्रतिनिधियों को यथोचित सम्मान देने की परंपरा और नियम दोनों ही हैं। राज्य सरकार गंभीरतापूर्वक नियमों के पालन के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नक्सल नियंत्रण के क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहा है। शिक्षण संस्थाओं में कोई अवैधानिक गतिविधियां न हों, इस दिशा में पुलिस को सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। नागरिकों के हितों की रक्षा और अपराध मुक्त समाज के निर्माण के लिए राज्य सरकार संकल्पित है।

### अपराधियों पर लगेगा अंकुश

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध नियंत्रण का कार्य पुलिस द्वारा तत्परतापूर्वक किया जा रहा है। यह संतोष का विषय है कि समाज में उत्पन्न होने वाली चुनौतियों और अपराधी तत्वों के नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक प्रयास हो रहे हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी जी की पहल पर लागू नए कानूनों के अनुरूप व्यवस्थाओं में भी आवश्यक सुधार किया जा रहा है।

### नक्सल नियंत्रण की दृष्टि से बालाघाट की श्रेणी में सुधार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नक्सल नियंत्रण कार्यों की समीक्षा में आज बालाघाट को गंभीर नक्सली गतिविधियों वाले जिलों की श्रेणी से बाहर आने की उपलब्धि सामने आई है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी नक्सल अपराध श्रेणी में सुधार हो रहा है। प्रदेश में गत डेढ़ वर्ष में दुरदांत नक्सलियों को मार गिराया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश नक्सलियों के पूर्ण खात्मे के लिए संकल्पबद्ध है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी द्वारा दी गई डेडलाइन के अनुरूप आगामी वर्ष प्रदेश से नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा।

# 10 हजार पुलिसकर्मियों का अटक सकता है वेतन

## ट्रेजरी से लिंक नहीं समग्र आईडी, वित्त विभाग के अल्टीमेटम के बाद नोटिस जारी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के लगभग 10 हजार पुलिसकर्मियों का वेतन अटक सकता है। इसका कारण है इन पुलिसकर्मियों का ट्रेजरी के पोर्टल पर समग्र आईडी लिंक न होना। इसे लेकर वित्त विभाग ने पुलिस महकमे समेत सभी विभागों को अल्टीमेटम दे दिया है। वित्त विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार जिन भी पुलिसकर्मियों की समग्र आईडी वित्त विभाग के एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएफएमआईएस) पोर्टल पर लिंक नहीं होगी उनका वेतन जारी नहीं होगा। इसके बाद पीएचक्यू के निर्देश पर पुलिस की सभी 119 यूनिटों ने अपने यहां तैनात उन सभी स्टाफ को नोटिस जारी कर तत्काल समग्र आईडी को आईएफएमआईएस पोर्टल पर अपडेट कराने को कहा है। इस काम के लिए कई जिलों में एसपी ऑफिस और बटालियन में स्पेशल विंडो भी बना दिए गए हैं। अधिकांश पुलिसकर्मियों के पास समग्र आईडी है, लेकिन एक बड़ी समस्या यह भी आ रही है कि पोर्टल पर इसे लिंक करने के लिए आधार के विवरण से इसका पूरी तरह मिलान होना जरूरी है। प्रदेश में सैंकड़ों ऐसे पुलिसकर्मी हैं जिनका आधार और समग्र मैच नहीं हो रहा है। हालांकि कई पुलिसकर्मियों ने वेतन अटकने के डर से तत्काल आधार और समग्र में बदलाव के लिए प्रयास किए हैं, लेकिन इसमें एक सप्ताह तक का समय लग सकता है। ऐसे में अब पुलिसकर्मी परेशान हैं। हालांकि वित्त विभाग ने इसे लेकर कई बार गृह विभाग को पत्र और रिमाइंडर भेजे थे, लेकिन निचले स्तर के पुलिस कर्मियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। अब वित्त विभाग ने अल्टीमेटम देते हुए साफ कर दिया है कि जिस भी पुलिसकर्मी की समग्र आईडी पोर्टल पर अपडेट नहीं होगी, उसका वेतन ही जारी नहीं होगा। इसी तरह के पत्र अन्य विभागों को भी जारी किए गए हैं लेकिन पुलिस के पास एक लाख 5 हजार के लगभग स्टाफ हैं, जिसमें से अब भी लगभग 10 हजार कगी समगह्र आईडी लिंक नहीं हो पाई है।

### गृह विभाग का लेखा-जोखा

अपने पत्र के साथ वित्त विभाग ने एक फाइल भी अटेच करके विभागों को भेजी है। इसके तहत ये बताया गया है कि 3 मार्च 2025 की स्थिति में गृह विभाग के केवल 72305 कर्मचारियों ने ही अपनी समग्र आईडी ट्रेजरी के पोर्टल पर लिंक कराई है। हालांकि अब पीएचक्यू के अफसरों का दावा है कि शेष बचे लगभग 30 हजार स्टाफ में से 20 हजार की समग्र आईडी इस माह के अंत तक पोर्टल पर ऑनलाइन अपडेट कर दी जाएगी। इसके बाद भी लगभग 10 हजार पुलिसकर्मी ऐसे होंगे जिनका समग्र आईडी लिंक होना बाकी रह सकती है। इन कर्मचारियों का अप्रैल माह का वोतन इस बार रोका जा सकता है। वित्त विभाग ने सभी को 28 फरवरी 2025 तक सभी कर्मचारियों की समग्र आईडी पोर्टल पर अपडेट कराने को कहा था। हालांकि इस दौरान मार्च की सैलरी सभी के खातों में आ चुकी है, लेकिन 1 अप्रैल से शुरू हुए नए वित्त वर्ष में इन कर्मचारियों का वेतन रोका जा सकता है।

**ट्रांसफर** | नए पीसीसीआईटी के आते ही लिस्ट जारी, गुंजन वार्ष्णेय, गार्गी चौहान, आलोक की नई पोस्टिंग

# एमपी-सीजी में पदस्थ 27 आयकर अफसरों के तबादले

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आयकर विभाग के एमपी सीजी सर्किल के नए प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर नव रतन सोनी के कामकाज संभालने के हफ्ते भर के भीतर ही विभाग में पदस्थ 27 अफसरों का ट्रांसफर किया गया है। इसके अलावा 13 अफसरों को अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। इन सभी अधिकारियों को 9 मई तक अपनी नई पदस्थापना का चार्ज संभालने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। ट्रांसफर लिस्ट के अनुसार अतिरिक्त आयकर निदेशक अभिषेक मिश्रा को इंदौर से एडिशनल कमिश्नर भोपाल, आलोक भूरा को जॉइंट कमिश्नर रेंज 2 से जबलपुर से जॉइंट कमिश्नर इनकम टैक्स ट्रिब्यूनल 2 जबलपुर, भरत देवराज सेगांवकर जॉइंट कमिश्नर जबलपुर से डायरेक्टर जनरल इन्वेस्टिगेशन रायपुर, बिपिन अहिरवार एडिशनल कमिश्नर सेंट्रल रायपुर को एडिशनल कमिश्नर रायपुर, धर्मेंद्र सिंह को यूनिट ऑफ प्रॉपर्टी से जॉइंट कमिश्नर रायपुर, गार्गी चौहान को यूनिट ऑफ प्रॉपर्टी से जॉइंट कमिश्नर आडिट भोपाल पदस्थ किया गया है।



### आयकर विभाग ने 13 अफसरों को दिया अतिरिक्त प्रभार

आयकर विभाग ने इसी आदेश के तहत 13 अधिकारियों को वर्तमान पदों के साथ अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा है। आलोक भूरा जॉइंट कमिश्नर को जॉइंट कमिश्नर अडिट जबलपुर, बाला मुरली कृष्ण कोर्रापति को उच्जैन, गार्गी चौहान को इटारसी, गुंजन वार्ष्णेय को एडिशनल कमिश्नर प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर भोपाल, कुणाल किशोर को ग्वालियर, राहुल पढ़ा को जबलपुर, रमाकांता प्रधान को सागर, रत्नेश कुमार शर्मा को कोरबा के एडिशनल कमिश्नर और जॉइंट कमिश्नर का एडिशनल चार्ज सौंपा है। इनके अलावा एससी मून को कटनी, संदीप आहूजा को उच्जैन, संजीव एच भगत को खंडवा, तरन्नुम वर्मा को रायपुर में जॉइंट कमिश्नर पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

### गुंजन वार्ष्णेय को टेक्निकल से एडमिन ब्रांच में भेजा गया

आयकर विभाग के आदेश के मुताबिक अब तक भोपाल में एडिशनल कमिश्नर टेक्निकल विंग की जिम्मेदारी संभाल रहीं गुंजन वार्ष्णेय को अब एडिशनल कमिश्नर एडमिन एंड टीपीएस विंग पीसीसीआईटी दफ्तर में पदस्थ किया गया है। कपिल कपूर जॉइंट कमिश्नर उच्जैन को उच्जैन ऑडिट यूनिट से बिलासपुर ऑडिट यूनिट, कुणाल किशोर को यूनिट ऑफ प्रॉपर्टी से जॉइंट कमिश्नर ग्वालियर, मौसमी मित्रा को यूनिट ऑफ प्रॉपर्टी से जॉइंट कमिश्नर भिलाई रायपुर, मुनमुन शर्मा एडिशनल डायरेक्टर टैक्स को डायरेक्टर जनरल इन्वेस्टिगेशन इंदौर, नरेंद्र मोलई प्रसाद जॉइंट कमिश्नर ग्वालियर को बिलासपुर भेजा गया है। आदेश के अनुसार पायल प्रकाश को डीजीआईटी इन्वेस्टिगेशन भोपाल विंग और प्रदुमन मीना को जॉइंट कमिश्नर रेंज 4 भोपाल, राहुल पढ़ा को जॉइंट कमिश्नर जबलपुर, एडिशनल कमिश्नर राजेश कुमार मीना को डीजी इन्वेस्टिगेशन इंदौर, रमाकांत प्रधान को जॉइंट कमिश्नर जबलपुर, रमेश कुमार शर्मा को जॉइंट कमिश्नर बिलासपुर ट्रांसफर किया गया है। आदेश के मुताबिक एस भुवनेश्वरी अब जॉइंट डायरेक्टर भोपाल, एसजी मून जॉइंट कमिश्नर छिंदवाड़ा, संदीप आहूजा जॉइंट कमिश्नर इंदौर, संजय कुमार पांडे जॉइंट कमिश्नर भोपाल, संजीव एच भगत जॉइंट कमिश्नर इंदौर, सौरभ कुमार शर्मा जॉइंट कमिश्नर भोपाल, शशिकांत कुशवाहा एडिशनल कमिश्नर भोपाल, तरन्नुम वर्मा जॉइंट कमिश्नर भिलाई और विजित पटेल जॉइंट कमिश्नर इंदौर के पद पर पदस्थ किए गए हैं।

## पृष्ठ एक के शेष

### कांग्रेस का 'संविधान बचाओ...

सोमवार को ग्वालियर के फूलबाग में भी बड़ी रैली की तैयारी है। इसके लिए कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता ग्वालियर अंचल पहुंच चुके हैं। पार्टी ने बताया कि इसके बाद पूरे देश में संविधान बचाओ रैलियों का सिलसिला शुरू होगा, जिसे पहलगाम हमले के बाद रोक दिया गया था। मंगलवार को बिहार और ओडिशा में कई रैलियां प्रस्तावित हैं। इन रैलियों को मल्लिकार्जुन खड़गे संबोधित करेंगे।

### एबीवीपी ने जीते ...

घोषित होने की उम्मीद है। खबर लिखे जाने तक जेएनयू छात्रसंघ अध्यक्ष पद के लिए 3125 वोटों की गिनती हो चुकी थी। इसमें एबीवीपी की शिखा स्वराज 922 वोटों के साथ सबसे आगे चल रही थीं। इस पद के लिए दूसरे नंबर पर एआईएसए-डीएसफ के नीतीश कुमार थे, जिन्हें 846 वोट मिले। इस सीट के लिए एसएफआई-एआईएसएफ के सी तैय्यबा अहमद को 417 वोट मिले। जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष एन साई बालाजी ने कहा कि इस बार चुनाव से पहले एसएफआई और एआईएसए अलग हो गए। साल 2016 से वाम दलों में गठबंधन था और अलग-अलग पदों पर अलग-अलग छात्र संगठनों के उम्मीदवार लड़ते थे। साल 2017 में इस गठबंधन में डीएफएस भी जुड़ गया, जिससे गठबंधन मजबूत हो गया लेकिन इस बार सब अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं।

### मधुमेह-लिवर रोगों ...

भारतीयों के शरीर में चर्बी जमा होने का तरीका थोड़ा अलग है। हमारे लिवर में चुपचाप अधिक चर्बी जमा हो जाती है, जिससे मधुमेह और लिवर दोनों की बीमारी बढ़ती है। इस गाइडलाइन को तैयार करने में एम्स दिल्ली, सर गंगाराम अस्पताल और मेदांता अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टरों ने भी सहयोग किया है। नई गाइडलाइन डॉक्टरों को अब भारतीय मरीजों की खास जरूरतों के अनुसार इलाज करने में मदद करेगी। इसमें साफ लिखा है कि जांच कितनी बार करानी है, कब विशेषज्ञ से मिलना है और किन बातों का खास ख्याल रखना है। भारत में अलग-अलग इलाकों में लिवर की इस बीमारी का फैलाव 27 फीसदी से 88 फीसदी तक पाया गया है। मोटापा, मधुमेह या दूसरी मेटाबॉलिक बीमारी के मरीजों में इसका खतरा दोगुना हो जाता है। अब तक दुनियाभर में लिवर बीमारी के लिए गाइडलाइन तो थीं, लेकिन मधुमेह के मरीजों के लिए खासकर भारतीयों के हिसाब से कोई तय रास्ता नहीं था। **व्यायाम है जरूरी** : हफ्ते में कम से कम 150 मिनट का हल्का-तेज चलना या 75 मिनट का तेज व्यायाम करना चाहिए। शराब को पूरी तरह छोड़ देना चाहिए।

### मुंबई: ईडी दफ्तर में आग...

खिलाफ मामलों की जांच के दस्तावेज रखे हुए थे। ये सब जल गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार रात करीब 2.31 बजे फायर ब्रिगेड के पास सूचना पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। फायर ब्रिगेड कंट्रोल रूम ने पुष्टि की कि सुबह करीब 3.30 बजे आग लेवल-2 तक बढ़ गई, जिसे आम तौर पर बड़ी आग माना जाता है। एक नगर निगम अधिकारी ने बताया कि आग पांच मंजिला इमारत की चौथी मंजिल तक ही सीमित थी। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

### सपा सांसद सुमन के...

इससे करीब 500 मीटर आगे जाकर काफिले की 5 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस घटना में 6-7 लोग चोटिल हो गए। यहां से सांसद का काफिला फिर आगे बढ़ा। तभी गभाना टोल प्लाजा से पहले क्षत्रिय समाज के युवक अचानक हाईवे पर आ गए। काफिले पर टायर और पत्थर फेंकने लगे। हमले के बाद समर्थकों और पुलिसकर्मियों ने रामजीलाल को सुरक्षा घेरे में ले लिया। सपा सांसद बुलंदशहर में एक दलित परिवार से मिलने जा रहे थे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने हमले को गहरी साजिश बताया। कहा- एक दिन भाजपाई और उनके संगी-साथी भी ऐसे हिंसक तत्वों का शिकार होंगे। एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक ने कहा कि सपा सांसद के काफिले पर कुछ लोगों ने टायर फेंके। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सांसद को अलीगढ़ से आगरा की तरफ सकुशल रवाना करा दिया गया। घटना में किसी को कोई चोट नहीं आई। क्षेत्रीय चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया गया है। गभाना थाना प्रभारी के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई की जाजाएगी।

### जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद पाक नागरिकों की वतन वापसी तेज, अटारी-बाघा बॉर्डर पर भीड़

# पाकिस्तानी बोले-आतंकियों को सजा दें, आम लोगों को छोड़ दें

**चंडीगढ़, जेएनएन।** जम्मू—कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के भारत—पाक के बीच तनाव बढ़ गया है। पाक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भारत ने दो दिन में पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने का अल्टीमेटम दिया है। ऐसे में पंजाब के अटारी—वाघा बार्डर पर वतन लौटने वाले लोगों की तादाद बढ़ गई है। बार्डर पर पाक लौट रहे लोगों के बीच यही आम बात थी कि आतंकियों को सजा दें, आम लोगों को छोड़ दे। यह वह लोग हैं, जो तय सीमा से पहले भारत से बाहर निकलने की होड़ में थे। दरअसल, भारत ने घोषणा की है कि 27 अप्रैल से पाकिस्तानी नागरिकों को जारी वीजा रद्द कर दिए जाएंगे। पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए मेडिकल वीजा 29 अप्रैल तक वैध हैं। पति के साथ उप्र के सहारनपुर आई कराची निवासी बसकरी ने कहा, आज मेरी भतीजी की शादी थी। मैं 10 साल बाद आई, लेकिन फिर भी समारोह में शामिल नहीं हो सकी। उनके पति मोहम्मद रशीद ने कहा,वे 10 अप्रैल को 45 दिन के वीजा पर भारत आए थे। उन्होंने कहा, मेरी पत्नी भारत में पैदा हुई थी और मेरे ससुराल वाले यहीं रहते हैं। शादी आज सहारनपुर जिले में होनी थी। पुलिस हमारे रिश्तेदार के घर आई और हमें तुरंत चले जाने को कहा। उनकी पत्नी ने कहा, शादी के दिन चले जाना दुखद है। दोनों देशों के बीच शांति बनी रहनी चाहिए। रशीद ने कहा, पहलगाम में जो कुछ भी हुआ, वह गलत है। इसके पीछे जो लोग हैं, उन्हें कड़ी सजा मिलनी चाहिए, लेकिन आम लोगों को इसका खामियाजा नहीं भुगतना चाहिए। घर वापस लौट रहे एक अन्य पाक नागरिक ने कहा, मां के इलाज के लिए भारत में था। वह भाग्यशाली था कि यह इलाज कुछ दिन पहले ही पूरा हुआ। पाकिस्तान के उत्तरी सिंध में घोटकी के बलीराम ने बताया कि जब हमले की खबर आई, तब वे रायपुर में तीन बेटियों से मिलने गए थे। उन्होंने कहा, मैं 5 अप्रैल को आया था, लेकिन अब मुझे वापस लौटना पड़ रहा है।

### पाकिस्तानी परिवार को भेजा दिल्ली, बोले मैं हिंदू हूं...

हिसार के बालसमंद में 15 सदस्यों वाले परिवार को पहलगाम में आतंकी हमले के बाद दिल्ली भेज दिया गया है। पुलिस ने बस में बैठाकर इन्हें दिल्ली कैंप भेजा। बालसमंद के खेतों में यह परिवार 25 अगस्त 2024 से वीजा समाप्ति के बाद भी रह रहा था। इस परिवार में पाकिस्तान के सिंध हैदराबाद से सोभो 3 लड़कियां, 8 बच्चे, 3 महिलाएं और एक बुजुर्ग हैं। यहां निजी अस्पताल की जमीन पर बने कमरे में यह परिवार यहां खेतो में दिहाड़ी मजदूरी करके अपने परिवार का लालन पालन कर रहा था। यह परिवार अपने आपको हिन्दू बताता था।



### जयपुर: मस्जिद के बाहर प्रदर्शन भाजपा विधायक पर एफआईआर

राजस्थान के जयपुर में जामा मस्जिद के बाहर भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने लोगों की भीड़ के साथ प्रदर्शन किया। मामले में पुलिस ने भाजपा विधायक, समर्थकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। हालांकि अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। जयपुर में रात को हुए जबरदस्त बवाल और हंगामे के बाद अब शांति है। रात को जिस जौहरी बाजार इलाके में बवाल हुआ, वहां शनिवार को बाजार खुले हैं और सड़कों पर चहल पहल है।

### कुलगाम में आतंकियों के दो मददगार गिरफ्तार

पहलगाम हमले के बाद कुलगाम में पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई में 2 आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया, इनके पास से हथियार और गोला—बारूद भी बरामद हुए है। सुरक्षा बलों ने बताया कि मतलहामा चौक थोकरपोरा, कैमोह में स्थापित एक चौकी पर जांच के दौरान दोनों आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है, इनकी पहचान बिलाल अहमद भट पुत्र अब्दुल सलाम भट और मो. इस्माइल भट पुत्र गुलाम मो. भट के रूप में हुई। दोनों थोकरपोरा, कैमोह के निवासी हैं। दोनों के कब्जे से 2 पिस्तौल, 25 पिस्तौल राउंड, 2 पिस्तौल मैगजीन हथियार गोला—बारूद बरामद किया गया।

### 8 आतंकियों के घर ढहाए

केंद्र सरकार ने शनिवार को पहलगाम हमले की जांच एनआईए को सौंप दी। सुरक्षाबलों ने कश्मीर में सुरक्षा कड़ी कर दी है और आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है। शनिवार को 4 और आतंकियों के घर ब्लास्ट कर गिरा दिए गए। इस तरह 2 दिन में 8 आतंकियों के घर ढहाए गए हैं।

### ट्रंप बोले-भारत-पाकिस्तान सुलझा लेंगे मुद्दे

आतंकी हमले के चलते दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच हमेशा से तनाव रहा है और वे इसे किसी न किसी तरह से खुद ही सुलझा लेंगे। ट्रंप ने रोम जाने के लिए विमान में सवार होते वक्त कहा कि मैं भारत और पाकिस्तान दोनों के करीब हूं। उन्होंने कहा कि कश्मीर का मामला बहुत पुराना है, 1,000 साल या शायद उससे भी ज्यादा समय से लड़ाई चल रही है।

### सिंधु दरिया हमारा है, इसमें पानी बहेगा या खून: भुट्टो

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भारत के खिलाफ भड़काऊ भाषण दिया है। उन्होंने शुक्रवार को एक जनसभा में कहा, सिंधु नदी में या तो हमारा पानी बहेगा या फिर उनका खून बहेगा। सिंधु दरिया हमारा है और हमारा ही रहेगा। भुट्टो ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि आप एक झटके में सिंधु जल समझौता को तोड़ दें। हम इसे नहीं मानते हैं। हमारी अवाम इसे नहीं मानती। हजारों साल से हम इस नदी के वारिस हैं।

### महाराष्ट्र के मंत्री राणे बोले-हिंदू खरीदारी से पहले धर्म पूछे

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे ने शुक्रवार को कहा, हिंदुओं को दुकानदारों से कुछ भी खरीदने से पहले उनका धर्म पूछना चाहिए। राणे ने यह टिप्पणी पहलगाम हमले के बाद की है जहां आतंकियों ने धर्म पूछकर गोलियां मारीं थीं। इसमें 26 लोगों की मौत हुई थी। रत्नागिरी जिले के दापोली कस्बे में एक सभा को संबोधित करते हुए राणे ने कहा, उन्होंने (आतंकियों) हमें मारने से पहले हमारा धर्म पूछा।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने हमले की कड़ी निंदा

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि 'सुरक्षा परिषद के सदस्य 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले की सबसे कड़े शब्दों में निंदा करते हैं, जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए और कई घायल हुए।' संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से जारी निंदा प्रस्ताव में कहा गया कि आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है।

### कश्मीरी छात्रों के साथ मारपीट के आरोप

आतंकी हमले के बाद पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और कुछ अन्य जगहों पर कश्मीरी छात्रों के साथ मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं। पंजाब के मोहाली और पटियाला में मारपीट की घटना हुई। इसके अलावा देहरादून और उत्तर प्रदेश के कुद शहरों में कश्मीरी छात्रों के साथ स्थानीय छात्रों की झड़प हुई। 2 स्थानों पर छात्रों के साथ बदसलूकी के मामले भी सामने आए। इन मामलों को तत्परता के साथ सुलझा लिया गया है। पंजाब में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने कश्मीरी छात्रों से मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि उन्हें किसी तरह की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मुंबई में इमारत में आग महिला की मौत, 6 घायल



**मुंबई।** अंधेरी स्थित एक आवासीय परिसर के अपार्टमेंट में भीषण आग लग गई। इसमें एक 34 साल की महिला की मौत हो गई। वहीं, दो बच्चों सहित अन्य कई लोग घायल हुए हैं। घटना को लेकर अधिकारियों ने बताया कि लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स इलाके में ८ मंजिला ब्रोक लैंड इमारत की पहली मंजिल पर एक फ्लैट में देर रात करीब 2.40 बजे आग लग गई। एक स्थानीय नागरिक ने बताया कि एक निवासी अभिना संजनवाला की दम घुटने से मौत हो गई और डॉक्टरों ने उसे कोकिलाबेन अस्पताल में मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि 10 दिन के शिशु व ३ साल के बच्चे सहित अन्य प्रभावित व्यक्तियों को अस्पताल ले जाया गया, जहां बच्चे का गहन चिकित्सा इकाई में इलाज चल रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि दो पुरुष पीड़ितों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि आग घरेलू सामान तक ही सीमित थी।

### नक्सल अभियान: 40 जवान डिहाइड्रेशन के शिकार

**बीजापुर।** छग के बीजापुर में नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़ा ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस 40 से ज्यादा जवान डिहाइड्रेशन का शिकार हो गए हैं। बीजापुर और तेलंगाना सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बीते 72 घंटे से लगातार जवान माओवादियों के खिलाफ जारी अभियान में अपना शौर्य दिखा रहे हैं। पीड़ित जवानों को सेना के हेलिकॉप्टर से तेलंगाना के भद्राचलम के अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। जवान पिछले चार दिनों से भीषण गर्मी में नक्सलियों से लोहा ले रहे हैं। ऑपरेशन के दौरान अब तक तीन नक्सली ढेर हो चुके हैं। वहीं, दो जवानों के भी घायल होने की खबर है। नक्सलियों ने पत्र लिखकर सरकार से बातचीत की मांग की है। जंगल में पानी के अभाव में जवानों की हालत खराब है। ऐसे में नक्सलियों को भी खाने-पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। सूखे जंगलों के बीच 500 से ज्यादा नक्सली छिपे हुए हैं। ऐसे में नक्सलियों ने सरकार से बातचीत की मांग की है। नक्सलियों का कहना है कि उन्होंने पहले ही शांतिपूर्ण बातचीत की पेशकश की थी, लेकिन सरकार हिंसा का रास्ता अपना रही है।

### व्हाइट हाऊस में तीखी बहस के बात पहली बार जेलेंस्की से मुलाकात, ट्रंप बोले

## पुतिन बहका रहे हैं, वो युद्ध रोकना ही नहीं चाहते

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें शक है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन युद्ध खत्म करना चाहते हैं भी हैं या नहीं। इससे एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि जल्द ही रूस और यूक्रेन में शांति समझौता हो सकता है। ट्रंप शनिवार को पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए रोम पहुंचे थे। यहां उन्होंने यूक्रेन राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की। इसकी एक तस्वीर भी सामने आई है, जिसमें दोनों नेता बातचीत कर रहे हैं। दो महीने पहले फरवरी में राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ तीखी बहस के बाद यह पहला मौका था, जब जेलेंस्की और ट्रंप आमने सामने मिले हों। पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के बाद अमेरिका लौटते वक्त ट्रम्प ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, पिछले कुछ दिनों में पुतिन ने यूक्रेन के रिहायशी इलाकों, शहरों और कस्बों पर बेवजह मिसाइलें दागी।

### मुलाकात के ऐतिहासिक बनने की संभावना: जेलेंस्की



ट्रंप से मुलाकात के बाद जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह मुलाकात अच्छी रही और इसके ऐतिहासिक बनने की संभावना है। उन्होंने एक्स पर लिखा- हमने बहुत सी बातों पर अकेले में चर्चा की। उम्मीद है कि जिन मुद्दों पर बात हुई, उन पर अच्छे नतीजे मिलेंगे। अपने लोगों की जिंदगी की रक्षा करना, पूरी तरह और बिना शर्त युद्धविराम लागू करना हमारा लक्ष्य है। हमें ऐसी मजबूत और टिकाऊ शांति बनानी है जो फिर कभी युद्ध न होने दे। यह मुलाकात ऐतिहासिक बन सकती है अगर हम मिलकर अच्छे नतीजे हासिल करें। धन्यवाद राष्ट्रपति ट्रंप।

### गाजा: इजरायली हमले में 49 लोग मारे गए

**गाजा पट्टी।** पिछले 24 घंटों में इजरायली हमलों में 49 लोग मारे गए, जबकि अरब मध्यस्थों ने संघर्ष विराम को फिर से शुरू करने के लिए संघर्ष किया। शनिवार सुबह पश्चिमी गाजा शहर के एक इलाके में हवाई हमले में तीन मंजिला मकान ढह गया, जिसमें 10 लोग मारे गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शहर के तट पर स्थित शाति शरणार्थी शिविर में तीन और लोग मारे गए। हमलों पर इजराइल की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब शनिवार को हमास ने कहा कि उसने रुके हुए युद्धविराम को फिर से पटरी पर लाने के लिए काहिरा में उच्च स्तरीय दल भेजा है। इजराइल ने पिछले महीने हमास के साथ युद्धविराम समाप्त कर दिया था और कसम खाई थी कि जब तक हमास को नष्ट नहीं कर दिया जाता, तक तक यह युद्ध खत्म नहीं होगा।

## राजा का कर्तव्य रक्षा करना है, इसे निभाना चाहिए



बोले- हमारे यहां देखा जाता है शत्रु अच्छा है या बुरा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा,अहिंसा हमारा स्वभाव है, हमारा मूल्य है, लेकिन कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे कुछ भी कर लो, वे दुनिया को परेशान करते रहेंगे, तो उनका क्या करें। राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना है, राजा को कर्तव्य निभाना चाहिए। मोहन भागवत नई दिल्ली में पीएम संग्रहालय में स्वामी विज्ञानंद की पुस्तक 'हिंदू मेनिफेस्टो' के विमोचन में बोल रहे थे। कार्यक्रम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा गया। भागवत ने कहा, दुनिया को हमें बहुत सिखाना है और हमारे पास बहुत है। हमारी अहिंसा लोगों को बदलने के लिए है। उन्हें अहिंसक बनाने के लिए है। कुछ लोग तो बन गए, लेकिन कुछ नहीं बने। वे इतने बिगड़े हैं कि कुछ भी करो वे नहीं बदलेंगे। बल्कि दुनिया में और उपद्रव करेंगे। भागवत ने कहा, हमारे यहां देखा जाता है कि शत्रु अच्छा है या बुरा। इसे बैलेंस किया जाता है, इसलिए गीता में अहिंसा का उपदेश है, ताकि अर्जुन लड़े और मारे, क्योंकि उस समय ऐसे लोग सामने थे कि उनका कोई और इलाज नहीं था। उन्होंने कहा कि यह किताब लंबी स्टडी के बाद बनी है।

## मौजूदा राजनीति में विपक्ष को कुचलने का टागरेट : राहुल

**हैदराबाद, जेएनएन।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि मौजूदा आक्रमक पॉलिटिकल माहौल में विपक्ष को कुचलने और मीडिया को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में लोकतांत्रिक राजनीति मौलिक रूप से बदल गई है। एक दशक पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं हैं। राहुल ने कहा कि हमारा विपक्ष सुनना नहीं जानता, क्योंकि उनके पास पहले से ही सभी उत्तर हैं। उसे ठीक से पता है कि क्या किया जाना चाहिए। यह पूरी तरह से गलत है। देश की जनता को पता है क्या किया जाना चाहिए। राहुल ने कहा कि हम राजनेता के तौर पर जनता की बात सुनने में विफल रहे हैं। हमें इस पर वास्तव में वास्तव करना चाहिए। हमारे विरोधियों ने इसे स्थान को पूरी तरह से खाली छोड़ा है। राहुल गांधी शनिवार को हैदराबाद पहुंचे थे। उन्होंने यहां भारत समिट 2025 कार्यक्रम में हिस्सा लिया। आज इस कार्यक्रम का दूसरा दिन था। कार्यक्रम में तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी भी मौजूद रहे। राहुल ने कहा, हमने पाया कि हमारे सभी रास्ते बंद हो गए हैं। मीडिया और माहौल हमें उस तरह से काम करने की परमिशन नहीं देता जैसा हम चाहते थे।



### सावरकर मामला : राहुल को पुणे कोर्ट ने किया तलब

महाराष्ट्र में पुणे की एक अदालत ने स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर की गई टिप्पणी से संबंधित मानहानि के एक मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को तलब किया है। अदालत ने राहुल गांधी को 9 मई को उपस्थित होने को कहा है। वीडी सावरकर के एक रिश्तेदार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, क्योंकि उन्होंने कुछ समय पहले लंदन में स्वतंत्रता सेनानी के बारे में विवादित बयान दिया था।

## ईरान के बंदरअब्बास पोर्ट पर धमाका, 5 मरे, 700 घायल

### ज्वलनशील पदार्थों को रखने में लापरवाही से हादसा



**तेहरान।** ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर शनिवार को विस्फोट में 5 लोगों की मौत हो गई और 700 से ज्यादा घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शुरुआती जांच में पता चला है कि घटनास्थल पर ज्वलनशील पदार्थों के स्टोरेज में लापरवाही से यह हादसा हुआ। ईरानी अधिकारियों ने बताया कि यह विस्फोट बंदर अब्बास पोर्ट के ठीक बाहर शाहिद राजाई पोर्ट के सिना कंटेनर यार्ड में हुआ। यहां पर ट्रांसपोर्ट कंटेनर्स को रखा जाता है, जिसमें ऑयल और अन्य पेट्रोकेमिकल फेसिलिटी भी है। रेस्क्यू वर्कर्स हादसे वाली जगह से लोगों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं। ईरानी मीडिया का कहना है कि विस्फोट की वजह से किसी एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान नहीं पहुंचा है। ईरान को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की वजह से जरूरी इक्विपमेंट नहीं मिल पाते हैं, इस वजह से यहां पर अक्सर इंडस्ट्रीयल दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

### सुनील शेट्टी बोले-मैं भी जाऊंगा कश्मीर



**मुंबई।** पहलगाम पर आतंकी हमले पर बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने गुस्सा जाहिर किया है। एक इंटरव्यू में सुनील शेट्टी ने कहा है कि हम लोगों को आपस में नहीं लड़ना है, बल्कि इस समय सभी का साथ खड़े रहना बहुत जरूरी है। हमें उन लोगों के जाल में तो बिल्कुल भी नहीं फंसना है जो इस वक्त डर, नफरत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। कश्मीर हमारा था, हमारा है और हमेशा हमारा ही रहेगा। शेट्टी ने कहा कि हर हिंदुस्तानी को कश्मीर जाना चाहिए और अगली ट्रिप वहीं की होनी चाहिए। अगली छुट्टी जो हमारी होगी, वो कश्मीर में ही होगी। और कहीं नहीं होगी। उनको ये दिखाना है कि हमें डर नहीं है और वाकई में डर नहीं है। शेट्टी ने कहा कि उन्होंने कश्मीर के अथॉरिटीज को फोन घुमाकर कश्मीर आने की बात भी कर ली है। एक्टर के मुताबिक, मैंने खुद सामने से फोन करके बोला है कि अगर आपको लगता है कि हमें वहां आना है, टूरिस्ट की तरह या आर्टिस्ट की तरह हमें वहां शूटिंग करना है या घूमने जाना है, हम जरूर आएंगे। जो कश्मीरी बच्चे हैं, उनमें उनकी कोई गलती नहीं है।

### चौंकाने वाली रिपोर्ट: यमुना की दुर्दशा का कारण सिर्फ प्रदूषण नहीं

**मुंबई।** उद्धव नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव में अहम मुद्दा रहे यमुना को लेकर सामने आई रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इसमें कहा गया है कि यमुना की खस्ताहालत के लिए प्रदूषण ही नहीं, बल्कि पानी का कम बहाव भी एक बड़ा कारण है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) की ओर से तैयार रिपोर्ट के मुताबिक, नदी में न्यूनतम प्रवाह के लिए जरूरी पानी का आधा हिस्सा भी नहीं है। अगर प्रवाह निर्बाध हो तो नदी में मौजूद कचरा भी अपने आप छंट जाता है। दिल्ली के बड़े नालों से सीधे यमुना में गिरने वाले गंदे पानी की वजह से प्रदूषण का स्तर इतना अधिक है कि नदी का जलीय जीवन लगभग नष्ट हो चुका है। डीपीसीसी की रिपोर्ट में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी, रुड़की के हवाले से बताया गया है कि हथिनी कुंड बैराज और ओखला बैराज के बीच मई जैसे सूखे महीने में भी पर्यावरणीय प्रवाह 190 एमजीडी रहता है। जबकि नदी के न्यूनतम प्रवाह के लिए जरूरी है कि नदी में कम से कम 437 एमजीडी पानी हो।

### महाराष्ट्र: उद्धव की शिवसेना ने दिए राज ठाकरे की मनसे से गठबंधन के संकेत

**मुंबई।** उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) ने शनिवार को राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) से गठबंधन के संकेत दिए हैं। पार्टी ने एक्स पर लिखा, मुंबई और महाराष्ट्र के हित के लिए एकजुट होने का समय आ गया है। पार्टी कार्यकर्ता मराठी गौरव की रक्षा के लिए तैयार हैं। 19 अप्रैल को राज ठाकरे ने चचेरे भाई उद्धव से गठबंधन पर कहा था, उद्धव से राजनीतिक मतभेद हैं, विवाद हैं, झगड़े हैं, लेकिन यह सब महाराष्ट्र के आगे बहुत छोटी चीज हैं।

## शहडोल संभाग में गोदाम से 16,000 क्विंटल धान गायब

**जागरण, शहडोल।** संभाग में धान खरीदी के मामले में करोड़ों का घोटाला सामने आया है। दरअसल संभाग के तीन जिलों शहडोल, उमरिया और अनूपपुर में 4 करोड़ 88 लाख की धान गोदाम तक पहुंचते-पहुंचते गायब हो गई है। अब इसका खामियाजा लैम्प्स समितियों के प्रबंधकों को भरना पड़ेगा। जानकारी के अनुसार शहडोल जिले में खरीफ सीजन के तहत 30 हजार 186 किसानों से खरीदी गई 20 लाख मीट्रिक टन धान में से करीब 3 करोड़ 68 लाख रुपए कीमत की 16,000 क्विंटल धान गायब है। जब इस धान को गोदाम में तौलने की बारी आई, तो मामला चौंकाने वाला निकला। धान कम निकला और ये सिर्फ शहडोल की कहानी नहीं है। शहडोल संभाग के उमरिया में 2,542 क्विंटल और अनूपपुर में 2,710 क्विंटल धान की मात्रा कम पाई गई है। तीनों जिलों में कुल नुकसान, करीब 4 करोड़ 88 लाख रुपए का हुआ है।

### कंपनी ने समय पर नहीं किया धान का परिवहन

जांच में सामने आया कि एनसीसीएफ (नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन) एजेंसी, जिसे शासन ने इस सीजन के उपार्जन का पायलट प्रोजेक्ट सौंपा था। उक्त कंपनी ने समय पर धान का परिवहन नहीं किया, नतीजा धान खुले में पड़ा रहा, जिससे वह सूखकर वजन कम हो गया।

### हेल्थ | रोबोटिक तकनीक से दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुई दुनिया की पहली जटिल सर्जरी

## महिला के पेट से निकाला फुटबॉल से बड़ा ट्यूमर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली में सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टरों ने एक 36 वर्षीय महिला मरीज की रोबोटिक सर्जरी कर 18.2 गुणा 13.5 सेंटीमीटर (18.2*13.5) आकार का बड़ा ट्यूमर निकाला। सर्जरी के तीन दिन बाद महिला मरीज को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और अब वह ठीक है। सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप बंसल ने बताया कि यह रोबोटिक सर्जरी से निकाला गया दुनिया में अब तक का सबसे बड़ा एड्रेनल ट्यूमर है।

खास बात यह है कि इसे मरीज के पेट में बिना कोई बड़ा कट लगाए रोबोटिक मशीन की मदद से छोटा-छोटा चीरा लगाकर निकाला गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, यूरोलाजी के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन वासुदेवा, डॉ. नीरज कुमार और डॉ. अभिषेक मंडल ने मिलकर यह सर्जरी की। बता दें कि एड्रेनल ग्लैंड दोनों किडनी के ऊपरी हिस्से में स्थित होता है जो हार्मोन उत्पन्न करता है और ब्लड प्रेशर नियंत्रित करने में मदद करता है। अस्पताल द्वारा बताया गया है कि महिला मरीज की एक किडनी के एड्रेनल ग्लैंड में ट्यूमर हो गया था और यह बड़ा होकर इंफीरियर वेना कावा नस, लिवर व दाईं किडनी से चिपक गया था। इससे मरीज की जान को खतरा हो गया था।



### 3डी विजन का इस्तेमाल कर हुई रोबोटिक सर्जरी

इस ट्यूमर को शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को नुकसान पहुंचाए बगैर हटाना जरूरी था। इसके लिए 3डी विजन तकनीक का इस्तेमाल करते हुए रोबोटिक सर्जरी की गई। 3डी विजन तकनीक से सर्जरी ज्यादा सटीक होती है। सर्जरी में बिना किसी जटिलता के ट्यूमर को पूरी तरह से हटा दिया गया। इससे मरीज भी जल्दी रिकवर हो गई। डॉक्टरों ने बताया कि अब मरीज की जान को कोई खतरा नहीं है।

### मरीज को कम होता है दर्द

रोबोटिक सर्जरी में मरीज के शरीर में छोटे-छेद किए जाते हैं। इससे मरीज को ज्यादा दर्द नहीं होता और सर्जरी के दौरान रक्तस्राव भी बहुत कम होता है, जबकि ओपन सर्जरी के लिए 20 सेंटीमीटर से ज्यादा बड़ा चीरा लगाना पड़ता है। इससे मरीज को सर्जरी के बाद ठीक होने में कई सप्ताह का समय लगता है। डॉ. संदीप बंसल ने इसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि सफदरजंग अस्पताल में मरीजों को रोबोटिक सर्जरी की अत्याधुनिक सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। निजी अस्पतालों में इसके लिए भारी भरकम शुल्क चुकाना पड़ता है।

## मजबूत ग्रामीण शासन के लिए पंचायतों को सशक्त बनाना जरूरी: सुनील कुमार



**जागरण, भोपाल।** 73वें संविधान संशोधन अधिनियम ने पंचायत राज संस्थाओं को ग्रामीण भारत में स्थानीय शासन को मजबूत करने के लिए सशक्त बनाया है, जिसमें अनुच्छेद 40 ग्राम स्वशासन के महत्व को रेखांकित करता है। हालांकि, मध्य प्रदेश में सीमित अधिकारों का हस्तांतरण, नौकरशाही बाधाएं और असंगत वित्त पोषण जैसी चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। इन मुद्दों को उजागर करते हुए सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एवं पूर्व प्रमुख सचिव सुनील कुमार ने ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया (टीआरआई) के पंचायत राज अधिनियम पर परामर्श सत्र को संबोधित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शासन से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा करना, गहन विकेंद्रीकरण को बढ़ावा देना और मध्य प्रदेश में पंचायत राज संस्थाओं की स्वायत्तता को सशक्त करना था।इस परामर्श सत्र में नीति-निर्माता, पंचायत राज संस्थाओं के तीनों स्तरों के निर्वाचित प्रतिनिधि, नागरिक समाज संगठन तथा शासन विशेषज्ञ शामिल हुए। इस दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निदेशक छोटे सिंह, केंद्रीय पंचायत राज मंत्रालय के पूर्व सचिव एस.एम. विजयनंद, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के निदेशक डॉ. अमिताभ पांडेय, स्थानीय शासन विशेषज्ञ श्याम बोहरे, नेशनल लॉ इंस्टिट्यूट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ बीर पाल सिंह और प्रोफेसर एच.एम. मिश्र ने भी विभिन्न सत्रों को संबोधित किया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गतिविधियां जारी




**जागरण, पन्ना ।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जनप्रतिनिधि एवं आमजनों की सहभागिता से निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। गत शनिवार को गुनौर क्षेत्र के सलेहा स्थित प्राचीन धनउवा तालाब में विधायक डॉण् राजेश वर्मा के नेतृत्व में जनसहभागिता से सफाई अभियान संचालित किया गया। इस दौरान जनअभियान परिषद के स्वयंसेवकों ने भी श्रमदान किया। नदी तथा उसके घाटों की साफसफाई की गई। इसके बाद नदी तट पर उपस्थित जनसमूह के साथ जल व नदियों की महत्ता पर संवाद भी किया गया। विधायक डॉण् वर्मा ने बताया कि जल के सभी स्त्रोत जीवन सभ्यता के लिए अनिवार्य हैं। इनका संरक्षण करना समाज की जिम्मेदारी है। शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश की सभी जलीय संरचनाओं के संरक्षण का महाभियान संचालित किया जा रहा हैए जिसके तहत नदियोंए तालाबोंए बावड़ियों पोखरों व अन्य जल संरचनाओं का संरक्षण व संवर्धन किया जा रहा है। इन सभी संरचनाओं के संरक्षण के लिए समुदाय व नागरिकों को भी जुटना होगाए तभी हम अपनी पीढ़ियों को सुरक्षित जल और भविष्य दे पाएंगे।

# नरवाई जलाने पर हुई कार्रवाई, जिला मजिस्ट्रेट ने अर्थदण्ड के लिए जारी किया नोटिस

**जागरण, पन्ना ।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोकथाम के उद्देश्य से गत दिवस विभागीय अधिकारियों को शासन के निर्देशों के तहत कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था। इस क्रम में जिले में नरवाई जलाने की दो घटनाओं पर संबंधित एसडीएम एवं उप संचालक कृषि के जांच प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर न्यायालय द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 तथा मण्प्रण् पर्यावरण विभाग की अधिसूचना के प्रावधानों के उल्लंघन पर संबंधित दो व्यक्तियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर सोमवारए 28 अप्रैल को दोपहर 12 बजे तक उपस्थित होकर पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं अन्यथा पर्यावरण की क्षतिपूर्ति के लिए 5.5 हजार रूपए का अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा। अनुपस्थिति पर एकपक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। पन्ना तहसील के ग्राम भसूड़ा निवासी संतोष कुमार द्विवेदी को 1ण्400 हेक्टेयर में तथा शाहनगर तहसील के ग्राम आमा निवासी बालगोविंद साहू को 1ण्239 हेक्टेयर में गेहूं फसल की नरवाई जलाने पर नोटिस जारी किया गया है।

# फांसी के फंदे पर झूलती मिली युवती



**टीकमगढ़ ।** जिले कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मोटे के मुहल्ले में एक युवती ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया है। मौके पर मौजूद लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक युवती का नाम रोजी पिता हाफिज निवासी जतारा की रहने वाली बताई जा रहा है जो अपनी रिश्तेदारी में रिश्ते की बुआ के यहां आई हुई थी। जानकारी के मुताबिक अनवर किराए के मकान में रहते है। फिलहाल फांसी लगाने की घटना में कारण अज्ञात बना हुआ हैं। सूचना पुलिस को दी गई पुलिस जांच में घटना का खुलासा होगा।

# प्राचीन अस्तोन किले के चारों ओर शासकीय भूमि को कराया गया अतिक्रमण मुक्त



**टीकमगढ़ ।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा पुरातत्व एवं तालाबों को संरक्षित करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के पालन में आज प्राचीन अस्तोन किले के चारों ओर अतिक्रमण कर किले के प्रवेश द्वार सहित पूरी संरचना में कब्जा कर लिया थाए जिसे राजस्व एवं पुलिस के सहयोग से 8 लोगों के 1ण्35 एकड़ का स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया।अतिक्रमित मुक्त शासकीय भूमि की अनुमानित कीमत 1ण्25 करोड़ रुपए रही। ज्ञातव्य है कि धर्मेंद्र पिता सुजान लोधी 70म40 बेड़ा बनाकरएगोपी पिता रतिराम लोधी 25म12 के दो गैर रहवासी कमरेए हर प्रसाद पिता रिसई लोधी 50म100 बेड़ा बनाकरए दशरथ पिता तन चडॉर 20म100ए रमेश पिता कल्लू कुशवाहा 40म40 बेड़ा बनाकरए रामेश्वर पिता भागीरथए श्रोत्रिय 50म20 स्टोर गैर रहवासीए राजेन्द्र पिता स्वामी श्रोत्रिय 50म60स्टोर गैर रहवासीए बाबूलाल वीरेंद्र पिता भगवत यादव 20म50 गैर रहवासी मकान बनाकर कब्जा कर लिया था। इसके साथ ही आस्तोन के बड़े तालाब के 8 एकड़ में जब्बार यादव कपूरे अहिरवार एवं अन्य 3 लोगों ने अतिक्रमण कर मूंग की फसल बोई हुई थी उसे भी अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अतिक्रमित मुक्तभूमि की कीमत लगभग 4000000ध् चालीस लाख रुपए है।

# पवई-सलेहा रोड पर अनियंत्रित ट्रक पलटा, ड्राइवर घायल

**पवई ।** रविवार को पवई.सलेहा रोड पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रक चालक घायल हो गयाए जिसे स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत सामान्य बताई है। जानकारी के अनुसारए ट्रक सतना की ओर से कटनी की तरफजा रहा था। हादसे के दौरान ट्रक की चपेट में सड़क किनारे लगे विद्युत तार भी आ गएए जिससे पवई और कृष्णगढ़ क्षेत्र की बिजली आपूर्ति घंटों तक बाधित रही। घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और बिजली विभाग को सूचना दी गई। बिजली विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सुधार कार्य शुरू किया और करीब 1 घंटे बाद विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी। दुर्घटना के कारण सड़क पर भी यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा। पुलिस ने ट्रक को हटवाकर मार्ग को चालू कराया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# भीषण गर्मी से मिली राहत, पवई में तेज हवाओं के साथ बारिश

**पवई ।** लगातार बढ़ती गर्मी से जूझ रहे पवई क्षेत्रवासियों को रविवार दोपहर बड़ी राहत मिलीए जब लगभग 12 बजे के आसपास अचानक मौसम ने करवट ली। आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। इस अप्रत्याशित मौसम परिवर्तन ने जहां लोगों को तपती गर्मी से राहत दीए वहीं किसानों को खरीफकी फसल के लिए भी यह बारिश संजीवनी साबित होगी। बीते कई दिनों से पवई क्षेत्र भीषण गर्मी की चपेट में था। दिन के समय तापमान काफी अधिक बढ़ रहा थाए जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा था। लू के थपेड़ों ने लोगों का दिन में घर से निकलना मुश्किल कर दिया था। लेकिन रविवार दोपहर आई इस तेज बारिश ने मौसम को पूरी तरह बदल दिया। तेज हवाओं ने जहां वातावरण को ठंडा कियाए वहीं वर्षा ने तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज कराई। बारिश शुरू होते ही गलियों और सड़कों पर पानी भरने लगाए मगर लोगों ने इस असुविधा की परवाह किए बिना बारिश का भरपूर आनंद लिया। बच्चे गलियों में बारिश में भीगते नजर आएए वहीं बड़े.बुजुर्ग भी घरों की छतों और बरामदों से बारिश का दृश्य निहारते रहे। बारिश के साथ हल्की बूँदाबाँदी जारी रहीए जिससे मिट्टी की सौंधी खुशबू ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। कई स्थानों पर बिजली गुल होने की भी खबरें मिलींए लेकिन कुल मिलाकर लोगों ने इस मौसम परिवर्तन का स्वागत हर्ष के साथ किया। बुजुर्गों के अनुसारए यह बारिश मानसून पूर्व की वर्षा का संकेत हो सकती है। अगर इसी प्रकार बारिश का सिलसिला आगे भी जारी रहा तो क्षेत्र के जलस्तर में सुधार के साथ.साथ आगामी खरीफफसलों की बुवाई में भी सुविधा होगी। कुल मिलाकरए तेज हवाओं के साथ आई इस अचानक बारिश ने तपती गर्मी से परेशान पवई के लोगों को न सिर्फ राहत दीए बल्कि वातावरण को भी नई ताजगी प्रदान की।

# अशासकीय स्कूलों में ऑनलाइन निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया 5 मई से

**पन्ना ।** निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की कार्यवाही पारदर्शी तरीके से की जाएगी। इसके लिये कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया का टाइम टेबल घोषित कर दिया गया है। शिक्षण सत्र 2025.26 में 5 मई से प्रवेश प्रक्रिया की कार्यवाही शुरू की जा रही है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने जिला कलेक्टर्स और जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश जारी किए हैं। जारी कैलेण्डर के अनुसार 5 मईए 2025 को निःशुल्क प्रवेश के लिये मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूल एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन होगा। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार का कार्य 7 मई से 21 मई तक किया जायेगा। आवेदन के बाद सत्यापन का कार्य शासकीय जन शिक्षा केन्द्र में 7 मई से 23 मई तक होगा। रेण्डम पद्वति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्कूल का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस द्वारा सूचना 29 मई तक की जायेगी। आवंटन के बाद अशासकीय स्कूल में प्रवेश के लिये उपस्थिति और स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से एडमिशन रिपोर्टिंग का कार्य 2 से 10 जून तक किया जायेगा। आवेदक अपने ग्रामए वार्ड तथा विस्तारित पड़ोस के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त प्रायवेट स्कूलों में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिये आवेदन दर्ज करा सकेंगे। निर्धारित सत्यापन केन्द्र ;शासकीय जन शिक्षा केन्द्रद्ध में मूल दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाना अनिवार्य है। प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी एजुकेशन पोर्टल पर भी प्रदर्शित की गयी है। इससे जुड़ी जानकारी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है। प्रवेश प्रक्रिया में कक्षावार निर्धारित आयु की भी जानकारी दी गयी है। नर्सरी में न्यूनतम आयु 3 वर्ष एवं अधिकतम आयु 4 वर्ष 6 माहए केण्जीण.1 में न्यूनतम आयु 4 वर्ष एवं अधिकतम आयु 5 वर्ष 6 माहए केण्जीण.2 में न्यूनतम आयु 5 वर्ष एवं अधिकतम आयु 6 वर्ष 6 माहए कक्षा.1 में न्यूनतम आयु 6 वर्ष एवं अधिकतम आयु 7 वर्ष 6 माह निर्धारित की गयी है। स्कूल शिक्षा विभाग ने निर्धारित तय समय.सीमा में प्रक्रिया पूरा करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये हैं।

# कस्टम हायरिंग सेंटर का किया भ्रमण




**जागरण, पन्ना ।** कृषि महाविद्यालय पन्ना के बीएससी कृषि द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने गत दिवस किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग अंतर्गत संचालित कस्टम हायरिंग सेंटर का भ्रमण कर खेती में उपयोगी मशीनों की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। महाविद्यालय अधिष्ठाता के मार्गदर्शन में भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रोजेक्ट वर्क भी पूर्ण किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विभिन्न कृषि उर्जा स्त्रोतों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। प्राध्यापक डॉण् सागर नागवंशी एवं डॉण् गगनदीप सिंह पटेल सहित सहायक यंत्री एचण्पीण् गौतम एवं उपयंत्री नवीन कुमार ने महत्पवूर्ण जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों को ट्रैक्टर के फंक्शनए इंजन कंपोनेंट एवं ट्रैक्टर से जुड़ने वाले विभिन्न एग्रीकल्चर इंप्लीमेंट तथा बुवाई में सीड ड्रिलए सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिलए हैप्पी सीडर की कार्यप्रणाली के बारे में अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त किसानों की आय बढ़ाने के लिए एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन की महत्ता तथा कस्टम हायरिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन की नीति संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं शोभा यात्रा के संबंध में बैठक आज



**पन्ना ।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव 30 अप्रैल दिन बुधवार अक्षय तृतीया के दिन विधि विधान के साथ भव्यता पूर्वक मनाया जाएगा कार्यक्रम को भव्यता एवं दिव्यता देने के उद्देश्य से पन्ना नगर के राम जानकी मंदिर में दिनांक 28 अप्रैल शाम 7रू00 बजे बैठक आयोजित की गई है आयोजित बैठक में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव एवं भव्य शोभा यात्रा के संबंध में विस्तृत चर्चा कर रूपरेखा तैयार की जानी है आयोजक समिति ने समस्त ब्राह्मण समाज से अपील की है कि आज शाम 7रू00 बजे श्री राम जानकी मंदिर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनावे भगवान परशुराम प्रकटोत्सव मनाने के लिए 28 अप्रैल को बैठक आयोजित जिसमें जिले के सभी विप्र जनों से अपेक्षा है की निश्चित समय एवं स्थान पर पहुंचकर बैठक को सफल बनाएं एवं कार्यक्रम के लिए सहयोग दें।

# बेसहारा मोतीराम की घर वापसी के लिए एक पुकार



**जागरण, पन्ना ।** आज हमारे समाज की करुण तस्वीर बनकर एक व्यक्ति हमारे बीच आया है। लगभग 50 वर्ष आयु के मोतीराम जीए जो अपने आपको खंडवा जिले की हरसूद तहसील के लिमखेड़ा गांव का निवासी बता रहे हैंए बीते सात. आठ वर्षों से दर.ब.दर की ठोकरें खा रहे हैं। उनका कहना है कि वे सात.आठ साल पहले किसी ठेकेदार के साथ काम की तलाश में आंध्र प्रदेशए कर्नाटक और तमिलनाडु की ओर चले गए थेए लेकिन फिर कभी अपने घर लौट नहीं पाए। अबए वर्षों की भटकन के बादए मोतीराम जी वर्तमान में जमुनहाई ;राजदहारद्धस्थित खड़ेश्वरी आश्रमए में शरण लिए हुए हैं। उनकी हालत बेहद असहाय और दयनीय है। उन्हें यह भी ठीक से याद नहीं कि उनका घर कहां है।मदद के लिए संबंधित सूचना खंडवा और हरसूद में मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन हरसूद इकाई के पूर्व अध्यक्ष वंशीधर अग्रवाल और वर्तमान अध्यक्ष हेमंत जैन के पास पहुंचा दी गई है। सांई रोटी कपड़ा बैंकश् संस्था एवं मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन की ओर से समाज के सभी जागरूक नागरिकों से विनम्रता पूर्वक निवेदन है कि यदि कोई मोतीराम जी के गांव तक या उनके परिजनों तक उन्हें पहुंचाने में मदद कर सकता हैए तो आगे बढ़कर यह पुण्य कार्य करे। सात. आठ वर्षों बाद अपने परिवार से मिलना उनके लिए एक अमूल्य खुशी होगीए और उनके परिजनों के लिए भी। मोतीराम जी स्वयं भी कहते हैं कि उन्हें कहीं भी खाना.पानी मिल जाए तो वे वहीं जीने को तैयार हैंए लेकिन सांई रोटी कपड़ा बैंकश् का मानना है कि एक अंतिम प्रयास अवश्य किया जाए कि वे अपने परिवार से मिल सकेंए अपने खोए हुए जीवन के धागों को फिर से जोड़ सकें। आइएए मानवता की इस पुकार को अनसुना न करें। मोतीराम जी को उनके घर पहुंचाने में अपना योगदान दें।

# निर्माणाधीन सीएम राइस विद्यालय में काम कर रहे 22 वर्षीय मजदूर ने लगाई फांसी



**पलेरा।** स्थानीय नगर के समीप बन्ने बुजुर्ग रोड पर सीएम राइस विद्यालय निर्माण का कार्य चल रहा है। बीते रविवार को बिल्डिंग में काम कर रहे 22 वर्षीय मजदूर ने अज्ञात कारणों के चलते निर्माणाधीन बिल्डिंग की बाउंड्रीवाल के अंदर बनी झुग्गी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार ललितपुर जिले का रहने वाला गौरव वंशकार रोजाना आकर सीएम राइज की निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम करता था। बीते रविवार को भी वह काम पर आया थाए लेकिन आधे दिन की मजदूरी करने के बाद वह अपनी झुग्गी में वापस चला गया। जब काफी समय तक गौरव काम पर वापस नहीं आयाए तब मजदूरो ने बिल्डिंग के पास बनी झुग्गी में उसके शव को फांसी के फंदे पर लटकता देखा। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने नक्शा पंचनामा इत्यादि तैयार करते हुए मृतक के शव को कब्जे में लेकर पीएम कराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। घटना की सूचना पुलिस के द्वारा मृतक के परिजनों को भी दी गई है। फिलहाल पुलिस घटना के कारणो का पता लगाने के लिए जांच में जुटी हुई है।

# वार्ड क्रमांक 8 का विद्युत पोल दे रहा मौत को खुला आमंत्रण

**पवई ।** पवई नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 08ए जहां पर सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भी स्थित हैए वहां गलियों में एक विद्युत पोल जानलेवा खतरा बना हुआ है। पोल न केवल झुक चुका हैए बल्कि उससे बेतरतीब तरीके से बिजली के तार भी लटक रहे हैंए जो हर दिन किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहे हैं। विद्यालय के पास स्थित इस पोल से विद्यालय आने.जाने वाले सैकड़ों छात्र.छात्राओं और राहगीरों की जान को सीधा खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार बिजली विभाग और प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया गयाए लेकिन आज तक कोई उचित कदम नहीं उठाया गया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह पोल अब किसी भी समय गिर सकता हैए जिससे जानमाल का भारी नुकसान हो सकता है। बच्चों और आम नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए लोगों ने मांग की है कि तत्काल इस पोल को हटाकर नया मजबूत पोल स्थापित किया जाए तथा सभी बिजली तारों को सुरक्षित तरीके से व्यवस्थित किया जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो प्रशासन की लापरवाही के चलते एक बड़ी अनहोनी होना तय है।

# सीएम राइज विद्यालय पवई के 30 एनसीसी कैडेट्स ने सफलतापूर्वक पूरा किया वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

**जागरण, पवई ।** सीएम राइज विद्यालय पवई के 30 एनसीसी कैडेट्स ने 4 मध्यप्रदेश इंडिपेंडेंट कंपनी एनसीसी कटनी द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर ;कैम्प नंबर 168द्ध में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालय लौट आए। छात्रों को कटनी से बस द्वारा शिक्षक केण्केण् वर्मा ने रवाना कियाए जबकि विद्यालय पहुँचने पर शिक्षक प्रहलाद नामदेव ने छात्रों को सकुशल घर भेजा। दस दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर के बाद सभी कैडेट्स ने प्रसन्नता व्यक्त की। एनसीसी देश का सबसे बड़ा सरकारी छात्र प्रशिक्षण संगठन हैए जो विद्यालयों और महाविद्यालयों के स्तर पर युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करता है। 4 मण्प्रण् कंपनी यूनिट के कमान अधिकारी कर्नल भदौरिया ने सभी प्रशिक्षित छात्रों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि एनसीसी कैडेट्स विद्यालय स्तर पर श।श् और महाविद्यालय स्तर पर श्ठश् व श्ब्श् प्रमाणपत्र प्राप्त करते हैंए जिनके आधार पर सेनाए पुलिसए नगर सेना सहित विभिन्न सेवाओं में 5 अतिरिक्त अंक और अध्ययन में प्रवेश के समय 10 प्रतिशत बोनस लाभ मिलता है। साथ ही सेना में एनसीसी कोटा के अंतर्गत पद आरक्षित रहते हैं। श्सीश् प्रमाण पत्र प्राप्त कैडेट्स को सेना में विभिन्न पदों की लिखित परीक्षा में छूट व आरक्षण का लाभ मिलता है। इसके अतिरिक्त प्रथम वर्ष में मेरिट प्राप्त कैडेट को 7000 रुपए की श्सहारा छात्रवृत्तिश्ए यूनिट से श्बेस्ट कैडेट अवॉर्डश् और सम्मान राशि भी प्रदान की जाती है। इस वर्ष पवई से कैडेट नामदेव को श्बेस्ट कैडेट अवॉर्डश् और 1500 रुपए की राशि सागर डिवीजन की ओर से प्रदान की गई।अब सीएम राइज विद्यालयों एवं पवई महाविद्यालय में एनसीसी की नियमित गतिविधियाँ शीघ्र ही शुरू होने वाली हैं। एनसीसी युवाओं को हर परिस्थिति में प्रशिक्षित कर अच्छा नागरिक बनाती है और श्एकता और अनुशासनश् के सिद्धांत पर राष्ट्र निर्माण में योगदान देती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी एनसीसी के महत्व को रेखांकित करते हुए इसके व्यापक विस्तार पर बल दिया है।

# खेतों में लगी आग की लपटों में घिरी महिला जली, हुई मौत

**रीवा।** नरवाई जलाने के चक्कर में खेतों में कटी हुई रखी गेहूं की फसल भी जलकर नष्ट हो गई। इसी आग की लपटों के बीच घिरी एक महिला भी बुरी तरह से झुलस गई। उसे संजय अस्पताल लाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। यह घटना सतना जिले के कोटर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खम्हरिया में हुई। जहां आगजनी की घटना के दौरान खेत में राई का बोझा लेने गई महिला बुरी तरह से झुलस गई। घटना के संबंध में मृतका जनकलली सिंह उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम खम्हरिया के पति राजीव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को दोपहर वह दोनों खेत से राई का बोझा घर ले जा रहे थे। इस दौरान जनकलली जब दूसरी बार राई का बोझा लेने खेत में गई तो देखा कि तेज आंधी चल रही है और कटे गेहूं की खेत में फैली फसल पर आग लग गई है।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरुकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना




**टीकमगढ़।** आज दिनांक 27ध्04ध्2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से कृषक सहयोग संस्थान द्वारा संचालित जागरूकता रथ को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किया गया रवाना, पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा आज दिनांक 27ध्04ध्2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से श्बाल विवाह रोकथाम श् हेतु कृषक सहयोग द्वारा संचालित जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता हेतु रवाना किया गया पुलिस अधीक्षक द्वारा इस अवसर पर बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत बनाने हेतु उक्त जागरूकता रथ को रवाना किया जा रहा है इसके माध्यम से संदेश दिया जा रहा है कि लड़की की 18 वर्ष से कम उम्र एवं लड़के की 21 वर्ष से कम उम्र में शादी न की जाए एबाल विवाह के विरुद्ध भारत सरकार द्वारा कानून बनाया गया है जिसमें बाल विवाह में शामिल सभी परिवारजन पर वैधानिक कार्यवाही कर जेल पहुंचाया जा सकता है । अतः भारत को बाल विवाह मुक्त कराने हेतु आमजन को जागरूक करने हेतु जागरूकता रथ के माध्यम से बाल विवाह की सूचना नजदीकी पुलिस थाना एवं संबंधित संस्था को देने की अपील की गई । इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक दिलीप पांडेएरक्षित निरीक्षक कैलाश पटेलएथाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पंकज शर्माएउप निरीक्षक मयंक नगायचएसहायक उपनिरीक्षक अजय मिश्रा सहित पुलिस अधिकारीध्कर्मचारी एवं एनजीओ संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# आज ग्वालियर में आयोजित होगी संविधान बचाओ रैली



**पन्ना ।** पन्ना जिला कांग्रेस के सह प्रभारी भूपेंद्र राहुल ने आज जिले के पवई ब्लॉक में बैठक कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से ग्वालियर संविधान बचाओ रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर जिला कांग्रेस प्रभारी पन्ना संजय यादव की सहमति से पन्ना जिले की पवई मुख्यालय में 28 अप्रैल को ग्वालियर में आयोजित होने वाली संविधान बचाओ रैली के तहत कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने के लिए प्रेरित किया। उक्त बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष माखन पटेलए पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अजय देव बुंदेला सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# पवई के ग्राम गणेशगंज में जोगनी माता दिवाला परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन



**जागरण, पवई ।** श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथावाचक गुरुवर श्री हरि शरण दास महाराज द्वारा निर्गुण ब्रम्ह व सगुण ब्रम्ह व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि जिस प्रकार दूध में घी कहा है दिखाई नहीं देता पर आवश्यकता दोनों की हैं घी की पूर्ति दूध नहीं कर सकता दूध की पूर्ति घी नहीं कर सकता उसी प्रकार ब्रम्ह है हमें दोनों रूप में ईश्वर की आवश्यकता है गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज.धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध.बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जानेए उनसे प्रेम करने का भाव तो जागाए लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान हैए जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थीए जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली उमाशंकरपठक की ओर से आकर्षक वेश.भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के साथ.साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया। इस सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन कृष्ण बिहारी द्विवेदी करा रहे है ।

# पुलिस कंट्रोल रूम का केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार एवं एसपी ने किया भूमि पूजन



**जागरण, टीकमगढ़ ।** पुलिस लाइन परिसर में रविवार को एक नए पुलिस कंट्रोल रूम का निर्माण होगा। रविवार शाम केंद्रीय मंत्री डॉण् वीरेंद्र कुमार ने एसपी मनोहर मंडलोई और पुलिस स्टाफ के साथ भूमि पूजन किया।इस कंट्रोल रूम का निर्माण 1ण्75 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। इसमें एक विशाल कॉन्फ्रेंसिंग रूम भी बनाया जाएगा।वर्तमान कंट्रोल रूम छोटा होने के कारण बैठकों में सीमित लोग ही शामिल हो पाते हैं। नए कंट्रोल रूम में पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ आम नागरिकों की बैठकों में भी पर्याप्त जगह उपलब्ध होगी।

**एक साल में बनकर तैयार होगा पुलिस कंट्रोल रूम :** एसपी मनोहर मंडलोई ने बताया कि गृह विभाग ने निर्माण के लिए राशि जारी कर दी है। मध्य प्रदेश पुलिस हाउसिंग बोर्ड को निर्माण का कार्य सौंपा गया है। एक वर्ष के भीतर नया कंट्रोल रूम तैयार हो जाएगा। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्माए विवेक चतुर्वेदीए अरविंद खटीकए राजकुमार यादवए राजू व्यासए एसडीओपी राहुल कटरेए दिलीप पांडेए आरआई विशाल मालवीयए यातायात प्रभारी कैलाश पटेलए सूबेदार उत्तम सिंह और देहात थाना प्रभारी चंद्रजीत सहित पुलिस अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

# एनटीपीसी सिंगरौली में वनिता समाज के वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन





**जागरण शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में वनिता समाज के वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन स्थानीय मनोरंजन केंद्र में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजीव अकोटकर परियोजना प्रमुख श्रीमती पीयूषा अकोटकर अध्यक्षा वनिता समाज एवं सभी अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्वलन गणेश वंदना एवं स्वागत गीत से किया गया। अपने स्वागत सम्बोधन में श्रीमती श्रीमती पीयूषा अकोटकर अध्यक्षा वनिता समाज ने सभी उपस्थित जनों को कार्यक्रम में उपस्थित के लिए आभार प्रकट किया। उन्होने सभी वनिता समाज की सदस्याओं को इस कार्यक्रम में बढ़.चढ़ कर के प्रतिभागिता करने के लिए बधाई दी। इस कार्यक्रम में वनिता समाज की सदस्याओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया एवं सभी उपस्थित द्वारा प्रतिभागिताओं का हौसला बढ़ाया गया। तदुपरान्त बॉलीवुड नृत्य कविता पाठन गेम्स क़व्वाली राजस्थानी नृत्य रेट्रो नृत्य आदि की रंगारंग प्रस्तुति से प्रतिभागिताओं द्वारा सभी का मन मोह लिया गया। इस अवसर पर श्रीमती सुषमा कुशवाहा सचिव वनिता समाज द्वारा वनिता समाज की वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव अकोटकरपरियोजना प्रमुख ने वनिता समाज द्वारा प्रस्तुति कौशल को सराहा एवं एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा निरंतर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया एवं वनिता समाज को इसी प्रकार से समाज कल्याण हेतु कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जोसफ बास्टियन महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण सिद्धार्थ मण्डल अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन वनिता समाज की वरिष्ठ सदस्याएं एनटीपीसी सिंगरौली के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुषमा कुशवाहा सचिव वनिता समाज श्रीमती नीतू चंद्रा सांस्कृतिक सचिव श्रीमती स्वाति गुप्ता खेल सचिव द्वारा किया गया। श्रीमती रश्मि सिंह बाल भवन प्राभरी द्वारा सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# निगम अमले ने की शहर में लगे अवैध होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई

## बिना अनुमति शहर में होर्डिंग्स लगाने वालों पर होगी कार्रवाई



**जागरण बैढ़न।** नगर निगम आयुक्त डी के शर्मा के द्वारा निगम के अतिक्रमण प्रभारी को शहर के विभिन्न चौक चौराहों प्रमुख स्थलों पर बिना अनुमति लगाए गए अवैध होर्डिंग को तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देश के परिपालन में निगम के अतिक्रमण प्रभारी डी .के सिंह के द्वारा निगम के अतिक्रमण अमले के साथ शहर में लगे अवैध होर्डिंग को हटाने की ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू की गई है। निगम अमले के द्वारा विगत दिवस रात्रि के समय माजन मोड़ से लेकर इंद्रा चौक नवजीवन विहार के बीच लगे अवैध होर्डिंग को हटाने की कार्रवाई गई है। इस संबन्ध में नगर निगम आयुक्त शर्मा के द्वारा निर्देश दिए गए है कि नगरीय क्षेत्र में निगम द्वारा अनुमित मिलने के बाद ही निर्धारित साईज के अनुसार ही होर्डिंग लगाया जाएगा। बिना अनुमति के शहरी क्षेत्र में होर्डिंग लगाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के साथ ही संबंधितों के विरुद्ध थ्पत भी दर्ज कराई जाएगी। निगमायुक्त ने अतिक्रमण प्रभारी को निर्देश दिए हैं कि शहर में जहा भी अवैध होर्डिंग लगाए गए है उनको तत्काल हटाने की कार्रवाई कर पालन प्रतिवेदन दिया जाना सुनिश्चित करें।

## स्वामी विवेकानंद अंडर 20 राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए सचिन ताम्रकार का चयन

**जागरण बैढ़न।** स्वामी विवेकानंद अंडर 20 राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता नारायणपुर छत्तीसगढ़ के लिए सचिन ताम्रकार का नेशनल मैच के लिए जिला छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के द्वारा चयन किया गया है जिला छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के सचिव डॉक्टर डी जी गांधी के निर्देश पर जिला छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के द्वारा 30 खिलाड़ियों चयन किया गया था जिसमें जिला फुटबॉल संघ छत्तीसगढ़ के द्वारा नारायणपुर स्टेडियम में 30 खिलाड़ियों कैंप का आयोजन किया गया था जिसमें छत्तीसगढ़ के कोच लामसर के द्वारा कैंप का आयोजन कराया गया है जिला छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के द्वारा 18 खिलाड़ियों का चयन किया गया है जिसमें जिला सिंगरौली के एक खिलाड़ी सचिन ताम्रकार का भी चयन हुआ है सचिन ताम्रकार पहले राजमाता चुन कुमारी स्टेडियम में खेलते थे उसके बाद अदानी अकैडमी अंबिकापुर में उनका सिलेक्शन किया गया था इसके बाद जिला छत्तीसगढ़ के द्वारा आज अंडर 20 नेशनल मैच में भी चयन किया गया है सचिन एक डिसिप्लिन खिलाड़ी है आज उनका सिलेक्शन स्वामी विवेकानंद अंडर 20 राष्ट्रीय नेशनल मैच के लिए किया गया है।

# पुलिस अधीक्षक ने किया थाना नवानगर का वार्षिक निरीक्षण




**सिंगरौली।** आज को पुलिस अधीक्षक सिंगरौली श्री मनीष खत्री द्वारा थाना नवानगर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निरीक्षण थाना मालखाना, शस्त्रगार, रिकार्ड रूम, हवालात आदि चेक किया गया, निरीक्षण के दौरान थाना में संधारित होने वाले रजिस्टरों को चेक किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान श्री मनीष खत्री ने पुलिस स्टाफ को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, जनता से सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने थाना में आने वाले आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान पर भी विशेष बल दिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी एवं समस्त स्टाफ को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग एवं संवेदनशील रहते हुए बेहतर पुलिसिंग के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्होंने आगामी समय में कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के लिए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक श्री पी एस परस्ते थाना प्रभारी नवानगर श्री ज्ञानेंद्र सिंह एवं सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# समस्त मतदान केंद्रों पर सुना व देख गया प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**जागरण बैढ़न।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रत्येक मास अंत के रविवार को प्रसारित होने वाला मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले भर के मतदान केंद्रों में देखा व सुना गया। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व तथा जिला मंत्री पूनम गुप्ता के प्रभार मे यह कार्यक्रम सम्पूर्ण जिले के 26 मंडलों मे स्थित 985 बूथों पर आयोजित हुआ। मन की बात कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह चितरंगी के मतदान केंद्र क्र. 96 पंचायत राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह चितरंगी के मतदान केन्द्र क्र. 97 सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह बैढ़न मंडल के मतदान केन्द्र क्र. 129 पूर्व विधायक रामलल्लू वैश्य ने सिंगरौली मंडल के मतदान केन्द्र क्रमांक 20 सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह को बैढ़न के मतदान केन्द्र क्र.129 मे उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह तथा कार्यक्रम प्रभारी पूनम गुप्ता विंध्य नगर मंडल के मतदान केंद्र क्र.181 पर उपस्थित रहे तथा मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम के बाद बूथ समिति की बैठक ली तथा कार्यकर्ताओं से सांगठनिक विषयों पर चर्चा भी की।



# आशिक मिजाजी में फंसा रायपुर कर्चुलियान थाना का हेड कांस्टेबल

## पीड़िता से फोन पर अश्लील बातें करने का ऑडियो हुआ वायरल

## पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर दर्ज कराई शिकायत



जागरण, रीवा

जिले के रायपुर कर्चुलियान थाने में पदस्थ एक हेड कांस्टेबल आशिक मिजाजी के आरोप में बुरी तरह घिर गया है। उक्त आशिक मिजाज हेड कांस्टेबल का एक फोन ऑडियो कॉल सोशल मीडिया में भी जमकर वायरल हो रहा है। ऑडियो कॉल में अश्लील बातें करने की रिकॉर्डिंग की गई है। दावा किया जा रहा है यह वायरल ऑडियो हेड कांस्टेबल द्वारा पीड़िता से फोन पर की गई बातचीत के दौरान का है। आरोप है कि पीड़िता द्वारा थाने में दर्ज कराई गई एफआईआर की जांच के बहाने हेड कांस्टेबल ने पहले घर जाकर बयान दर्ज किए फिर फोन कर उससे अश्लील बातें की गई हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पीड़िता युवती द्वारा इस पूरे मामले की शिकायत भी दर्ज कराई गई है। यह मामला अब तेजी से तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उसका पुराना पारिवारिक विवाद चल रहा है, जिसमें उसकी चाची आए दिन उसे, उसके भाई एवं उसके पापा को परेशान करती है और झूठे मुकदमे में फंसाने की कई बार कोशिश भी की गई है। उसके द्वारा दिये गये शिकायती पत्र के मुताबिक पिछले दिनों हुए विवाद की शिकायत लेकर वह रायपुर कर्चुलियान थाने पहुंची थी। शिकायत करने के बाद थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक संतोष सिंह ने उसका मोबाइल नंबर लिया। बाद में वह मुझसे अश्लील बातें करने लगे और कहने लगे कि हम आपका काम करेंगे तो हमें मजदूरी दोगी या नहीं। इतना ही नहीं, फोन पर बातचीत के दौरान कई तरह की अश्लील बातें भी की गईं। फिलहाल प्रधान आरक्षक के फोन कॉल से तंग आकर पीड़िता पुलिस अधिकारियों के पास पहुंची और लिखित शिकायत की है। मुख्यालय डीएसपी हिमाली पाठक ने बताया है कि फरियादी लड़की द्वारा रायपुर कर्चुलियान थाने में पदस्थ हेड कांस्टेबल के विरुद्ध फोन कॉल के दौरान अश्लील बातें करने की शिकायत की गई है। लड़की की शिकायत पर मामले को जांच में लिया गया है और उसके बयान दर्ज करने के उपरांत ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बाल विवाह रोकने के लिए उड़नदस्ता दल गठित

**मऊगंज।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह को चिन्हित कर उनके रोकने की कार्यवाही के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया है। अनुभाग मऊगंज में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के साथ सीईओ जनपद, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, बीएमओ, बीईओ तथा थाना प्रभारी मऊगंज और नईगढ़ी को उड़नदस्ता दल में शामिल किया गया है। इसी प्रकार अनुभाग हनुमना में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सीईओ जनपद हनुमना, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, बीएमओ, बीईओ तथा थाना प्रभारी हनुमना उड़नदस्ता दल में शामिल किए गए हैं। यह दल विकासखण्ड स्तर पर बाल विवाह में सेवा देने वाले सेवा प्रदाताओं, कोर ग्रुप के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों से कार्यशाला के माध्यम से संवेदीकरण कर बाल विवाह में अपनी सेवाएं न देने की अपील करेंगे। कलेक्टर ने अंतर्विभागीय समन्वय से जिले में बाल विवाह न करने का परामर्श देने व बाल विवाह की सूचना कंट्रोल रूम, पुलिस थाना, चाइल्ड लाइन, एसडीएम कार्यालय तथा परियोजना कार्यालय में देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि भ्रमण के दौरान बाल विवाह प्रतिशोध अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए बाल विवाह की रोकथाम की समुचित कार्यवाही करें।

# सेमरिया पुलिस के हत्थे चढ़ा नशे का बड़ा तस्कर

## 65.01 लीटर अवैध शराब व 37 नग नशीली आनरेक्स कफ सिरप बरामद




**जागरण, रीवा।** जिले की सेमरिया पुलिस द्वारा नशीली कफ सिरप एवं अवैध शराब की तस्करी करने वाले कुख्यात आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से 65.01 लीटर अवैध शराब व 37 नग नशीली आनरेक्स कफ सिरफ बरामद बरामद की गई है। आरोपी की पहचान सागर कुशवाहा पिता भोला प्रसाद कुशवाहा उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम करमई थाना सेमरिया जिला रीवा के रूप में की गई है। आरोपी के विरुद्ध एन.डी.पी.एस.एक्ट एवं आबकारी एक्ट के तहत अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। घटना की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक श्रृंगेश सिंह राजपूत ने बताया कि शुक्रवार को मिली मुखबिर से सूचना पश्चात उप निरीक्षक लंकेश वर्मा हमराह स्टाफ के साथ रेड कार्यवाही करने पहुंचे तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसका नाम पता पूछा गया तो अपना नाम सागर कुशवाहा पिता भोला प्रसाद कुशवाहा उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम करमई थाना सेमरिया जिला रीवा का होना बताया। उसकी दुकान एवं दुकान के पीछे वाले कमरे की तलाशी ली गई तो दुकान के अंदर रखे लकड़ी के काउंटर के नीचे एक नीले रंग की सीमेंट की बोरी में 37 नग अवैध नशीली आनरेक्स कफ सिरप एवं 65.01 लीटर अवैध देशी शराब, अग्रेजी शराब एवं बीयर बरामद की गई। जब्त नशे की सामग्री की कीमत 52,989 रुपये आंकी गई है। पुलिस द्वारा पूरी नशे की सामग्री जब्त कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना परिजनों की दी गई एवं आरोपी के विरुद्ध एन.डी.पी.एस.एक्ट एवं आबकारी एक्ट की धाराओ के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी सागर कुशवाहा को जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी सागर कुशवाहा के विरुद्ध अवैध शराब बिक्री के पूर्व में भी अपराध पंजीबद्ध हैं।

# कैंडल मार्च निकालकर आतंकवाद का फूंका पुतला



**हनुमना, नि.प्र.।** पाकिस्तान के आतंकियों द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में भारतीय नागरिकों टूरिस्ट की निर्मम हत्या की गई उसके विरोध में हनुमना नगर के सभी नागरिकों ने मिलकर कैंडल मार्च निकाला । इस दौरान समस्त नगर के गणमान्य नागरिकों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर शहीदों को नमन किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कैंडल मार्च नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए हनुमना के धर्मशाला पर समाप्त हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सैकड़ों की तादाद पर नगर वासियों ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद का फूंका गया। पुतला इसी के साथ शहीदों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। नगर परिषद के अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता ने कहा कि देश की सुरक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले जवानों की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने सरकार से आतंकी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग भी की। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी देखने को मिली, जिन्होंने 'शहीदों अमर रहें' और 'भारत माता की जय' पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे नारे लगाकर माहौल को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया

# भाजपा मंडल अतरैला ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**अतरैला नि.प्र.।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा पर्यटकों पर किए गए कायराना हमले के विरोध में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल अतरैला द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कैंडल जलाकर दिवंगत पुण्य आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही घायलों को जल्द से जल्द स्वस्थ लाभ मिले ऐसी ईश्वर से प्रार्थना की गई और पाकिस्तान के कायराना हरकत की घोर से घोर निंदा की गई। श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम के दौरान अतरैला मंडल के मंडल अध्यक्ष आदरणीय शालिकराम साहू ने हमलावरों की निंदा की। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सालिक राम साहू मण्डल अध्यक्ष अतरैला, लक्ष्मण प्रसाद सोनी भाजपा नेता, पुष्पराज सिंह बघेल पूर्व मण्डल अध्यक्ष, रामसिया वर्मा मण्डल महामंत्री, नरेंद्र मिश्रा, मण्डल उपाध्यक्ष गुलाब गुप्ता, रघुबीर साहू रणजीत तिवारी, जय गणेश सोनी, प्रमोद पयासी, किशोरीलाल मिश्रा, सुरेंद्र तिवारी, सुरेश आचार्य, सच्चिदानंद पाण्डेय, बब्बू जायसवाल सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 08 | 06 | 02 | 12 | 1.104 |
| मुंबई | 10 | 06 | 04 | 12 | 0.119 |
| दिल्ली | 08 | 06 | 02 | 12 | 0.657 |
| बेंगलुरु | 09 | 06 | 03 | 12 | 0.482 |
| पंजाब | 09 | 05 | 03 | 11 | 0.177 |
| लखनऊ | 10 | 05 | 05 | 10 | -0.325 |
| कोलकाता | 09 | 03 | 05 | 07 | 0.212 |
| हैदराबाद | 09 | 03 | 06 | 06 | -1.103 |
| राजस्थान | 09 | 02 | 07 | 04 | -0.625 |
| चेन्नई | 09 | 02 | 07 | 04 | -1.302 |

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| सूर्यकुमार यादव(मुंबई ) | 427 |
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 417 |
| निकोलस (लखनऊ) | 404 |
| विराट कोहली (बेंगलुरु) | 392 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| जोश हेजलवुड (बेंगलुरु) | 17 |
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 16 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 14 |
| ट्रेंट वोल्ट (मुंबई) | 13 |



## बाउंड्री मीटर



753 छक्के
1354 चौके
88 अर्धशतक

मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार ने आईपीएल में 4,000 रन भी पूरे किए। उन्होंने यह उपलब्धि महज 2714 गेंदों पर हासिल की। सूर्यकुमार ओवरऑल तीसरे स्थान पर हैं, जिसने सबसे तेजी से आईपीएल में 4000 रन पूरे किए हैं।

### मैच-45 : मुंबई ने लखनऊ को 54 रन से हराकर दर्ज की लगातार 5वीं जीत, तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंची

# मुंबई इंडियंस की 150वीं जीत



**174** विकेट जसप्रीत बुमराह ने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए हासिल किए। मुंबई इंडियंस के लिए सर्वाधिक विकेट लेने के मामले में उन्होंने लसिथ मलिंगा (170) को पीछे छोड़ दिया है।

**आईपीएल में मुंबई के लिए सबसे ज्यादा विकेट**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| बुमराह | 139 | 174 |
| मलिंगा | 122 | 170 |
| हरभजन | 136 | 127 |
| मैक्लेनघन | 56 | 71 |

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई इंडियंस ने रविवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स को 54 रन से हराकर तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया। मुंबई की इस सीजन लगातार पांचवी जीत थी, साथ ही आईपीएल में यह उनकी 150वीं जीत है। मुंबई पहली ऐसी टीम है, जिसमें आईपीएल में इस आंकड़े को छुआ है। हमेशा की तरह धीमी शुरुआत के बाद लय पकड़ने वाली मुंबई 10 मैच में 12 अंक लेकर गुजरात (आठ मैच में 12 अंक) से नीचे बनी हुई है। लखनऊ 10 अंक से छठे स्थान पर है। मुंबई ने लीग मैच में पहली दफा लखनऊ को हराया है। सूर्यकुमार यादव (54) इस आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने अपने तीसरे अर्धशतक के साथ 400 रन का आंकड़ा पार किया। रिकलटन (58) ने 25 गेंद में आईपीएल में अपना दूसरा अर्धशतक जड़ा। रिकलटन ने विल जैक्स (29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन की भागीदारी निभाई, जिससे मुंबई ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 215 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में लखनऊ जसप्रीत बुमराह (चार विकेट), ट्रेंट बोल्ट (तीन विकेट) और विल जैक्स (दो विकेट) के झटकों से 20 ओवर में 161 रन पर आउट हो गई।

■ यह पांचवीं बार है, जब मुंबई ने किसी सीजन लगातार पांच मैच जीते हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच जीतने का रिकॉर्ड मुंबई के ही नाम है। दूसरे स्थान पर सीएसके है, जिन्होंने इस टूर्नामेंट में 140 मैच जीते हैं। मुंबई की आईपीएल 2025 में शुरुआत अच्छी नहीं रही थी, लेकिन टीम की जीत की लय पकड़ ली है और लगातार पांच मैच जीते हैं। यह सात प्रयास में पहली बार है, जब मुंबई ने ग्रुप चरण में लखनऊ को हराया है। इससे पहले उसे इस टीम के खिलाफ एकमात्र जीत आईपीएल 2023 के एलिमिनेटर में मिली थी।

### स्कोर बोर्ड

**मुंबई इंडियंस : 215/7 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकलटन का. बदोनी बो. राठी | 58 | 32 | 6 | 4 |
| रोहित का. प्रिंस बो. मयंक | 12 | 5 | 0 | 2 |
| विल जैक्स का. प्रिंस | 29 | 21 | 3 | 1 |
| सूर्यकुमार का. मार्श बो. आवेश | 54 | 28 | 4 | 4 |
| तिलक का. प्रिंस बो. बिश्नोई | 6 | 5 | 1 | 0 |
| हार्दिक यादव बो. यादव | 5 | 7 | 0 | 0 |
| नमन धीर नाबाद | 25 | 11 | 2 | 2 |
| कॉर्बिन का. पूरन बो. आवेश | 20 | 10 | 2 | 1 |
| दीपक चाहर नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 5, **कुल :** 20 ओवर में सात विकेट पर 215 रन, **विकेट पतन :** 1-33, 2-88, 3-116, 4-137, 5-157, 6-180, 7-208, **गेंदबाजी :** मयंक यादव 4-0-40-2, प्रिंस यादव 4-0-44-1, दिग्वेश राठी 4-0-48-1, रवि बिश्नोई 4-0-41-1, आवेश खान 4-0-42-2.

**लखनऊ सुपर जाएंट्स : 161/10 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्श का. तिलक बो. बोल्ट | 34 | 24 | 3 | 2 |
| मार्कराम का. धीर बो. बुमराह | 9 | 11 | 2 | 0 |
| पूरन का. सूर्यकुमार बो. जैक्स | 27 | 15 | 1 | 3 |
| पंत का. कर्ण बो. जैक्स | 4 | 2 | 1 | 0 |
| बदोनी का. जैक्स बो. बोल्ट | 35 | 22 | 2 | 2 |
| मिलर का. कॉर्बिन बो. बुमराह | 2 | 4 | 0 | 0 |
| अब्दुल समद बो. बुमराह | 2 | 4 | 0 | 0 |
| रवि बिश्नाई बो. कॉर्बिन | 13 | 14 | 0 | 2 |
| आवेश खान बो. बुमराह | 0 | 1 | 0 | 0 |
| प्रिंस यादव नाबाद | 4 | 9 | 0 | 0 |
| दिग्वेश राठी बो. बोल्ट | 1 | 3 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 8, **कुल :** 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 161 रन, **विकेट पतन :** 1-18, 2-60, 3-64, 4-110, 5-135, 6-141, 7-142, 8-142, 9-157, 10-161, **गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-20-3, दीपक चाहर 3-0-38-0, बुमराह 4-0-22-4, विल जैक्स 2-0-18-2, कर्ण शर्मा 2-0-25-0, हार्दिक 1-0-10-0, बोश 4-0-26-1.

# त्रिकोणीय सीरीज : भारत ने श्रीलंका को नौ विकेट से हराकर की शानदार शुरुआत

### प्लेयर ऑफ द मैच प्रतिका रावल का अर्धशतक, स्नेह राणा ने झटके तीन विकेट



**कोलंबो, जेएनएन।** भारतीय महिला टीम ने रविवार को त्रिकोणीय सीरीज के वर्षा बाधित पहले वनडे मैच में श्रीलंका को नौ विकेट से हराकर शानदार शुरुआत की। बारिश के कारण मैच शुरू होने में तीन का घंटे का विलंब हुआ और इसे 39 ओवर का कर दिया गया। भारत ने श्रीलंका की पारी को 38.1 ओवर में 147 रन पर समेट दिया। ऑफ स्पिनर स्नेह राणा और बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी ने आठ-आठ ओवर के अपने कोटे को पूरा करते हुए क्रमशः 31 रन पर तीन और 26 रन पर दो विकेट चटकाए। अनुभवी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने भी 5.1 ओवर में 22 रन देकर दो विकेट चटकाए। भारत ने 29.4 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर आसानी से इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। अनुभवी स्मृति मंधाना (43) ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई जिसके बाद प्रतिका रावल (नाबाद 50) और हरलीन देओल (नाबाद 48) ने 95 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। भारत का अगला मुकाबला 29 अप्रैल को दक्षिण अफ्रीका से होगा। इस साल आयरलैंड के खिलाफ 154 रन की पारी खेलने वाली प्रतिका ने अपने सातवें वनडे में अर्धशतक जड़ शीर्ष क्रम पर अपना दावा मजबूत किया। इस 24 साल की खिलाड़ी ने अपनी बल्लेबाजी में पूरी परिपक्वता दिखाई। उन्होंने मंधाना के साथ पहले विकेट के लिए 59 गेंद में 54 रन की साझेदारी के दौरान संयमित बल्लेबाजी की। मंधाना के आउट होने के बाद उन्होंने अपनी स्ट्राइक रेट में सुधार करते हुए हरलीन के साथ 120 गेंद में 95 रन की अटूट साझेदारी की। उन्होंने 62 गेंद की अपनी पारी में सात चौके लगाये जिसमें कुछ शानदार कवर ड्राइव शामिल थे। मंधाना ने 52 गेंद की पारी में छह चौके जड़े। रालव ने 30वें ओवर में एक रन के साथ लगातार चौथा अर्धशतक पूरा किया जबकि हरलीन ने चौके साथ टीम को 149 रन पर पहुंचा कर जीत दिला दी। हरलीन ने 71 गेंद की नाबाद पारी में चार चौके लगाये। मंधाना के आउट होने के बाद श्रीलंका के गेंदबाज कुछ समय के लिए रनगति पर अंकुश लगाने में सफल रहे लेकिन छोटे लक्ष्य के कारण भारतीय बल्लेबाजों पर किसी तरह का दबाव नहीं था। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाया और यहां के आर प्रेमदास स्टेडियम में श्रीलंकाई बल्लेबाजों को जमने का मौका नहीं दिया। बीस साल की श्री चरनी ने अपने पहले मैच में प्रभावित किया और अपने आठ ओवरों में सिर्फ 26 रन देकर दो विकेट चटकाए। मध्यम गति की गेंदबाज काश्वी सुदेश गौतम का भी यह पहला अंतरराष्ट्रीय मैच है। वह हालांकि विकेट चटकाने में नाकाम रही लेकिन उन्होंने किफायती गेंदबाजी करते हुए आठ ओवर में 28 रन दिये। श्रीलंका की ओर से कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। हसिनी परेरा ने 46 गेंदों में 30 रन बनाए जबकि कविशा दिलहारी ने 26 गेंदों में 25 रन का योगदान दिया। हसिनी के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत करने वाली कप्तान चमारी अथापथु (सात) पारी की शुरुआत में नाकाम रहीं। विकेटकीपर अनुष्का संजीवनी (22) और अचिनी कुलासूर्या (17) ने नौवें विकेट के लिए 32 रन की साझेदारी करके टीम के स्कोर को 145 के पार पहुंचाने में अहम योगदान दिया। यह श्रीलंका की पारी की सबसे बड़ी साझेदारी साबित हुई। श्रीलंका के लिए माल्की मदारा और पियूमी वथसला ने पदार्पण किया है।

## हार से जूझ रही राजस्थान का सामना जोश से भरी गुजरात से



**जयपुर, जेएनएन।** आईपीएल 2025 में लगातार पांच मुकाबले हार चुकी राजस्थान रॉयल्स का सामना सोमवार को गुजरात टाइटंस से जयपुर में होगा। शानदार फॉर्म में चल रही गुजरात की टीम आठ मैचों में छह जीत और बेहतर नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर है, वहीं पिछले साल क्वालिफायर तक पहुंची राजस्थान की टीम नौ मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ अंक तालिका के दूसरे हिस्से में संघर्ष कर रही है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए सात मुकाबलों में भी गुजरात का पलड़ा भारी है और राजस्थान ने इसमें से सिर्फ एक मैच जीता है। जयपुर में हुए दोनों टीमों के बीच दो मुकाबलों में तो गुजरात ने ही दोनों मैचों मे बाजी मारी है। कप्तान शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात लगातार अच्छा कर रही है। अब तो उनके अहम बल्लेबाज जॉस बटलर भी फॉर्म में लौट आए हैं। उनके शीर्ष तीन बल्लेबाज राजस्थान की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। दूसरी ओर राजस्थान के लिए आगे का सफर मुश्किल हो चला है। टीम नौ मैचों में केवल दो ही मैच जीत पाई है और अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। टीम के लिए इस सीजन कुछ भी सही नहीं जा रहा है। कप्तान संजू सैमसन पिछला मैच भी नहीं खेले थे और उम्मीद है कि शायद वह यह मैच भी नहीं खेलेंगे। अब तो राजस्थान को अपनी साख के लिए गुजरात का सामना करना होगा।

### सुदीरमन कप : भारत पहले मुकाबले में डेनमार्क से हारा

**शियामेन (चीन), जेएनएन।** पीवी सिंधू और एचएस प्रणय जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की हार के झटके से उबरने में नाकाम रही भारतीय टीम को बीडब्ल्यूएफ सुदीरमन कप फाइनल्स में ग्रुप डी के अपने पहले मैच में रविवार को डेनमार्क के खिलाफ 1-4 से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। इंडोनेशिया और इंग्लैंड के साथ एक कठिन ग्रुप में रखे गए भारत को अपनी क्वालिफिकेशन उम्मीदों को जीवित रखने के लिए मजबूत शुरुआत की जरूरत थी, लेकिन टीम ऐसा करने में विफल रही। डेनमार्क ने पांच मैचों के मुकाबले के पहले तीन मैच जीतकर 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। भारत की सबसे बड़ी उम्मीद प्रणय और सिंधू अपने-अपने मैच सीधे गेमों में हार गए। तनिषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी ने भारतीय अभियान की शुरुआत की, लेकिनजेस्पर टोफ्ट और अमाली मैगेलुंड की दुनिया की सातवें नंबर की जोड़ी से 13-21, 14-21 से हार गई। प्रणय इसके बाद दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को कड़ी टक्कर नहीं दे सके।

## खेल एक नजर

### इस्लामाबाद में होने वाले एशियाई वॉलीबॉल टूर्नामेंट से हटा भारत

**लाहौर, जेएनएन।** पाकिस्तान वॉलीबॉल महासंघ (पीवीएफ) ने रविवार को कहा कि भारत ने अगले महीने इस्लामाबाद में होने वाले मध्य एशियाई वॉलीबॉल प्रतियोगिता से अपना दल हटा लिया है। पीवीएफ के अधिकारी अब्दुल अहद ने कहा कि भारत ने 28 मई से जिन्ना परिसर में शुरू होने वाली चैंपियनशिप के लिए 22 खिलाड़ियों सहित 30 सदस्यीय टीम भेजने की पुष्टि की थी। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे, जिससे दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ गया है। अहद ने कहा, भारतीय वॉलीबॉल अधिकारियों ने क्षेत्रीय संस्था को सूचित किया है कि उनकी सरकार ने पहलगाम में हुई घटना के बाद टूर्नामेंट के लिए उन्हें जारी किए गए एनओसी (अनापत्ति पत्र) को रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा, यह जानकर निराशा हुई कि भारत ने चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है और उनकी जगह अफगानिस्तान या श्रीलंका की टीम लेगी। इस प्रतियोगिता में ईरान, तुर्कमेनिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान की टीमें हिस्सा लेंगी।

### पाकिस्तान क्रिकेट लीग में शामिल भारतीय स्वदेश लौटे

**कराची, जेएनएन।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार को 23 भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी की सुविधा प्रदान की जो पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के प्रोडक्शन और प्रसारण टीम का हिस्सा थे। पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच कूटनीतिक और सीमा तनाव बढ़ने के बाद पाकिस्तान सरकार ने पाकिस्तान में सभी भारतीय नागरिकों को 30 अप्रैल तक देश छोड़ने के लिए कहा था। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों को आतंकवादियों ने गोली मार दी थी। पीसीबी के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि पीएसएल मैचों के प्रोडक्शन और प्रसारण के लिए पाकिस्तान में मौजूद 23 भारतीय नागरिकों को वापस भेज दिया गया है। अधिकारी ने कहा, सभी भारतीय नागरिक लाहौर से वाघा सीमा के रास्ते स्वदेश लौट आए। भारतीय कैमरामैन और तकनीशियनों को कंपनी ने काम पर रखा है जो पीएसएल मैचों का प्रोडक्शन और प्रसारण कर रही है। अधिकारी ने कहा कि प्रसारण की गुणवत्ता को प्रभावित नहीं होने देने के लिए कंपनी ने भारतीयों की कमी को पूरा करने के लिए विदेशी और स्थानीय कैमरामैन तथा तकनीशियनों को काम पर रखा है।

### एएफसी चैम्पियंसः रोनाल्डो की अल नसर ने मैरिनोस को हराया

**जेद्दा (सऊदी अरब), जेएनएन।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अगुआई में सऊदी अरब की टीम अल-नसर ने एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के क्वार्टर फाइनल में जापान के योकोहामा एफ. मैरिनोस को 4-1 से शिकस्त दी। 40 साल के रोनाल्डो ने मैच के 38वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना आठवां गोल किया। मौजूदा सत्र में यह उनका 33वां गोल है। इससे पहले एस्टन विला से 100 मिलियन डॉलर से अधिक में इस साल जनवरी में अनुबंधित हुए जॉन डुरान ने 27वें मिनट में गोल कर अल-नसर का खाता खोला, जबकि सादियो माने ने इसके चार मिनट के बाद टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। डूरान ने दूसरे हाफ (49वां मिनट) में अपना दूसरा गोल कर टीम को 4-0 की बढ़त दिला दी। एंडरसन लोपेस ने पांच बार की चैंपियन जापान की टीम के लिए सांत्वना गोल किया। सेमीफाइनल में अल-नसर का मुकाबला कतर के अल-साद और जापान के कावासाकी फ्रेटेल के बीच खेले जाने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

# बार्सिलोना ने रिकॉर्ड 32वां कोपा डेल रे खिताब जीता



■ बार्सिलोना ने इस सत्र में रियाल मैड्रिड के खिलाफ जो तीन मैच खेले हैं, उन सभी में उसे जीत मिली। उसने पिछले साल अक्टूबर में ला लिगा के मैच में रियाल मैड्रिड को 4-0 से हराया था। इसके बाद उसने जनवरी में स्पेनिश सुपर कप फाइनल में 5-2 से जीत हासिल की थी।

**सेविले, जेएनएन।** जूल्स कौंडे के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से बार्सिलोना ने कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड को 3-2 से हराकर इस सत्र में तिहरा खिताब जीतने की तरफ कदम बढ़ाए। राइट बैक कौंडे ने लुका मोड्रिक के पास पर 116वें मिनट में यह गोल किया, जिससे बार्सिलोना रिकॉर्ड 32वां कोपा डेल रे खिताब जीतने में सफल रहा। बार्सिलोना इसके अलावा चैंपियंस लीग और स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा का खिताब जीतने की दौड़ में भी बना हुआ है। बार्सिलोना चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल के पहले चरण में बुधवार को इंटर मिलान का सामना करेगा। वह ला लिगा में भी रियाल मैड्रिड से चार अंक आगे शीर्ष पर काबिज है। पेड्रि गोंजालेज ने ला कार्टुजा स्टेडियम में 28वें मिनट में बार्सिलोना को बढ़त दिलाई। रियाल मैड्रिड ने दूसरे हाफ में दो गोल करके बढ़त हासिल की। किलियन एमबापे ने 70वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद खेल के 77वें मिनट में मिडफील्डर ऑरेलियन टचौमेनी के हेडर से गोल करके स्कोर 2-1 से रियाल मैड्रिड के पक्ष में कर दिया। बार्सिलोना की तरफ से फेरान टोरेस ने 84वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को अतिरिक्त समय तक खींच दिया।

### एस्टन विला को हराकर क्रिस्टल पैलेस तीसरी बार एफए कप फाइनल में

**लंदन, जेएनएन।** क्रिस्टल पैलेस ने इस्माइला सा के दो गोल की मदद से वेम्बली स्टेडियम में एस्टन विला को 3-0 से हराकर तीसरी बार एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। क्रिस्टल पैलेस इससे पहले 1990 और 2016 में इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा था, लेकिन दोनों अवसरों पर उसे मैनचेस्टर युनाइटेड ने हरा दिया था। इस्माइला सा की मदद से खेल के 31वें मिनट में एबेरेची एजे ने गोल करके क्रिस्टल पैलेस से को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद उन्होंने 58वें और फिर स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में गोल करके अपनी टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। क्रिस्टल पैलेस 17 मई को होने वाले फाइनल में मैनचेस्टर सिटी या नॉटिंघम फॉरेस्ट से भिड़ेगा।

## टी-20: डीआरपी एकादश और हमीदिया स्पोर्ट्स की टीम जीती



**भोपाल, खेप्र।** डीआरपी एकादश और हमीदिया स्पोर्ट्स ने द्वितीय वैभव चांदेकर स्मृति विभागीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने-अपने मुकाबले में जीत दर्ज की। नेहरू नगर पुलिस लाइन मैदान पर डीआरपी एकादश ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 160 रन बनाए। मुर्तजा अली ने नाबाद 45, जबकि कप्तान नितेश वैकर और शलभ श्रीवास्तव ने एकसमान 28-28 रन बनाए। आईईसीसी के आदित्य सिंह और दीपेश पाल ने 3-3 विकेट झटके। जवाब में आईईसीसी की टीम 9 विकेट खोकर 128 रन ही बना सकी। अथर्व खांडेलवाल ने 34 और सोहेल चाउस ने नाबाद 27 रन बनाए। शलभ ने 3 विकेट झटके। कॉर्पोरेट वर्ग में हमीदिया स्पोर्ट्स ने विधि सेतु को 4 विकेट से हराया। विधि सेतु 18.2 ओवर में 145 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम के हेमंत शाक्य ने 49 और शंटी दुबे ने 32 रन बनाए। हमीदियाके सबिर ने 3, जबकि यासिर खान और विजय सिंह ठाकुर ने 2-2 लिए। जवाब में हमीदिया स्पोर्ट्स ने 17.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। दिवांशु यादव ने 46 और राशिद अंसारी ने 41 रन बनाए। विधि सेतु के विजय सिंह ठाकुर ने 2 विकेट हासिल किए। शलभ श्रीवास्तव और दिवांशु को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# मप्र के खिलाड़ियों ने चौथे दिन जीते 12 स्वर्ण

**भोपाल।** मेजबान मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 35वीं राष्ट्रीय जूनियर व सब जूनियर कैनो स्प्रिंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे दिन आठ स्वर्ण, तीन रजत व तीन कांस्य सहित 12 पदक जीते। वहीं केरल और ओडिशा ने दो-दो स्वर्ण पदक जीते है। मप्र पदक तालिका में शीर्ष पर मौजूद है। मप्र के खिलाड़ियों ने 18वीं राष्ट्रीय पैरा कैनो में चार स्वर्ण, तीन रजत व दो कांस्य सहित नौ पदक जीते है। छोटी झील पर खेली जा रही चैंपियनशिप में 200 मी. सब जूनियर बालक वर्ग के-2 में मप्र के वांगथोई व येभाबा की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। के-4 में मप्र के इशान, वांगथोई, देवजीत व येभाबा की चौकड़ी और सी-1 बालक वर्ग में मप्र के सुधीर कुमार ने स्वर्ण पदक जीता। सब जूनियर बालिका वर्ग में मप्र की भाग्यश्री व निहारिका सिंह की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीते, के-4 में मानवी, भाग्श्री, स्नेहा व नीलू ने की चौकड़ी ने रजत पदक जीता। वहीं 5000 मी. में मप्र के आदित्य ने स्वर्ण, महिला वर्ग में रूकमणी ने स्वर्ण, कृष्णा ने रजत पदक जीते। मिक्स्ड में मासूमा व प्रिंस ने जोडी ने स्वर्ण तथा रोहन व चंद्रकला की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीते।



### पूजा, प्राची, मनीष व संजीव ने जीते स्वर्ण पदक

पैरा खिलाड़ी पूजा ओझा ने वीएल 1 इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। वहीं पैरा ओलिंपियन प्राची यादव ने वीएल-2 इवेंट में मप्र को स्वर्ण पदक दिलाया। संजीव कोटिया ने पुरुष वर्ग के केएल-2 में स्वर्ण पदक जीता। मनीष कौरव ने केएल-3 में स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की संगीता राजपूत ने वीएल-3 इवेंट में स्वर्ण पदक जीता।

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 29 अप्रैल को

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में भोपाल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आमजनों की शिकायतों का निराकरण करेंगे। यह कार्यक्रम 29 अप्रैल को शाम 5 बजे आयोजित किया गया है।

### एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के संबंध में बैठक आज

**सतना।** सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में 28 अप्रैल को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में सतना एयरपोर्ट की लम्बाई बढाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने संबंधित अधिकारियो को बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिये गये है।

# 63 लीटर अवैध शराब जप्त, तीन आरोपी गिरफ्तार, कार भी जप्त

## मैहर टीआई अनिमेश द्विवेदी ने कार्यवाही को दिया अंजाम

**जागरण सतना**

अवैध शराब बिक्री करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 63 लीटर अवैध शराब जप्त करने में मैहर टीआई अनिमेश द्विवेदी ने सफलता पाई है। यह कार्यवाही एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर मैहर पुलिस ने की है। कार्यवाही में पुलिस ने अवैध शराब ढोने वाले वाहन को भी जप्त कर लिया है।



### ये है मामला

पुलिस को मुखबिर से 27 अप्रैल को सूचना मिली थी कि रामपथ गमन मार्ग सतना से मैहर की ओर मारुति ऑल्टो कार क्रमांक एमपी 19 सीए 4282 में तीन व्यक्ति अवैध शराब लिए मैहर की ओर आ रहे हैं पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु टीम रवाना हुई। एवम रामपथ गमन मार्ग पर पेट्रोलिंग करते हुए उमरीपैला मोड़ के पास मारुति ऑल्टो कार क्रमांक एमपी 19 सीए 4282 मिलीए जिसकी तलाशी लेने पर कार में से 45 ली देशी प्लेन शराब एवम 18 ली गोवा शराब बरामद हुई। जिसके संबंध में आरोपीगण के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए।पुलिस के द्वारा उक्त शराब एव घटना में प्रयुक्त वाहन जप्त करते हुए आरोपी प्रिंस अहिरवार अतुल पाण्डेय एवम सुखेंद्र मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है और आरोपीगण के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

### ये आरोपी गिरफ्तार

प्रिंस अहिरवार पिता शंकर अहिरवार उम्र 21 साल निवासी देवधरा तालाब के पास मैहर ,सुखेन्द्र मिश्रा उर्फ जित्तू पिता रामाश्रय मिश्रा उम्र 34 साल निवासी ग्राम मडई थाना नादन जिला मैहर, अतुल पाण्डेय पिता रमेश पाण्डेय उम्र 23 साल निवासी पुरानी बस्ती मलियान टोला मैहर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 31 हजार 5 सौ रूपये कीमत की 63 लीटर अवैध शराब जप्त की गई है। इस कार्यवाही में टीआई अनिमेश द्विवेदी के अलावा अशोक सिंह , अनिल त्रिपाठी, संजय तिवारी , सहित अन्य की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# मैहर में भारतीय मजदूर संघ की जिला कार्यकारिणी घोषित



**जागरण मैहर।** भारतीय मजदूर संघ ने मैहर जिले में अपनी नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। वरिष्ठ कार्यकर्ता और श्रमिक हितों के लिए कई दशकों से संघर्षरत कांधीलाल बुनकर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रभारी रविन्द्र मिश्रा विभाग पदाधिकारी मगन लाल सहित अन्य वरिष्ठजनों की सहमति से कार्यकारिणी का गठन किया गया।घोषित कार्यकारिणी के अनुसार कैलाश कछवाह को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पुरुषोत्तम पटेल और विजय मिश्रा को उपाध्यक्ष मनोज शुक्ला को जिला मंत्री तथा सुरजीत सिंगरहा को सह मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दिलीप सिंह पटेल और विपुल सिंह परिहार मंत्री राजकुमार विश्वकर्मा कोषाध्यक्षए कल्पना सिंह विधि सलाहकारए प्रशांत शुक्ला मीडिया प्रभारीए और अरविंद सेन कार्यालय मंत्री बनाए गए हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में चंद्रवती साकेत, विमला सिंह, प्रद्युम्न कोरी, भोला प्रसाद तिवारी, किरण सेन, हेमा शुक्ला, रानी कुशवाहा, शिवकुमार केवट, सलमा बेगम और समीम बानो शामिल हैं। संगठन के मुख्य सलाहकार की भूमिका कमल श्रीवास्तव निभाएंगे।

## नरवई जलाने पर एसडीएम नागोद ने 14 गावों के 57 व्यक्तियों पर की कार्यवाही

**सतना।** कलेक्टर डा सतीश कुमार एस के निर्देश पर एसडीएम नागोद जितेंद्र वर्मा ने नागोद अनुविभाग से नरवाई जलाने की घटना को गंभीरता से लिया है। एसडीएम ने जिला मजिस्ट्रेट सतना द्वारा जारी निसेधज्ञा का उल्लंघन पाए जाने पर नागोद के 14 गावो के 57 व्यक्तियों पर कार्यवाही करते हुए नोटिस जारी की है।एसडीएम ने संबंधी जनों को 29 अप्रैल को समक्ष में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने सतना जिले के नागोद में नरवाई जलाने की कुल 110 घटनाए प्रकाश में आने पर संबंधित हल्का के पटवारियों एऔर कृषि विभाग के एस ए डी ओ को भी नोटिस जारी कर घटना के संबंध में पंचनामा बनाने और प्रकरण बनाने की कार्यवाही नहीं करने की वजह पूछी है।एसडीएम जितेंद्र वर्मा ने इन गावो में नरवाई जलाने की घटना पर संज्ञान नही लेने और किसी प्रकार की सूचना नही देने पर संबंधित ग्राम पंचायत के सचिवों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए सी ई ओ जिला पंचायत को पत्र लिखा है।

## कलेक्टर एवं एसपी ने किया चित्रकूट में बैसाखी अमावस्या मेले का निरीक्षण

**जागरण सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने रविवार को जिले के प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थस्थल चित्रकूट पहुंचकर बैसाखी अमावस्या मेले की सुरक्षा एवं भीड नियंत्रण के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मोहकम गढ़ तिराहे से पीली कोठी तक बनने वाली टू लेन सड़क के निर्माण कार्य का अवलोकन किया और कार्य में तेजी लाकर समय-सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता चित्रकूट के घाटों, कामतानाथ मंदिर, परिक्रमा स्थल सहित विभिन्न प्रमुखों चौराहें, आवागमन के मार्गों और स्थानों का भ्रमण कर निगरानी करते रहे।

# राज्यमंत्री बराज और पोड़ंधा कला में जल गंगा संवर्धन अभियान में हुई शामिल



**जागरण सनता।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने रविवार को रैगांव विधानसभा क्षेत्र के सोहावल जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत पोइंधा कला एवं बराज में जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम में सहभागिता कर ग्रामवासियों के साथ जल संरक्षण, संवर्धन और स्वच्छता के संकल्प को साझा किया। इस अवसर पर उन्होंने बराज और पोइधा कला के तालाब जीर्णोद्धार कार्य में सामूहिक श्रमदान किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह, एसडीएम एलआर जांगड़े, नायब तहसीलदार राजेश सिंह, सीईओ जनपद प्रतिपाल बागरी, सहायक यंत्री रोहित, प्रबंधक आजीविका मिशन स्वेता सिंह, सरपंच और ग्राम वासी उपस्थित रहे। राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि जल गंगा अभियान न केवल जल स्रोतों के पुनर्जीवन का संकल्प है, बल्कि भावी पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने का भी एक पवित्र प्रयास है। हम सब को मिलकर अपने जल स्रोतों का संरक्षण और हर घर जल, हर खेत जल के संकल्प को साकार करना है। उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्ग जन जीवन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखते थे। इसलिए शहर और गांव की बसाहट नदियों के किनारे की गई। पानी जीवन के लिए महत्वपूर्ण होने के साथ पहली आवश्यकता भी है।पहले के समय में गांव के तालाब और नदियों में बारह महीने भरपूर जल रहता था। यह अभियान जन जागृति और जनसहयोग और भागीदारी का है। इस अभियान में सभी अपनी भागीदारी देकर अपने खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में ही रोकने का प्रयास करे।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल ने कहा कि हमारे पुरखे अपने खेतों और बड़े-बड़े बांधों में तीन महीने बरसात का पानी रोककर रखते थे। उनके बनाए गए तालाब, कुंआ, बावड़ी आज भी जीवंत है। जिस गांव के तालाब गर्मियों मे पानी से भरे रहते है, उन गावो के हैंडपंप और कुंए सूखा नही करते। जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह ने कहा कि बरसात का पानी नहीं रोककर और भू जल के अनियंत्रित दोहन से भूजल स्तर गिरा है। आज आवश्यक हो गया है कि जलस्रोत का पुनर्जीवन और बर्षा के जल का पुनर्भरण किया जाए। इसके लिए सभी हैंडपंप और नलकूपों में रिचार्ज पिट की सरंचना जल के पुनर्भरण में सहायक हो सकती हैं। जनपद सीईओ प्रतिपाल बागरी ने बताया कि ग्राम पंचायत नीमी के ग्राम बराज और पोइधकला के इन पुराने तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य बिरला कार्पोरेशन सतना के सीएसआर मद और मनरेगा योजना से कराए जा रहे हैं। बरसात में दोनों तालाबों की मेड़ पर पीपल, नीम, बरगद जैसे बृक्षो का रोपण भी किया जायेगा।

## एकेएस के तीन छात्रों का मूवीड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड में कैंपस सिलेक्शन

**जागरण सतना।** प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल हेड बालेंद्र विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ऋषि कुमार विश्वकर्मा, एमबीए फाइनेंस एंड मार्केटिंग, रितिक साहू बीकॉम कॉमर्स और रोशनी सिंह एमकॉम कॉमर्स को मूवीडू कंपनी के एचआर मैनेजर ने त्रिस्तरीय चयन प्रक्रिया में सिलेक्ट किया। उन्होंने बताया कि एकेएस यूनिवर्सिटी सतना के स्टूडेंट का विभिन्न कंपनियों में निरंतर प्लेसमेंट हो रहा है। सभी संकाय के स्टूडेंट्स को इसका निरंतर लाभ भी मिल रहा है। मि विश्वकर्मा ने मूवीडू के बारे में जानकारी दी उन्होंने कहा कि यह एक अनूठा प्लेटफ़ॉर्म है जो उद्योग शिक्षा जगत को जोड़ता है और पूरे भारत में माइक्रोसॉफ्ट लाइसेंस प्रदान करता है । साथ ही यह कंपनियों के लिए पाइपलाइन में प्रतिभाओं को ढूंढना नियुक्त करना और उनसे जुड़ना आसान बनाते हैं यह सभी परियोजना को बहुत कम लागत पर बनाने में मदद करते हैं। स्टूडेंट्स का सिलेक्शन शानदार पैकेज के साथ नोएडा के लिए हुआ है। विश्वविद्यालय के प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनी मैनेजमेंट विभाग अध्यक्ष डॉ कौशिक मुखर्जी एवं सभी संकाय के डीनए डायरेक्टर्स और फैकल्टीज ने स्टूडेंट्स की निरंतर प्रगति की कामना कामना करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी है। स्टूडेंट्स ने अपने सिलेक्शन का श्रेय अपने माता.पिता के आशीर्वाद और विश्वविद्यालय की उन्नत शैक्षणिक व्यवस्था और ट्रेनिंग आधारित प्रणाली को दिया है।

## तुअर फसल उपार्जन के लिए पंजीयन 30 अप्रैल तक

**सतना।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर तुअर फसल का उपार्जन किया जायेगा। सतना एवं मैहर जिले के कृषक तुअर के उपार्जन के लिये ई-उपार्जन.एउचमचंतरंदण्दपबण्पद पोर्टल पर 30 अप्रैल 2025 तक पंजीयन करा सकते है।

# मौसम का मिजाज बदला, चली तेज हवाए, कहीं-कहीं पानी की बौछारे भी



**जागरण सतना।** रविवार की दोपहर मौसम ने अचानक करवट बदली। सतना में लगभग 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी आंधी चली और हल्की बूंदाबांदी हुई। मैहर में पानी की बौछारे भी गिरी । मौसम के करवट लेने से तकरीबन 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट तापमान में आई है। तेज हवाओं और धूल भरी आंधी के कारण शहर और ग्रामीण इलाकों की बिजली गुल हो गई। न्यूनतम तापमान 28.02 डिग्री और अधिकतम तापमान 36 डिग्री दर्ज किया गया। तेज हवाओ के चलते कई लोगो के टपरे उड़ गये ।

**बिजली ने रूलाया :** मौसम का मिजाज बदलते ही बिजली ने भी अपना रूप दिखाया ।दोपहर से बिजली गुल हो गई। शहरी क्षेत्र में बिजली के हालात बदतर दिखाई पडे वहीं ग्रामीण क्षेत्रो में बिजली के खम्बो को भी नुक्सान पहुचने की खबरे सामने आ रही है।

# गस्त के दौरान पुलिस ने तामील किये 26 वारंट

## 7 स्थाई तो 19 गिरफ्तारी वारंट , कार्यवाही में शामिल




**जागरण सतना।** मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस ने काम्बिंग गस्त के दौरान धमाकेदार कार्यवाही कर 26 वारंट तामील किया है। इतना ही नही इस दौरान 27 निगरानी , 24 गुंडा बदमाशो एवं जेल से रिहा हुये चार अपराधियों को भी पुलिस ने चेक किया है। 26 और 27 अप्रैल की दरमियानी रात मैहर पुलिस ने यह अभियान चलाकर बडी कार्यवाही की है। कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस बल द्वारा सम्पूर्ण जिले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी निगरानी गुण्डा बदमाशों एवम जेल से रिहा आरोपियों को चैक किया गया। कॉम्बिंग गश्त के दौरान कुल 26 वारंट तामील कराये गये जिसमें से 7 स्थाई एवं 19 गिरफ्तारी वारंट शामिल है। वर्ष 2001 के हत्या के प्रयास के प्रकरण का वारंटी राधेश्याम चौरसिया निवासी चौरसिया मोहल्ला पुरानी बस्ती मैहर को पुलिस ने गिरफ्तार किया । इसके साथ ही 27 निगरानी 24 गुण्डा बदमाश एवम जेल से रिहा 04 अपराधियों को पुलिस के द्वारा गस्त के दौरान चैक किया गया एवम रात्रि में बेवजह घूमने वाले नवयुवकों से पूछताछ कर सख्त हिदायत देकर उनके घर रवाना किया गया।

## खम्हरिया में पराली जलाने से महिला की मौत, पटवारी निलंबित



**जागरण सतना।** कोटर तहसील के ग्राम खम्हरिया में पराली जलाने से उठी भीषण आग में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शासन के निर्देशों के बावजूद हल्का पटवारी कमलेश चौधरी द्वारा समय पर सूचना और कार्रवाई नहीं करने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आर एन खरे ने उन्हें तत्काल निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय कोटर रहेगा और नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।




























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com